रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

www.vananchaleye@gmail com

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्षः01 | अंकः40 | रविवार, 12 अक्टूबर



## ब्रीफ न्यूज

### अरुणाचल में आया 3.5 तीव्रता का भूकंप

एजंसी

इटानगर (एजेंसी) : अरुणाचल प्रदेश में शनिवार को मध्यम तीव्रता का भूकंप आया। सुबह 8:31 बजे आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.5 मापी गयी। अंतिम सूचना मिलने तक किसी के हताहत होने या अन्य नुकसान की खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बताया कि शनिवार सुबह 8:31:35 बजे आए 3.5 तीव्रता के भूकंप का केंद्र पूर्वी कामेंग जिले में 5 किलोमीटर की गहराई पर, 27.52 डिग्री उत्तर अक्षांश और 92.85 डिग्री पूर्व देशांतर पर स्थित था। हालांकि, जिले के कुछ हिस्सों में झटके महसूस किए गए, लेकिन अभी तक किसी भी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है।

### मंत्री इरफान के बेटे पर ₹3,650 का लगा जुर्माना

संवाददाता

रांची:मंत्री डॉ इरफान अंसारी के बेटे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। वीडियो में युवक चलती हुई महिंद्रा एक्सयूवी कार के सनरूफ से बाहर निकलकर खड़ा दिखाई दे रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने नाराजगी जताई और सवाल उठाए कि क्या नियम केवल आम जनता के लिए हैं। कई उपयोगकताओं ने त्वरित कार्रवाई की मांग की। मामले के तूल पकड़ने के बाद रांची उपायुक्त ने घटना का संज्ञान लिया है और जिला परिवहन पदाधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस मामले में कार्रवाई की गई और युवक पर कुल 3,650 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### डिजिटल युग में लड़कियां ज्यादा असुरक्षित : सीजेआई

एजंसी

इटानगर (एजेंसी) :सीजेआई बीआर गवई सुप्रीम कोर्ट की जुवेनाइल जस्टिस कमेटी और यूनिसेफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन सेफगार्डिंग द गर्ल चाइल्ड में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि डिजिटल दौर में लड़कियां नई तरह की परेशानियों और खतरों का सामना कर रही हैं। तकनीक सशक्तिकरण नहीं, शोषण का जरिया बन गई है। सीजेआई गवई ने कहा- लड़कियों के लिए आज ऑनलाइन हैरेसमेंट, साइबर बुलिंग, डिजिटल स्टॉकिंग, निजी डेटा के दुरुपयोग और डीपफेक तस्वीरें बड़ी चिंता बन गई हैं। इन खतरों से बचाने के लिए पुलिस और अधिकारियों को खास ट्रेनिंग देने की जरूरत है, ताकि वे ऐसे मामलों को समझदारी और संवेदनशीलता से संभाल सकें।

# सारंडा जंगल में नक्सलियों ने किया आईईडी विस्फोट, एक जवान शहीद

## खरसावां विधायक दशरथ गागराई के भाई समेत तीन घायल

संवादाता





चाईबासा : पश्चिमी सिंहभूम जिले में सारंडा जंगल में नक्सलियों ने एक बार फिर अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हुए अलग-अलग तीन आईईडी ब्लास्ट किया है। इस विस्फोट में सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर रैंक के एक अधिकारी सहित तीन जवान घायल हो गए।

वहीं, एक जवान शहीद हो गया। तीनों घायल जवानों को राउरकेला अपोलो हॉस्पिटल भेजा गया है। वहीं, दूसरी जगह नक्सलियों ने एक पुलिया को भी विस्फोटक से उड़ा दिया। दोनों घटनाएं शुक्रवार शाम की हैं।जानकारी के अनुसार, जिला पुलिस, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बल के जवान सारंडा के जराईकेला थाना क्षेत्र के सामठा क्षेत्र के बाबूडेरा इलाके में नक्सल विरोधी अभियान चला रहे थे। इसी दौरान घात लगाए नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया, जिसमें सीआरपीएफ 60 बटालियन के इंस्पेक्टर केके मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में जवान जब सारंडा जंगल से निकल रहे थे, तभी अचानक नक्सलियों ने फिर आईईडी विस्फोट कर दिया। इससे खरसावां विधायक दशरथ गागराई के भाई एसआई रामकृष्ण गागराई और हवलदार महेंद्र लश्कर घायल हो गए। यहां से तीनों को अपोलो अस्पताल राउरकेला ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान हवलदार महेंद्र लश्कर शहीद हो गए। इधर 60 बटालियन के कमांडेंट अंबुज मुथाल ने एक जवान के शहीद होने की पुष्टि करते हुए बताया कि सुरक्षा बल नक्सल विरोधी अभियान में थे, इसी दौरान नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया।चाईबासा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद हुए सीआरपीएफ हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर का पार्थिव शरीर शनिवार को रांची स्थित सीआरपीएफ कैंप में लाया गया।

### राज्यपाल ने दी श्रद्धांजलि



## कृषि क्षेत्र के लिए पीएम मोदी ने शुरू की दो बड़ी योजनाएं, कहा-

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दलहन मिशन की भूमिका महत्वपूर्ण

एजेंसी

नई दिल्ली:शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), पूसा में कृषि क्षेत्र के लिए 35,440 करोड़ रुपये की दो प्रमुख योजनाओं-प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने देश के किसानों से गेहूं और चावल के अलावा दालों पर ध्यान केंद्रित करते हुए फसलों में विविधता लाने का आग्रह किया, ताकि प्रोटीन सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और भारत इस क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि घरेलू उत्पादन बढ़ाकर आयात निर्भरता कम करने के लिए दलहन मिशन जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज से दलहन आत्मनिर्भरता मिशन शुरू हो रहा है। यह केवल दाल उत्पादन बढ़ाने का मिशन नहीं, बल्कि हमारी भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाने का अभियान है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश को अब गेहूं और चावल से आगे बढ़कर प्रोटीन आधारित फसलों की दिशा में सोचना होगा।प्रधानमंत्री ने बताया कि इस मिशन के तहत तूर, उड़द और मसूर दाल की पैदावार बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा और दाल की उचित खरीद की व्यवस्था की जाएगी, जिससे करीब दो करोड़ दाल किसानों कोसीधा लाभ मिलेगा।प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह ऐतिहासिक दिन मां भारती के दो महान सपूतों भारत रत्न जयप्रकाश नारायण और भारत रत्न नानाजी देशमुख की जयंती का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा, ये दोनों ही ग्रामीण भारत की आवाज थे, किसानों और गरीबों के कल्याण के प्रति समर्पित थे। ऐसे ऐतिहासिक दिन पर किसानों की आत्मनिर्भरता के लिए दो नई योजनाओं का शुभारंभ देश की कृषि क्रांति का नया अध्याय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने खेती-किसानी को अपने हाल पर छोड़ दिया था,

### घरेलू उत्पादन बढ़ाकर आयात निर्भरता को कम करने के लिए उठाए गए कदम

- अब गेहूं और चावल से आगे बढ़कर प्रोटीन आधारित फसलों की दिशा में सोचना जरूरी
- दाल की उचित खरीद की होगी व्यवस्था, दो करोड़ किसानों को सीधा लाभ मिलेगा
- 35,440 करोड़ रुपये की योजनाओं से किसानों को आगे बढ़ने में मिलेगी मदद
- दाल की खेती के क्षेत्र में 35 लाख हेक्टेयर की वृद्धि करने का रखा गया है लक्ष्य



### जयप्रकाश नारायण व नानाजी देशमुख का स्मरण

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह ऐतिहासिक दिन मां भारती के दो महान सपूतों भारत रत्न जयप्रकाश नारायण और भारत रत्न नानाजी देशमुख की जयंती का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा, ये दोनों ही ग्रामीण भारत की आवाज थे, किसानों और गरीबों के कल्याण के प्रति समर्पित थे। ऐसे ऐतिहासिक दिन पर किसानों की आत्मनिर्भरता के लिए दो नई योजनाओं का शुभारंभ देश की कृषि क्रांति का नया अध्याय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने खेती-किसानी को अपने हाल पर छोड़ दिया था, जिससे कृषि व्यवस्था कमजोर होती चली गई।

### दलहन क्षेत्र में नई क्रांति का आगाज

प्रधानमंत्री ने कहा कि 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाला यह मिशन दलहन क्षेत्र में नई क्रांति लाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि दाल की खेती के क्षेत्र में 35 लाख हेक्टेयर की वृद्धि की जाए, जिससे देश को दालों के आयात पर निर्भर नहीं रहना पड़े। भारत दुनिया का सबसे बड़ा खाद्यान उत्पादक देशों में से एक है, लेकिन दालों के मामले में हमें आत्मनिर्भर होना ही पड़ेगा। गेहूं और चावल से पेट तो भरता है, पर शरीर कोसही पोषण के लिए पर्याप्त प्रोटीन की जरूरत होती है।

## अब वोटर आईडी नहीं होने पर भी डाल सकेंगे वोट

### चुनाव आयोग ने 12 पत्रों को भी किया शामिल



एजेंसी

नई दिल्ली : बिहार सहति देशभर में होने वाले चुनावों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने एक बड़ा कदम उठाया है. कई बार लोगों के पास वोटर आईडी कार्ड नहीं होता है जिसके कारण वो वोट नहीं डाल पाते हैं. लेकिन अब एउकद्वारा उठाए गए कदम से मतदाता अपने वोट का सही इस्तेमाल कर सकेंगे. इन 12 वैकल्पिक पचचान पत्रों से डाला जा सकेगा वोट : जानकारी के अनुसार, अब अगर किसी मतदाता के पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है तो वो भी वोट डाल सकता है. बशर्ते उसके पास 12 वैकल्पिक फोटो पहचना पत्रों में से कोई एक मौजूद हो. आयोग ने 7 अक्टूबर 2025 को अधिसूचना जारी करते हुए स्पष्ट किया कि मतदान केंद्रों मतदाताओं की पहचान को लेकर कोई समस्या न हो, इसके लिए सभी वैध दस्तावेजों को मान्यता दी गई है. आयोग द्वारा ये कदम ग्रामीण इलाके के मतदाताओं, नए मतदाताओं और उन लोगों के लिए राहत साबित होगा जिनका वोटर आईडी कार्ड अब तक नहीं बना है. साथ ही, पर्दानशीं (बुर्का या घूंघट) महिलाओं की सुविधा और गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए महिला मतदान अधिकारियों की विशेष तैनाती का भी प्रावधान किया गया है.इन पहचान पत्रों को किया गया शामिल अब वोट डालने के लिए चुनाव आयो ने इन दस्तावेजों में 12 नए डॉक्यूमेंट्स शामिलम कर दिए हैं. जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक,

# बंगाल में फिर रेप,तीन लोगों ने की दरिंदगी

## दुर्गापुर में मेडिकल स्टूडेंट को कैंपस के बाहर से घसीटकर ले गए जंगल में दिया वारदात को अंजाम, साथ में दोस्त था,वह भाग गया

एजेंसी

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल स्टूडेंट के साथ शुक्रवार को गैंगरेप हुआ। पीड़ित अपने एक पुरुष दोस्त के साथ डिनर पर गई थी। वापस लौटते समय 3 लोगों ने उनका रास्ता रोका। छात्रा का दोस्त उसे छोड़कर भाग गया, जिसके बाद आरोपियों ने उससे दरिंदगी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पीड़ित ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है और दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है। यह घटना मेडिकल कॉलेज कैंपस के बाहर हुई। मेडिकल छात्रा का पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। छात्रा रात करीब 8.30 से 9 बजे बाहर गई थी। रात करीब 10 बजे वापस लौटते समय गैंगरेप की घटना हुई। छात्रा के माता- पिता को देर रात मामले की जानकारी दी गई। वे आज सुबह दुर्गापुर पहुंचे और दुर्गापुर न्यू टाउनशिप थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। छात्रा बोली- आरोपियों ने फोन वापस करने के लिए पैसे मांगे।




# अमेरिका ने भारत के आठ लोगों और उनकी 10 कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी

नई दिल्ली : अमेरिका ने भारत के कुल 8 व्यक्तियों और उनकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। आधिकारिक बयानों के अनुसार, ईरान के ऊर्जा व्यापार में कथित रूप से मदद करने के आरोप में अमेरिका ने भारत स्थित 10 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। दरअसल, गुरुवार को अमेरिका ने ईरान के पेट्रोलियम और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) निर्यात से जुड़े 50 से ज्यायदा व्यक्तियों, संस्थाओं और जहाजों पर कार्रवाई की थी और उन्हें व्यापार करने से रोक दिया। इसी के तहत भारत के 8 लोगों और कई कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि वह ईरान की 'दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों' को सपोर्ट देने वाले पैसे को रोकने के लिए यह कदम उठा रहा है, जबकि ट्रेजरी डिपॉर्टमेंट ने तेहरान के एनर्जी एक्स पोर्ट नेटवर्क को खत्म करने पर जोर दिया। अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने कहा कि प्रतिबंधित किए जाने वाले व्यक्तियों और कंपनियों को चुन लिया गया है और उनकी संपत्ति जब्त की जा सकती है। साथ ही अमेरिकी नागरिकों से कारोबारी लेनदेन भी प्रतिबंधित किया है।



## न्यूज स्टडी

### पटना में नहीं सुलझी एनडीए और 'इंडिया' की गांठ

# अब सीटों के बंटवारे का फैसला 'दिल्ली दरबार' में

संवादादता

पटना / नई दिल्ली : बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए में सीट शेयरिंग का फॉमूर्ला अभी तय नहीं हो सका है। एनडीए में बीजेपी कोटे से शामिल दल चाहे वह चिराग पासवान लोजपा (रामविलास) हो, या फिर महागठबंधन में सीटों बंटवारा पटना में नहीं सुलझी ।जीतन राम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा हो या उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा, सभी दल अपनी उचित हिस्सेदारी की मांग कर रहे हैं। कई बैठकों के बावजूद बात नहीं बनने पर बीजेपी ने सीटों का फामूर्ला सेट नहीं हो पाया है । चिराग पासवान 30 सीटों की मांग कर रहे हैं तो मांझी 10 सीटों की मांग पर अड़ गए हैं। चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा अपनी मांग को लेकर दिल्ली में डटे हुए है बताया जा रहा है कि ल्रअट नेता जीतनराम मांझी सीट शेयरिंग के फॉमूर्ले से नाराज हैं।इसी क्रम में आज एनडीए के सहयोगी जीतनराम मांझी की बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ मीटिंग हुई। बताया जा रहा है कि अगर एनडीए में सीट बंटवारे पर बात नहीं बनती है तो मांझी 15 से 20 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार सकते हैं। 'चुनावी चाणक्य' माने जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मामले को सुलझाने की जिम्मेदारी सौंप दी है। भाजपा की ओर से बताया गया कि एनडीए के सभी सहयोगियों के साथ सीट शेयरिंग की घोषणा आज हो सकती है। इधर महागठबंधन के भीतर सीट बंटवारे को लेकर तनातनी चल रही है। बढ़ते दबाव और अंदरूनी खींचतान के बीच राष्ट्रीय जनता दल ने शनिवार को अपने सभी वरिष्ठ नेताओं की आपात बैठक बुलाई थी।




# बिहार में दें सम्मानजनक सीटें : झामुमो

संवाददाता

रांची। रांची : झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भटटाचार्य ने कहा है कि बिहार चुनाव में पार्टी महागंठबंधन के साथ है। बिहार में जो भी सम्मानजनक सीटें आएंगी, उसपर झामुमो, बिहार चुनाव में महागठबंधन के साथ ही चुनाव लड़ेगा। लेकिन सम्मानजनक सीटें नहीं मिलेंगी, तो झामुमो हाथ में हाथ धरकर बैठने वाला नहीं है। भट्टाचार्य शनिवार को पार्टी के कैंप कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो ने झारखंड चुनाव में भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़के जीतकर साबित कर दिया है कि झामुमो चुनाव लड़ने जानता है। बिहार चुनाव हो या घाटशीला उपचुनाव झामुमो ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन के घटक दल चाहे राजद हो, कांग्रेस या भाकपा माले, पिछले दो बार झारखंड चुनाव में उनको सम्मानजनक सीटें दी थी। लेकिन बिहार के गठबंधन नेताओं को समझना होगा कि जब हमने झारखंड चुनाव में परोस कर दिया तो अब बिहार चुनाव में झामुमो भी परोस कर ही लेगा।झामुमो हाथ में हाथ धरकर बैठने वाला नहीं है। भट्टाचार्य शनिवार को पार्टी के कैंप कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो ने झारखंड चुनाव में भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़के जीतकर साबित कर दिया है कि झामुमो चुनाव लड़ने जानता है।



# राजधानी रांची में चल रहा है धर्मांतरण का खेल ! आदिवासी संगठनों में आक्रोश, रैली का किया आह्वान

**रांची, संवाददाता**



झारखंड में धर्मांतरण का मामला गहराता जा रहा है. आदिवासी समाज से जुड़े कई संगठन अब इसके विरोध में मुखर होने लगे हैं. आदिवासी संगठनों ने इसके विरोध में 23 नवंबर 2025 को रैली निकालने की घोषणा की है. संगठनों की ओर से कई तरह की दलीलें पेश की जा रहीं हैं. खास बात है कि झारखंड में धर्मांतरण रोकने के लिए तत्कालीन रघुवर सरकार ने झारखंड धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2017 पारित कराया था. अब सवाल है कि कानून के होने के बावजूद अवैध तरीके से धर्मांतरण कैसे हो सकता है. जनजातीय सुरक्षा मंच की महिला प्रमुख अंजलि लकड़ा और झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति के अध्यक्ष मेघा उरांव ने धर्मांतरण के मसले को उठाते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका आरोप है कि झारखंड में जोरशोर से गरीबों को बहला फुसलाकर धर्मांतरण कराया जा रहा है. इसके लिए आदिवासी महिलाओं को टारगेट किया जाता है. उनकी बीमारी को ठीक करने के नाम पर बरगलाया जा रहा है. इसी वजह से रांची के नामकुम क्षेत्र के चांद गांव की डेमोग्राफी बदल गई है. कहा जाता है कि धर्मांतरण करने वाले लोग धर्म परिवर्तन नहीं बल्कि मन परिवर्तन करते हैं.

**महुआडांड़ में बमुश्किल एक-दो आदिवासी परिवार बचे**

अंजलि लकड़ा और मेघा उरांव का कहना है कि आदिवासियों की बीमारी और गरीबी की आड़ में धर्म परिवर्तन कराकर लोग आरक्षण का दोहरा लाभ ले रहे हैं. पहले लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, पलामू, गढ़वा, लातेहार में साल में एक या दो बार एक सभा होती थी. लेकिन अब अलग-अलग इलाकों में सप्ताह में दो-दो बार सभा किया जा रहा है. महुआडांड़ में तो सिर्फ एक-दो आदिवासी परिवार बच गये हैं. ज्यादातर ने धर्म परिवर्तन कर लिया है. इसमें प्रशासन से लेकर राजनीतिक क्षेत्र के लोग शामिल हैं. इसकी वजह से इनका मनोबल बढ़ा हुआ है. धर्मांतरण के सभा के नाम जरिए पांचवी अनुसूची के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है.

**नामकुम के चांद गांव की बदल गई है डेमोग्राफी**

अंजली लकड़ा ने ईटीवी भारत को बताया कि नामकुम के चांद गांव से ऐसी व्यवस्था को 15 दिन के भीतर खाली करने को कहा गया था. लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ. लिहाजा, अगले माह 23 नवंबर को तुपुदाना के 10 माइल से थाना तक आदिवासियों की आक्रोश रैली निकाली जाएगी. फिर चांद गांव में जुटकर ऐसी व्यवस्था को खुद हटा दिया जाएगा. इनका कहना है कि अगर लालच देकर धर्मांतरण करना वाले नेटवर्क को खत्म नहीं किया गया तो आने वाले समय में आदिवासियों की पहचान खतरे में पड़ जाएगी. उन्होंने कहा कि 5वीं अनुसूची क्षेत्र में बिना ग्राम सभा की सहमति के कैसे कोई सभा कर रहा है. उन्होंने प्रशासन और सिस्टम की नीयत पर भी गंभीर सवाल खड़े किये. आदिवासी संगठन से जुड़े मोती सिंह बड़ाइक का कहना है कि अगर सभा से ही लोगों की दिव्यांगता ठीक हो जाती, आंखों की रौशनी लौट आती, गंभीर बीमारियां दूर हो जातीं तो फिर बड़े-बड़े अस्पताल खोलने की जरूरत क्यों पड़ती. उनका कहना है कि कुड़मी समाज के लोग आदिवासी बनना चाह रहे हैं जबकि यहां के आदिवासियों को दूसरे धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. लिहाजा, बहकावे में आकर धर्म परिवर्तन करने वालों को वापस आदिवासी धर्म में लाया जाएगा.

# दीपावली-छठ पर बाजारों में बढ़ी रौनक, रंगोली और पूजा सामग्री से सजी दुकानें

**रांची, संवाददाता**



जैसे-जैसे दीपावली और छठ पर्व नजदीक आ रहे हैं, शहर के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है. शनिवार से ही बकरी बाजार, अपर बाजार, मेन रोड और मोरहाबादी की गलियों में खरीदारों से बाजार गुलजार हो रहा है.दुकानों के आगे रंग-बिरंगी सजावट, झिलमिलाती लाइटें और रंगोली सामग्री की चमक लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने लगी है. दीपावली इस वर्ष 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी, जबकि लोक आस्था का महापर्व छठ 25 से 28 अक्टूबर तक संपन्न होगा. इन दोनों त्योहारों के कारण बाजारों में खरीदारी बढ़ने लगी है. रंग बिरंगे दीये, झालर, पटाखे, खिलौने, और उपहार की दुकानों पर भीड़ तेजी से बढ़ने लगी है.वहीं छठ पूजा को लेकर सूप, दऊरा, पंखा और पीतल-बांस की वस्तुएं बाजार मे उतारी जा रही है.

**दीवारों पर चढ़ेगा वाटरप्रूफ रंग का जादू**

दीपावली पर घरों की सजावट के लिए लोग इस बार वाटरप्रूफ रंगों की ओर आकर्षित हो रहे हैं. बाजारों में फिक्सीट पीडी प्रो एलडब्ल्यू, डीआर फिक्सीट डैम्पगार्ड क्लासिक, बरगर सुपर सिलिकॉन सीलेंट, और रेनकॉट न्यो जैसे दर्जनों ब्रांड के पेंट बाजार और दुकानो में उपलब्ध हैं. दुकानदारो बताया कि इन रंगों की मांग पिछले साल की तुलना में लगभग दोगुनी हो गई है, क्योंकि ये बारिश और नमी में भी अपनी चमक बनाए रखते हैं. छठ पर्व की तैयारी जोरों पर है. बकरी बाजार में गुमला, खूंटी, चाईबासा, लातेहार और दुमका से सूप-दऊरा मंगाए जा रहे हैं. सूप की कीमत 80 से 200 रुपये, दऊरा 300 से 700 रुपये, खाचा 150 से 350 रुपये और पंखा 50 रुपये तक बिक रहे हैं. अपर बाजार, पिस्का मोड़ और मेन रोड की दुकानों के बाहर रंगोली पाउडर, कलरफुल दीये, कैंडल, लटकन और झुमर सजाए जा रहे है. चलनी 5 से 72 रुपये, रंगोली पाउडर 20 रुपये, लटकन 70 रुपये जोड़ा, कैंडल 55 से 210 रुपये और झुमर 110 से 550 रुपये तक में मिल रहे हैं।

# झारखंड महिला कांग्रेस की कमान फिर से गुंजन सिंह के हाथों में

**रांची, संवाददाता**



अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की नई प्रदेश कार्यकारिणी और महिला कांग्रेस जिला अध्यक्षों की सूची जारी की. अलका लांबा ने तत्काल प्रभाव से पूर्व की झारखंड राज्य कार्यकारिणी और जिला अध्यक्षों की वर्तमान नियुक्ति को भंग करते हुए देर रात नई प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्ष के नामों की घोषणा कर दी. यह कमेटी तत्काल प्रभाव से लागू है. झारखंड महिला कांग्रेस की कमान फिर से एक बार गुंजन सिंह को ही सौंपी गई है. नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी में अध्यक्ष के अलावा दो वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 11 महासचिव, 07 सचिव एवं 10 जिलाध्यक्ष का नाम शामिल है. नई प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारिणी गठन के बाद अपने संदेश में अलका लांबा ने कहा कि इससे संगठन और अधिक सुदृढ़ एवं सक्रिय होगा. झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता में 11 अक्टूबर को प्रदेश कांग्रेस भवन रांची में नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी समिति एवं जिला अध्यक्षों की एक बैठक आहूत की गई है. झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की फिर से कमान मिलने से उत्साहित गुंजन सिंह ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के विश्वास पर वह और मजबूती से खरा उतरने की कोशिश करेंगी.

## पोस्टर के साथ स्वदेशी अभियान की शुरूआत, बाबूलाल मरांडी ने कहा-

# आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान एक दूसरे के पूरक

**रांची, संवाददाता**



स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी आज से राज्य भर में जागरुकता अभियान की शुरूआत की है. इसके तहत प्रदेश भाजपा कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पोस्टर लॉन्च कर लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को अधिक से अधिक अपने की अपील की. भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के अलावा अभियान के प्रदेश संयोजक एवं महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने राज्यभर में शुरू किए जा रहे स्वदेशी अभियान का स्टीकर, पोस्टर, पम्पलेट, नोट पैड, संकल्प पत्र का लोकार्पण किया. इस अवसर पर मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आत्म निर्भर भारत और स्वदेशी अभियान एक दूसरे के पूरक हैं. स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देकर, स्वदेशी उत्पादों को अपने दैनिक जीवन में अपना कर भारत का प्रत्येक नागरिक देश को 2047 तक आत्मनिर्भर भारत बनाने में बड़ा योगदान दे सकता है. उन्होंने अभियान के मंत्र हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी को अपनाकर इसे जनांदोलन बनाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि भारत का प्राचीन इतिहास गौरवशाली, वैभवशाली रहा है. 125 ईसा पूर्व मौर्यकाल में भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश था. विश्व की जीडीपी के भारत का योगदान 33% था. 16वीं शताब्दी तक विश्व अर्थव्यवस्था में अपनी 24.4% जीडीपी की भागीदारी के साथ भारत विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक क्षेत्र था लेकिन गुलामी की लूट खसोट ने 1947 तक विश्व अर्थव्यवस्था ने भारत के जीडीपी की भागीदारी 4% पहुंच गई. 1947 में विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला भारत सबसे गरीब देशों की श्रेणी में 136वें स्थान पर पहुंच गया. उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी से लेकर बाल गंगाधर तिलक, सरदार पटेल, जैसे नेताओं ने स्वदेशी अभियान को स्वतंत्रता की लड़ाई का हथियार बनाया. भारत की आजादी मे स्वदेशी अभियान का बड़ा योगदान रहा.

**'60 वर्ष में कांग्रेस ने स्वदेशी आंदोलन पर नहीं दिया ध्यान'**

60 वर्षों के शासन में कांग्रेस पार्टी ने स्वदेशी आंदोलन को बल नहीं दिया. आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया गया है जिसे 140 करोड़ जनता के सहयोग से साकार करना है. आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बना है. जिसे तीसरे में जल्द पहुंचने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे. उन्होंने कहा कि आज भारत में मेक इन इंडिया के तहत 667 अरब डॉलर का निवेश आया है.

# भाजपा कार्यकर्ता पीएम से कहें - स्वीट्ज़लैंड की घड़ी, इटली का चश्मा, अमेरिका का फोन इस्तेमाल करना छोड़ें फिर बांटें स्वदेशी पर ज्ञान

**रांची, संवाददाता**



भाजपा के हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के पंपलेट जारी करने पर प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने तंज कसा है. कहा है कि इस पंपलेट को भाजपा कार्यकर्ता देश के प्रधानमंत्री मोदी के पास भी लेकर जाएं. उनसे कहें कि आप स्वीट्जलैंड की घड़ी, जर्मनी का पेन, इटली का चश्मा, अमेरिका का फोन इस्तेमाल करना छोड दें और तब स्वदेशी पर ज्ञान बांटें.

**भाजपा का स्वदेशी नारा सिर्फ दिखावा**

सिन्हा ने कहा कि भाजपा का स्वदेशी नारा सिर्फ दिखावा है. भाजपा के पंचायत से लेकर राष्ट्रीय स्तर के नेता विदेशी उत्पादों का उपयोग करते हैं. भाजपा के मुंह से स्वदेशी सुनना अटपट्टा सा लगता है. स्वदेशी आंदोलन के जनक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को पूजने वाले भाजपा आज स्वदेशी का ढोंग रच रहे हैं. भाजपा के नेताओं से सवाल करते हुए कहा कि उन्हें बताना चाहिए कि अपने 11 साल के शासनकाल के दौरान देश में कितने छोटे और मंझले उद्योगों को बढ़ावा दिया. जिससे स्वदेशी निर्मित हो सके. देश में जो छोटे उद्योग स्वदेशी उत्पाद निर्मित करते थे, उन्हें गलत जीएसटी लगाकर आठ सालों में बंदी के कागार पर पहुंचा दिया.

# मंत्री इरफान अंसारी के पुत्र कृष अंसारी चलती कार के सन रुफ टॉप से खड़े होकर बना रहे थे रील्स ! डीसी ने लिया संज्ञान

**रांची, संवाददाता**



सूबे के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के पुत्र कृष अंसारी फिर से विवादों में घिर गए हैं. इस बार उनका एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वो चलती कार के सन रुफ से बाहर निकल कर हाथ हिला रहे हैं. कई गाड़ियां आगे पीछे दौड़ रही हैं. फिल्मी ट्रेलर की तरह वीडियो को तैयार किया गया है. इस वीडियो की जानकारी मिलते ही रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने जिला परिवहन पदाधिकारी को कार्रवाई करने का निर्देश दे दिया है. बता दें कि यह वीडियो सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहा है. सवाल उठाया जा रहा है कि आम लोग ऐसा करते तो मोटर व्हीकल एक्ट के सेक्शन 184 के तहत एक से दस हजार तक का जुमार्ना या 6 माह की सजा हो जाती.

दरअसल, इसी साल जुलाई माह में कृष अंसारी का एक वीडियो वायरल हुआ था. उसमें वे अपने कुछ दोस्तों के साथ अस्पताल में मरीजों से बात करते दिख रहे थे. मरीज से कह रहे थे कि तकलीफ होगा तो बताइएगा. कृष के कुछ मित्र अस्पताल के स्टाफ से उनका परिचय मंत्री पुत्र के तौर पर करा रहे थे. विवाद बढ़ने पर खुद स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सफाई दी थी. वह अपने पुत्र को लेकर संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर के पास भी गए थे. तब कृष का बचाव करते हुए राधाकृष्ण किशोर ने बयान जारी कर कहा था कि कृष का रील बनाना नादानी हो सकती है. इसको पिता के अधिकारों का दुरुपयोग नहीं कहा जा सकता है. उन्होंने कहा था कि कृष सिविल इंजीनियरिंग के फर्स्ट सेमेस्टर के छात्र हैं. उन्हें 92 प्रतिशत अंक आए हैं. वह ट्यूशन टीचर आदित्य कुमार झा के कहने पर रिम्स गए थे. वहां टीचर के पिता का ऑपरेशन हुआ था. इसी दौरान आसपास के बेड पर जामताड़ा के मरीज थे. उन्हीं से कहा था कि तकलीफ होगी तो बताइएगा. उसी दिन कृष ने एक मरीज को खून भी मुहैया करवाया था. पारस अस्पताल में अपने मित्र के भाई को देखने गए थे. इस मसले को भाजपा ने जोर शोर से उठाया था. इस बीच कृष अंसारी एक नये रील को लेकर फिर से विवादों में आ गये हैं. इसबार खुद रांची के डीसी ने वीडियो की जांच कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दे दिया है.

**भरा जुर्माना**

इधर मामले में कृष अंसारी की माता जी ने कहा है कि उन्होंने 10 हजार का जुमार्ना जमा कर दिया है. कृष देहरादून में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है. यह पुराना वीडियो है. उन्होंने कहा कि इसके लिए कृष के दोस्तों को फटकार भी लगाई है. उन्होंने यह भी कहा कि किसी को कानून तोड़ने की छूट नहीं है.

# कुड़मी की एसटी मांग के विरोध में 12 को महारैली, तैयारी पूरी

**पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे आदिवासी**

**रांची, संवाददाता**



रांची विश्वविद्यालय के सामने 12 अक्तूबर को आदिवासी अस्तित्व बचाओ मोर्चा की ओर से विशाल रैली बुलाई गई है. जिसमें हजारों आदिवासी समाज के महिला-पुरूष पारंपरिक वेशभूषा मे शामिल होंगे. यह रैली पद्मश्री डॉ राम दयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित है. रैली को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है. कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11 बजे से मोरहाबादी मैदान से आक्रोश रैली के शक्ल में शुरू होगी. जिसमें आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और धार्मिक नेता उपस्थित रहेंगे.

**तीन सूत्री मांग को लेकर 17 को प्रभात तारा मैदान में जुटेंगे आदिवासी**

वहीं, कुडमी एसटी मांग के विरोध को लेकर 17 अक्तूबर को आदिवासी हुंकार महारैली आयोजित की गई है. यह रैली आदिवासी बचाओ मोर्चा एवं विभिन्न आदिवासी संगठन के द्वारा बुलाई गई है. यह रैली धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित किया गया है. इस रैली में तीन सूत्री मांग किए जायेंगे. आदिवासियों के संवैधानिक हक अधिकारों पर कब्जा करने का प्रयास बंद हो, राजनीतिक, प्रतिनिधित्व, हिस्सेदारी नौकरी और आरक्षण की मांग को बंद किया जाए. आदिवासियों की गौरवशाली संघर्षशील विद्रोहो के इतिहास पर छेड़छाड बंद करने की मांग करेंगे.

# बाल विकास परियोजना ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**रांची, संवाददाता**



अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बाल विकास परियोजना दुमका सदर के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम गांधी नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बालिकाओं के बीच सामूहिक रूप से केक काट कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमर कुमार अंचलाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी दुमका सदर ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षित व सशक्त होना जरूरी है। इसके लिए लड़कियों की शिक्षा पर जोर देने की जरूरत है। बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी कुप्रथा से भी समाज को बाहर निकलना चाहिए। प्रखंड समन्वयक सुजाता कर्ण के संयोजन में आयोजित उक्त कार्यक्रम में यूनिसेफ की ज्योत्स्ना ने कहा कि आज समाज में बालिकाओं को सुरक्षित व सम्मानित जीवन जीने के लिए गुड टच और बेड टच को समझना जरूरी है।

इसके लिए बालिकाओं को हर जगह सतर्क रहना चाहिए। इसी क्रम में प्रखंड समन्वयक सुजाता कर्ण ने बालिका दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाल विकास परियोजना महिलाओं और बच्चों के साथ साथ किशोरियों पर भी काम करती है इसलिए बदलते समय में बालिकाओं को शिक्षित सशक्त व जागरुक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया जा रहा है।

महिला पर्यवेक्षिका पाले किस्कू ने कहा कि आज कि बालिका जो कल महिला बनकर घर परिवार समाज और देश को चलायेगी उसके लिए अभी से अधिकार और कर्तव्य की जानकारी होनी चाहिए। कार्यक्रम में बालिकाओं ने रोल प्ले के माध्यम से लड़का लड़की में भेदभाव पर आधारित नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। साथ ही सामूहिक रूप से पौधारोपण भी किया गया और सावित्रीबाई फुले योजना के अंतर्गत चयनित लाभुक किशोरियों के बीच प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। प्रखंड स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में संबंधित शहरी वार्ड के तहत संचालित विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविका सहायिका पोषण सखी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं शामिल हुई।

# रांची के दीपावली मेले में 'गांव' ने खींचा सबका ध्यान, झारखंड की परंपरा और संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन

**रांची, संवाददाता**




राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में दीपावली की रौनक इस बार कुछ अलग ही है. झारखंड ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन द्वारा 9 से 13 सितंबर तक आयोजित दीपावली मेला में इस बार कुछ ऐसा है, जो हर आगंतुक के दिल को छू रहा है. एक गांव, जो परंपरा, संस्कृति और सादगी की खुशबू से सराबोर है. मेले के बीचोबीच एक गांव बसाया गया है, जहां मिट्टी की दीवारें हैं, खपरैल की छतें हैं, दीवारों पर पारंपरिक सोहराय पेंटिंग्स सजी हैं और आस-पास गूंज रही है लोकगीतों की मधुर ध्वनि. यह गांव असल नहीं है, लेकिन इसकी आत्मा सजीव है. यह उस झारखंड का प्रतीक है, जो अपनी मिट्टी, मेहनत और परंपरा से पहचाना जाता है.

**गांव की झलक शहर के मेले में**

इस छोटे से गांव के माध्यम से आयोजकों ने झारखंड के ग्रामीण जीवन की सुंदरता, संघर्ष और आत्मनिर्भरता को बखूबी प्रदर्शित किया है. मिट्टी के घर, बांस की बाड़, चरखे और खेत-खलिहान का दृश्य देख ऐसा लगता है, मानो हम किसी गांव की गलियों में चल रहे हो. यहां दशार्या गया है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग किस तरह अपनी मेहनत से जीवन चलाते हैं, आर्थिक रूप से कैसे आत्मनिर्भर बनते हैं और अपने परिवेश के साथ तालमेल बिठाकर प्रकृति से जुड़ाव बनाए रखते हैं.

**झारखंड की परंपरा और हुनर का संगम**

गांव के इस हिस्से में झारखंड की प्रसिद्ध सोहराय पेंटिंग की झलक लोगों को खूब आकर्षित कर रही है. पारंपरिक रंगों से बनी ये पेंटिंग्स सिर्फ सजावट नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति का जीवंत प्रतीक हैं. इसके अलावा, पत्तों से बनाए गए दोना-पत्तल, टोपी, खटिया और अन्य वस्तुएं दर्शकों को यह समझाती हैं कि झारखंडी समाज कैसे सादगी और पर्यावरण के संतुलन के साथ जीवन जीता है. यहां आने वाले बच्चों के लिए यह जगह किसी जीवंत पाठशाला से कम नहीं, जो बच्चे कभी गांव का दृश्य नहीं देख पाए, वे यहां ग्रामीण जीवन के हर पहलू को बारीकी से देख और समझ पा रहे हैं. मिट्टी की खुशबू, पारंपरिक हस्तशिल्प, लोक संगीत और लोगों की आत्मीयता सब कुछ इस मेला-गांव में समाया हुआ है.

**ग्रामीण कलाकारों की सहभागिता**

इस गांव को जीवंत बनाने में झारखंड के सिमडेगा, खूंटी, सरायकेला, चतरा और गुमला जिलों से आए ग्रामीण कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई है. वे अपने पारंपरिक परिधान में अपने हुनर को प्रदर्शित कर रहे हैं. कोई बांस की टोकरी बुन रहा है, कोई मिट्टी के बर्तन बना रहा है तो कोई लोकगीतों पर नाच रहा है. यह सब मिलकर झारखंडी संस्कृति का ऐसा जीवंत चित्र बनाते हैं, जिसे देखकर हर कोई भाव-विभोर हो उठता है.

**दीपावली की झलक गांव के रंग में**

दीपावली के ठीक पहले यह गांव सज-धजकर तैयार है. मिट्टी के घरों पर सफेदी की गई है, दीवारों पर रंगोली और पारंपरिक चित्र बने हैं. महिलाएं अपने हाथों से दीये सजा रही हैं, बच्चे उत्साह में घरों के बाहर झिलमिलाती झालरें टांग रहे हैं. यह दृश्य बताता है कि दीपावली सिर्फ रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि परंपरा, एकता और खुशी का उत्सव है. मेले का यह ग्रामीण कोना सिर्फ आकर्षण नहीं, बल्कि एक संदेश भी है।



### मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने स्वीकृत की राशि

# रांची के तीन बस स्टैंडों पर मिलेंगी एयरपोर्ट जैसी हाईटेक सुविधाएं

- सरकारी बस डिपो की बदलेगा चेहरा
- बिरसा मुंडा बस टर्मिनल में भी दिखेगा बदलाव
- तीनों बस स्टैंड

संवाददाता । रांची

रांचीः

रांची। राजधानी रांची के तीनों प्रमुख बस टर्मिनलों आइटीआई बस स्टैंड, सरकारी बस डिपो और बिरसा मुंडा बस टर्मिनल खादगढ़ा का कायाकल्प अब राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने शहरीकरण के कार्यों में तेजी लाने के क्रम में इन सभी टर्मिनलों के आधुनिकीकरण, नवीनीकरण और जीर्णोद्धार का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री सुदिव्य कुमार ने कुल 48.72 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इसमें आइटीआई बस स्टैंड के लिए 24.77 करोड़, सरकारी बस डिपो के लिए 20.19 करोड़ और बिरसा मुंडा बस स्टैंड के लिए 3.76 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने विभागीय प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार को जुडको के माध्यम से कार्य शीघ्र आरंभ कराने का निर्देश दिया है।

आइटीआई बस स्टैंड अत्याधुनिक सुविधाओं से होगा लैस

वर्तमान में यात्रियों के लिए न्यूनतम सुविधाओं वाले इस बस स्टैंड को आधुनिक रूप में विकसित किया जाएगा।

यह तीन एकड़ क्षेत्रफल में बनेगा, जिसमें 2330 वर्गमीटर ग्राउंड फ्लोर और 880 वर्गमीटर प्रथम तल पर टर्मिनल भवन होगा।

यहां ड्राइवर कैंटीन, मेंटेनेंस शेड, गार्ड रूम, स्लाइडिंग प्रवेश द्वार, प्रतीक्षालय, कार, ऑटो और ई-रिक्शा पार्किंग की सुविधा होगी। प्रथम तल पर रेस्टोरेंट,



प्रशासनिक भवन, टिकट काउंटर, डॉरमेट्री, लॉकर युक्त गेस्ट रूम तथा हरियाली के लिए लैंडस्केपिंग की व्यवस्था रहेगी।

प्रति दिन 416 बसों का परिचालन सुनिश्चित किया गया है।

सरकारी बस डिपो का होगा पुनर्निर्माण

साल 1962 से 1970 के बीच बना यह डिपो अब जर्जर अवस्था में है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इसे 20.19 करोड़ रुपये की लागत से इंडियन रोड कांग्रेस मानकों के अनुसार पुनर्निर्मित किया जाएगा।

नए भवन में 1771 वर्गमीटर ग्राउंड फ्लोर और 845 वर्गमीटर प्रथम तल में सुविधाएं विकसित होंगी। यहां गार्ड रूम, मेंटेनेंस क्षेत्र, डॉरमेट्री, प्रतीक्षालय, फूड कियोस्क, शेडयुक्त बस वे, स्लाइडिंग गेट, कार व ऑटो स्टैंड जैसी सुविधाएं होंगी। आठ बस वे के जरिये रोजाना लगभग 512 बसों का परिचालन होगा।

बिरसा मुंडा बस टर्मिनल खादगढ़ा का जीर्णोद्धारवर्तमान ढांचे को बरकरार रखते हुए इस बस स्टैंड को 3.76 करोड़ रुपये की लागत से और अधिक सुविधाजनक बनाया जाएगा।

11.6 एकड़ में फैले इस परिसर में 31 बस वे, 89 बसों व 70 कारों के लिए पार्किंग, स्मार्ट शेड, 50 बेड की डॉरमेट्री, रेस्टरूम, स्नानागार, गेस्टहाउस, हाइमास्ट लाइट, बाउंड्री वाल और महिला सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

परिसर का लैंडस्केपिंग और सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा।

प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार ने जुडको को निर्देश दिया है कि तीनों बस टर्मिनलों के टेंडर शीघ्र जारी कर कार्य प्रारंभ किया जाए।

इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद रांची के बस टर्मिनल राज्य ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर के मॉडल स्टैंडर्ड पर नजर आएंगे,जहां यात्रियों को सुरक्षा, स्वच्छता और आधुनिक सुविधाओं का बेहतर अनुभव मिलेगा।

#### तीनों बस स्टैंड बनेंगे वर्ल्ड क्लास

तीन बस के लिए 48.72 करोड़ रुपये सरकार ने दिए हैं। जिससे कि इन बस स्टैंड को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस किया जा सके। आईटीआई बस स्टैंड के लिए सरकार ने 24.77 करोड़ दिए हैं। वही सरकारी बस डिपो के लिए 20.19 करोड़ और बिरसा मुंडा बस टर्मिनल के लिए 3.76 करोड रुपये स्वीकृत किए गए हैं ।खादगढ़ा स्थित बिरसा मुंडा बस टर्मिनल में मौजूदा ढांचे को बरकरार रखते हुए जीर्णोद्धार किया जाएगा। 11.6 एकड़ क्षेत्र में फैले इस टर्मिनल पर 3.76 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

# महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं




संवाददाता । रांची

रांची :रांची, 11 अक्टूबर 2025: झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता में आज कांग्रेस भवन, रांची में नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं प्रदेश कांग्रेस कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहु, केदार पासवान उपस्थित हुए। बैठक में विशेष रूप से ह्यह्यवोट चोर गद्दी छोडह्यह्य हस्ताक्षर अभियान को और अधिक गतिदेने के लिए सभी जिलों, प्रखंडों, पंचायतों में भारी से भारी संख्या में हस्ताक्षर कराने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही महिला कांग्रेस कमिटी की मजबूती एवं कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी नवमनोनीत महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि पार्टी में महिला कांग्रेस विंग बहुत महत्वपूर्ण होता है, इसको मजबूत करना अति-आवश्यक है, हमारी महिला बहनें ही घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों एवं सरकार की योजनाओं को बताते हुए लोगों को जोड़ने का काम करती हैं। ह्यह्यवोट चोर गद्दी छोडह्यह्य हस्ताक्षर अभियान हर जिला पंचायत में आयोजित करें यह पार्टी का बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह ने नवमनोनीत प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि ह्यह्यवोट चोर गद्दी छोडह्यह्य हस्ताक्षर अभियान पार्टी का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है इसे पूरी मजबूती के स ाथ जिलों में कार्यक्रम चलाने की जरूरत है। साथ ही महिला कांग्रेस की कार्यक्रम को आयोजित कर संगठन को मजबूत करें। बैठक में मुख्य रूप से पिंकी सिंह, जोसिमा खाखा, सुनिता गोप, मेरी तिर्की, नीतू देवी, सुषमा कुमारी, सुनीता देवी, मंजू जोशी, मीनू सिंह, प्रतिमा कूजूर, उर्मिला केरकेट्टा, बेबी देवी, कंचन चौधरी आदि उपस्थित थीं।

## मेरे नन्हे कदम प्ले स्कूल कांके रोड ब्रांच का उद्घाटन



संवाददाता । रांची

रांची : मेरे नन्हे कदम प्ले स्कूल प्री-प्राइमरी शिक्षा के क्षेत्र में विगत बारह वर्षों से सराहनीय कार्य कर रहा है। 11 ओक्टुबर 2025 को कांके रोड ब्रांच का उद्घाटन मंत्री संजय सेठ (रक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार) के द्वारा हुआ। स्कूल की तीन शाखाएं सफलतापूर्वक बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्यरत हैं - लाइन टैंक रोड (फि रयालाल के पीछे) अशोक नगर (ए-376), रामगढ़ (बिजुलिया) स्कूल की निदेशक विभा सिंह ने बताया कि स्कूल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। यहां बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को उत्कृष्टता के साथ कराने के लिए हर संभव सुविधा दी गई है। जैसे बाकी तीन शाखाएं ₹क्वालिटी ऑफ एजुकेशन₹ और ₹एक्सीलेंस इन चाइल्ड केयर₹ को प्राथमिकता देता है, वैसे ही नई शाखा भी समान रूप से संचालित होगी ।स्कूल का उद्देश्य बच्चों की प्राथमिक शिक्षा के स्तर को राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता प्रदान करना है ।

### झारखंड की सामाजिक समरसता व अमन चैन के विषय को लेकर बैठक संपन्न

## आदिवासी - कुर्मी समाज के प्रमुख एक अखाड़ा में बैठे और अपने-अपने पक्ष रखें



- शांतिपूर्ण वातावरण में ही समता , सौहार्द एवं समृद्धि की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है : पुष्कर महतो

संवाददाता । रांची

रांची : झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में आज श्री राम हरि गार्डन मकचुंद टोली, चुटिया के अखाड़ा में झारखंड की सामाजिक समरसता व अमन चैन के विषय को लेकर बैठक हुई.बैठक में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो की अध्यक्षता में आदिवासी-कुर्मी समाज के प्रबुध्द जन एक अखाड़ा में बैठे और अपने-अपने पक्ष को रखें.इस बैठक में आदिवासी बुद्धिजीवी मंच की ओर से प्रेमचंद मुर्मू एवं झारखंड कुर्मी सभा की ओर से शीतल ओहदार सहित इजहार राही,अनथन लकड़ा, सुनोध लाकड़ा,अमर भेंगरा, तपन कुमार पांडेय, विजय कुमार रंजन, शैलेंद्र शर्मा,सखी महतो, मुनीलाल महतो, दिवाकर साहू,दिनेश महतो, यशायाह तिग्गा, अनिल उरांव, मानोज कुमार महतो, सुरेंद्र कुमार, संजू उरांव, संदीप महतो, अजीत सिंह कुशवाहा, एस एन सिंह, सैय्यद मीर यूसुफ, मो आसिफ, बाबूलाल, संतोष टोप्पो सहित अन्य प्रमुख थे. झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि शांति पूर्ण वातावरण में ही समता , सौहार्द एवं समृद्धि की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है. झारखंड अलग राज्य के अमर पुरोधाओं ने समता मूलक समाज की परिकल्पना कर विकास ,युवाओं के रोजी रोजगार नियोजन की गारंटी, विस्थापन व पलायन के खिलाफ संघर्ष किए हैं. राजनीति से प्रेरित होकर जो व्यक्ति झारखंड का अमन चैन चीन का कोशिश करेगा उनके नाम का पत्ता पहन कर कुत्तों को घुमाया जाएगा. झारखंड आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के प्रेमचंद मुर्मू ने कहा कि झारखंड लूट रहा है बढ़ाने की आवश्यकता है ना कि वर्तमान में अति जातिवाद करके झारखंड को लड़ना है. झारखंड में हर किसी को अपनी मांगों को रखने का नैतिक व सांवैधानिक अधिकार है. झारखंड कुर्मी सभा के अध्यक्ष शीतल ओहदार ने कहा कि कुर्मी समाज का उद्देश्य किसी भी समाज के अधिकारों का हकमारी करने का नहीं है.

## स्व. सीताराम मारू जी की जन्म शताब्दी दिवस पर स्मारक डाक टिकट का लोकार्पण

संवाददाता । रांची



रांची : माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार की गरिमामयी उपस्थिति में आज राज भवन में भारतीय डाक विभाग द्वारा स्व. सीताराम मारू जी के जीवन एवं योगदान पर आधारित स्मारक डाक टिकट जारी किया गया।

राज्यपाल महोदय ने इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. सीताराम मारू जी मां भारती के ऐसे तपस्वी और कर्मठ सपूत थे, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र की सेवा में समर्पित किया। उनकी जन्म शताब्दी पर डाक विभाग द्वारा स्मारक डाक टिकट जारी करना उनके जीवन और कार्यों को सच्ची श्रद्धांजलि है ।माननीय राज्यपाल ने स्व. मारू जी के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि सामाजिक व सांस्कृतिक चेतना जगाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जीवन निरंतर समाज और राष्ट्र की सेवा में व्यतीत हुआ। उन्होंने कहा कि स्व. मारू जी ने समाज सेवा के क्षेत्र में ह्यमारवाड़ी सहायक समितिह्व और नागरमल मोदी सेवा सदन की स्थापना में अविस्मरणीय योगदान दिया। संस्कृति विहार के अध्यक्ष के रूप में संस्कृति संरक्षण और शिक्षा, चिकित्सा व ग्रामोन्नति की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए। पत्रकारिता के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रेरणा से उन्होंने ह्यरांची एक्सप्रेसह्व और ह्यजय मातृभूमिह्व जैसे समाचार पत्र प्रारंभ किए, जिन्होंने राष्ट्रवाद की भावना को जन-जन तक पहुँचाने और समाज को दिशा देने का कार्य किया ।राज्यपाल महोदय ने कहा कि धर्म और संस्कृति के प्रति उनकी गहरी आस्था का प्रमाण बुंडू (रांची) स्थित सूर्य उपासना भवन (सूर्य मंदिर) का निर्माण है, जो आज झारखंड का प्रमुख धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन स्थल है। उन्होंने कहा कि स्व. सीताराम मारू जी का जीवन इस बात का सजीव उदाहरण है कि निःस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्र की सेवा करने वाला व्यक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शक बन जाता है। माननीय राज्यपाल ने भारतीय डाक विभाग को बधाई देते हुए कहा कि स्व. मारू जी पर आधारित यह स्मारक डाक टिकट नयी पीढ़ी को उनके जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने हेतु सदैव प्रेरित करता रहेगा ।समारोह में केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ, झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के पूर्व राज्यपाल श्री रघुवर दास, पूर्व राज्यसभा सांसद श्री अजय मारू समेत स्व. सीताराम मारू जी के परिजन, भारतीय डाक विभाग के अधिकारीगण एवं अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# छात्र-छात्राओं का नाम रहा लोक 2025 का दूसरा दिन

### पेटकार और खोवर-सोहराई चित्रकला पर कार्यशाला का आयोजन परंपरागत लोककला और वर्तमान समय की चुनौतियां पर कलावार्ता

संवाददाता । रांची

**रांची:**लोकचित्रकलाओं की पहली राष्ट्रीय प्रदर्शनी ह्यलोक-2025ह्व का दूसरा दिन स्कूल के बच्चों के नाम रहा। आज डीएवी गांधीनगर, सीसीएल के करीब तीन सौ बच्चों ने कला प्रदर्शनी का न केवल रसास्वादन किया बल्कि प्रदर्शनी में शामिल विशेषज्ञों के सामने अपने सवाल प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में आज मुख्य रूप से दो आयोजन हुए, कला कार्यशाला और कला वार्ता। डीपीएस, रांची, चतरा कॉलेज, चतरा, इंडियन स्कूल और इन्फॉरमेशन टेक्नेलॉजी, हैदराबाद, डीएवी स्कूल, डीएसपीएमयू और रांची यूनिवर्सिटी समेत देश के अलग-अलग हिस्से से आये पचास से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने खोवर-सोहराई कला और पेटकार चित्रकला पर केंद्रित कला कार्यशाला में हिस्सा लिया और चित्र बनाये। छात्र और छात्राओं को खोबर चित्रकला की अनीता देवी और पेटकार चित्रकला के ख्यातिलब्ध चित्रकार विजय चित्रकार ने प्रशिक्षण दिया ।इस मौके पर कला संस्कृति विभाग के निदेशक आसिफ अकरम ने भी छात्राओं से बातचीत की और उनका उत्सावर्धन किया। कलावार्ता से पूर्व वरिष्ठ कला विशेषज्ञ




विनोद रंजन ने झारखंड की लोककलाओं पर एक स्लाइड शो प्रस्तुत किया। परंपरागत लोककला और वर्तमान समय की चुनौतियां विषय पर आयोजित कलावार्ता में खोवर चित्रकला विशेषज्ञ गुस्ताव इमाम, रांची के जाने माने कलाविद विनोद रंजन और कॉरपोरेट जगत के कलात्मक पक्ष पर अपनी बात रखने मुंबई से रांची आयी सीमा मिश्रा ने अपने विचार रखे। कला वार्ता को दिल्ली से आये देश के वरिष्ठ कलाकार और कला लेखक सुमन कुमार सिंह ने संचालित किया। चर्चा की शुरूआत करते हुए सुमन सिंह ने कहा कि लोककलाओं पर नवीन दृष्टिकोण से बातचीत महत्वपूर्ण है और इसकी निरंतरता बनाये रखनी होगी ।कला वार्ता में बतौर विशेषज्ञ बातचीत की शुरूआत करते हुए विनोद रंजन के कहा कि कलाओं का संरक्षण जरूरी है लेकिन साथ-ही-साथ हमें व्यावसायिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करना होगा तभी कलाओं का बेहतर विकास संभव है। गुस्ताव इमाम ने कहा कि आज कई चुनौतियां कला समाज के सामने है और सबसे बड़ी चुनौती अपनी कला को बचाए रखने की कोशिश है, खासतौर टेक्नोलॉजी और मोबाइल के इस युग में ।तकनीक ने कलाओं के समक्ष चुनौतियां प्रस्तुत की है, लेकिन साथ-ही-साथ उन्होंने उसमें नया आयाम जोड़ा है और कॉरपोरेट उसमें सहायक साबित हो सकता है बशर्ते हम बाजार को समझते हुए नये पहलुओं के साथ संबंध स्थापित करने की कोशिश करें।

## ब्रीफ न्यूज

### अन्नपूर्णा स्वादिष्ट ने सौरव गांगुली को बनाया राष्ट्रीय ब्रांड एम्बेसडर

संवाददाता । रांची



रांची:पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली अन्नापूर्णा स्वादिष्ट लिमिटेड के नए राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसडर बने । पूर्वी भारत की सबसे तेजी से उभरती एफएमसीजी कंपनियों में से एक, अन्नापूर्णा स्वादिष्ट ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की। इस मौके पर व्यापारिक साझेदारों और कंपनी के शीर्ष अधिकारियों की उपस्थिति रही। कंपनी के निदेशक श्रीराम बागला ने कहा, सौरव गांगुली वह सब कुछ दशार्ते हैं, जो अन्नापूर्णा के मूल सिद्धांत हैं – नेतृत्व, दृढ़ता और लोगों से गहरा जुड़ाव। जैसे गांगुली बंगाल से निकलकर राष्ट्रीय प्रतीक बने, वैसे ही अन्नापूर्णा भी क्षेत्रीय सीमाओं को पार कर देशव्यापी पहचान बना रही है। अन्नपूर्णा स्वादिष्ट का उत्पाद पोर्टफोलियो वेस्टर्न और ट्रेडिशनल स्नैक्स, इंस्टेंट नूडल्स, पोटैटो चिप्स, बेकरी और कन्फेक्शनरी तक फैला हुआ है। कंपनी ने पूर्वी भारत में मजबूत विश्वास हासिल किया है और 850 से ज्यादा वितरकों के नेटवर्क के जरिए 1.5 लाख से अधिक गांवों और कस्बों तक पहुंचती है। वित्तीय वर्ष 25 में कंपनी का राजस्व 54प्रतिशत की वृद्धि के साथ 407 करोड़ रुपये रहा।

### राँची। झारखण्ड में अब स्मार्ट मीटर वाले बिजली उपभोक्ता सावधान हो जाएं

संवाददाता । रांची



रांची:बैलेंस नेगेटिव हुआ तो स्वतः बिजली डिस्कनेक्ट हो जाएगी। इसके लिए बैलेंस को हमेशा पॉजिटिव रखना होगा। फिर से बिजली बहाल करने के लिए पूरा बकाया जमा करना होगा। जिन उपभोक्ताओं पर अधिक बकाया है, उनके लिए किस्तों में भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है। बिजली वितरण निगम ने सभी उपभोक्ता यथाशीघ्र अपना बकाया जमा करें, ताकि बिजली कटने की स्थिति से बचा जा सके।

### बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा में शानदार कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता । रांची

रांची:रांची। बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा के उल्लेखनीय ड्रामानाइट 2025 ने प्रतिभाशाली छात्रों के मंत्रमुग्ध कर देने वाले प्रदर्शनों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्थान के ड्रामेटिक्स क्लब, एहसास द्वारा आयोजित, ड्रामानाइट 2025 की शुरूआत शाम को दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसे पहले मूड इंडिगो में प्रदर्शित किया जा चुका है ।जैसे-जैसे शाम आगे बढ़ी, कई शानदार प्रस्तुतियों ने मंच पर धूम मचा दी, जिनमें से प्रत्येक प्रतिभा और रचनात्मक अभिव्यक्ति की गहन गहराई को दशार्ता था। इनमें मोनोलॉग, स्केच कॉमेडी और माइम शामिल थे, जिनमें से प्रत्येक ने अपनी आकर्षक कहानी कहने की कला से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, एक स्टैंड-अप कॉमेडी प्रदर्शन ने भी हंसी के फव्वारे उड़ाए और एक जीवंत माहौल बनाया ।कार्यक्रम एक और मोनोएक्ट और एक लघु फिल्म के साथ जारी रहा, दोनों को उनकी रचनात्मक कहानी कहने के लिए सराहा गया। शाम का एक प्रमुख आकर्षण एक नाट्य प्रदर्शन था जिसे अपनी सम्मोहक कथा और उत्कृष्ट प्रदर्शनों के लिए काफी प्रशंसा मिली ।जैसे-जैसे कार्यक्रम अपने समापन के करीब पहुँच रहा था, एक और एकल अभिनय और एक संगीतमय नाटक ने उपस्थित लोगों की जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों के समर्पण और प्रतिभा का सम्मान किया। कार्यक्रम का समापन शाम 7:30 बजे हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन और एक सामूहिक तस्वीर के साथ हुआ, जिसमें सहयोगात्मक प्रयास और कलात्मक अभिव्यक्ति की भावना झलक रही थी ।ड्रामानाइट 2025, संस्थान की न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, बल्कि रचनात्मकता को पोषित करने और छात्रों के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### कल्याण मंत्री चमरा लिंडा की अध्यक्षता में कल्याण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक



संवाददाता । रांची

रांची: कल्याण मंत्री श्री चमरा लिंडा ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने कहा कि योजनाओं की नियमित समीक्षा से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक योजना का लाभ समयबद्ध रूप से पात्र लाभार्थियों तक पहुँचे और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। श्री लिंडा शनिवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। कल्याण मंत्री ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा की ।उन्होंने बैठक में विशेष रूप से प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के लंबित भुगतानों की समीक्षा करने का निर्देश दिया ।कल्याण मंत्री ने कहा कि छात्रवृत्ति सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए केंद्र सरकार से लंबित राशि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर पहल की जा रही है। इसके अलावा वन अधिकार अधिनियम, धरती आवास ग्राम उत्कर्ष योजना, संविधान अनुच्छेद 275 के अंतर्गत स्वीकृत योजनाएँ, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सरना-मसना स्थल संरक्षण कार्य, छात्रावास और आवासीय विद्यालयों की स्थिति, तथा वाद्य यंत्र वितरण योजना जैसे प्रमुख विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई ।मंत्री श्री लिंडा ने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक माह विभाग को प्रस्तुत की जाए ताकि निगरानी और मूल्यांकन की प्रक्रिया मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचे और हर योजना का परिणाम धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे ।मंत्री ने यह भी कहा कि विभागीय अधिकारी लाभार्थियों से सीधे संवाद स्थापित करें और उनके सुझावों को योजनाओं के सुधार में शामिल करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए ।मंत्री श्री चमरा लिंडा ने कहा कि राज्य सरकार आदिम जनजातियों के समग्र उत्थान और विकास के लिए विशेष रूप से संवेदनशील है। आदिम जनजाति समुदाय राज्य की सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा हैं। सरकार उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और आजीविका को सुदृढ़ करने के लिए विशेष योजनाओं पर कार्य कर रही है।

# पीठासीन एवं मतदान अधिकारी के प्रथम चरण के प्रशिक्षण की हुई शुरूआत



**जमशेदपुर, संवाददाता**

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के लिए दो दिवसीय पीठासीन एवं मतदान अधिकारी के प्रथम चरण के प्रशिक्षण की शुरूआत विमेंस यूनिवर्सिटी में की गई। जिसके पहले दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण कर प्रशिक्षणार्थियों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी को प्रशिक्षण भी दिया गया। जिसमें मतदान प्रक्रिया के सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे ईवीएम, वीवीपैट के संचालन, मतदान पूर्व व पश्चात की प्रक्रियाएं, प्रपत्रों के सही उपयोग तथा मतदान केंद्र की समुचित व्यवस्था पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि मतदान दल निर्वाचन प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मतदान दिवस पर आपकी जिम्मेदारी केवल मतदान संपन्न कराने की नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की गरिमा को बनाए रखने की भी है। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी के रूप में आपकी नियुक्ति सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान बहुत हद तक मतदान केन्द्र पर की गई व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ वहां पर नियुक्त कर्मचारियों की निष्पक्षता, सजगता और कार्यकुशलता पर निर्भर करता है। इस परिप्रेक्ष्य में पीठासीन अधिकारी को मतदान केन्द्र से संबंधित विधि, प्रावधान और मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया का पूरा ज्ञान होना चाहिए। ताकि वे सहयोगी कर्मचारियों को मार्गदर्शन देने के साथ-साथ कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आत्मविश्वास के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके। वहीं प्रथम मतदान अधिकारियों से उनके दायित्वों से संबंधित प्रश्न पूछे और बताया कि प्रथम मतदान अधिकारी की भूमिका मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना, उंगली में निशान लगाना, मतदाता सूची का संधारण करना तथा आवश्यकता पड़ने पर पीठासीन अधिकारी का दायित्व निभाना भी आपके कार्य का हिस्सा है। आप मॉक मतदान से लेकर मतदान समाप्ति तक वेब-कास्टिंग के जरिए स्क्रूटनी में रहेंगे। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों में वेब-कास्टिंग की व्यवस्था रहेगी। ताकि प्रत्येक गतिविधि की निगरानी वास्तविक समय में की जा सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि वालंटियर केवल सहयोगी भूमिका में रहेंगे और गोपनीयता कक्ष में प्रवेश नहीं करेंगे।

इसी तरह उन्होंने मतदान दलों से कहा कि किसी भी परिस्थिति में घबराएं नहीं। आपकी सहायता के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, निर्वाचन पदाधिकारी एवं अन्य वरीय अधिकारी हर समय उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान दिए जा रहे प्रत्येक निर्देश को ध्यानपूर्वक समझें। किसी भी शंका का तत्काल समाधान करें और मतदान दिवस पर आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। मौके पर विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी राहुल आनंद, प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सचिदानंद महतो, सहायक प्रभारी पदाधिकारी डॉ रजनीकांत मिश्रा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# भदानीनगर क्षेत्र में महिला का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस, सीसीटीवी फुटेज से खुलेंगे राज



**रामगढ़, संवाददाता**

भदानीनगर ओपी क्षेत्र के फोरलेन स्थित मदन कुट्टी दुकान के समीप शनिवार की सुबह एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। इसकी जानकारी भदानीनगर पुलिस को दी गई। सूचना के बाद भदानीनगर पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेज दिया। मृतका की पहचान कौआबेड़ा निवासी सुबोध गाड़ी की पत्नी अंजली गाड़ी 36 वर्ष के रूप में हुई। घटना से आक्रोशित परिजनों व स्थानीय लोगों ने ओपी के समीप रामगढ़-रांची हाइवे को जाम कर दिया है। आक्रोशित लोगों ने जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे थे। ओपी प्रभारी मो. अख्तर अली के काफी समझाने-बुझाने के बाद सड़क जाम हटा। इसके बाद यातायात सुचारू रूप से चालू हो गया। जानकारी के अनुसार महिला सत्संग सुनने रामगढ़ गई हुई थी। घर वापस आने के दौरान यह घटना घटी है। कुट्टी दुकान के सीसीटीवी कैमरे में महिला को सुनसान जगह पर खड़ा देखकर एक ट्रक ड्राइवर एवं खलासी गाड़ी रोककर महिला से बातचीत करते देखा गया। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस हर बिंदु पर जांच-पड़ताल कर रही है। साथ ही साथ ही ट्रक ड्राइवर व खलासी की भी खोजबीन शुरू कर दी है। मृतिका अंजली गाड़ी के पति सुबोध गाड़ी ने ओपी में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। सौपें गए आवेदन में आशंका जताते हुए कहा गया है कि मेरी पत्नी के साथ पहले दुष्कर्म किया गया है, उसके बाद उसे जान से मार दिया गया। मामले पर ओपी प्रभारी मो. अख्तर अली ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा कि मृतिका के साथ दुष्कर्म किया गया है या नहीं। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर दिया जायेगा। साथ ही अपराधियों को पकड़ कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। समाचार लिखे जाने पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी थी।

## सरस्वती विद्या मंदिर भूली में सांसद खेल महोत्सव के लिए छात्रों का पंजीकरण किया गया



**धनबाद, संवाददाता**

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत 11 अक्टूबर को सरस्वती विद्या मंदिर भूली में छात्रों का विभिन्न खेलों के लिए पंजीकरण किया गया। इस खेल महोत्सव का आयोजन धनबाद मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा। जिसमें धनबाद जिला के 6 विधानसभा क्षेत्रों से चयनित छात्र सम्मिलित होंगे। अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने और स्पोर्ट्स अथॉरिटी (रअक) के माध्यम से छात्रवृत्ति प्राप्त करने का मौका मिल सकता है। खेल महोत्सव में फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, रस्साकशी, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, दौड़, तीरंदाजी, योग आदि स्पधाएं शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य रण सुमन सिंह ने इस आयोजन को छात्रों के लिए बहुत हीं अच्छा अवसर बताया। उन्होंने कहा कि विद्या भारती भी छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करती है। जिसमें खेलकूद को विशेष स्थान दिया गया है। पंजीकरण के कार्य में सांसद प्रतिनिधि कैलाश गुप्ता एवं खेल महोत्सव टीम की ओर से अभिराज सिन्हा, विवेक सिंह, कुमार गौरव, अजय कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विकसित भारत : युवाओं की भूमिका विषय पर बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन



**रामगढ़, संवाददाता**

शनिवार को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन सभागार में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ रामगढ़ नगर द्वारा बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय विकसित भारत : युवाओं की भूमिका था। कार्यक्रम में शत्रुध्न प्रसाद, जिला संचालक रामगढ़, प्रो (डॉ) शशांक कुलकर्णी कृषि वैज्ञानिक, लेखक और प्राध्यापक झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय रांची, सत्यम जी जिला प्रचारक रामगढ़, राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे। शत्रुध्न प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा युवा राष्ट्र का निमार्ता है, संपूर्ण देश का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है।

मुख्य वक्ता डॉ शशांक कुलकर्णी ने देश के विकास में राष्ट्रीय स्वयं सेवक का महत्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढी और उनकी उपलब्धियां होती है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी आगंतुक अतिथियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे सत्यम जी ने कहा कि संघ का एकमात्र उद्देश्य विराट हिन्दू समाज का संगठन करना है। समाज को स्थिर और स्वाबलंबी बनाना है। मौके पर विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष एवं व्याख्यातगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### पूर्व सांसद ने दिवंगत भाजपा नेताओं के परिजनों से भेंट कर व्यक्त की शोक संवेदना

**कसमार (बोकारो)**: कसमार प्रखंड में आज पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडे ने दिवंगत भाजपा नेताओं रोहित करमाली और गुलाब जायसवाल के परिजनों से मुलाकात की और गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। श्री पांडे ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि दोनों नेताओं का निधन भारतीय जनता पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि पार्टी उनके योगदान को हमेशा याद रखेगी और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए कार्यकर्ता निरंतर प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य यदुनंदन जायसवाल, प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष कैलाश महतो, दीपक कुमार झा, प्रकाश केवट सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सेक्टर-6 थाना के मालखाना में लगी आग

**बोकारो** : शनिवार को सेक्टर-6 थाना के मालखाना में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना में मौजूद अधिकारी, कर्मचारी तथा आस-पड़ोस के लोग तुरंत सक्रिय हो गए और तत्परता से आग पर काबू पा लिया। एक दमकल की गाड़ी भी मौके पर पहुँची, लेकिन उससे पहले ही आग बुझा ली गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन मौके पर पहुँचे और आग लगने से हुई क्षति का जायजा लिया।

## झारखंड 15 नंबर में काली पूजा समिति का गठन



**बोकारो, संवाददाता**

सीसीएल झारखंड उत्खनन परियोजना के काली मंडप के प्रांगण में शनिवार को काली पूजा समिति की एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जय प्रकाश झा व संचालन राजेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में पिछले समिति ने लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिसके बाद पुरानी समिति भंग कर नई काली पूजा समिति की गठन किया गया। संरक्षक के रूप में जय प्रकाश झा, राजेंद्र प्रसाद सिंह, इचाकडीह पंचायत के मुखिया रमेश राम, द्वारिका रजवार, जय प्रकाश राणा, छाया देवी रजवार, राजकुमार साव, पप्पू, कौशलेंद्र कुमार को रखा गया। अध्यक्ष पीओ मनोज कुमार पांडेय, आचार्य पालेश्वर पांडेय, पुजारी सह उपाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह, सह पुजारी धनेश्वर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील कुमार, उपाध्यक्ष विनोद कुमार केशरी, छोटू साव, अजय रजवार, अशोक रजवार, सचिव रंजीत कुमार सिंह, सह सचिव प्रमोद महतो, राजू मुंडा, राजू मोची, प्रेम लाल महतो, विजय कुमार साव, कोषाध्यक्ष केदार स्वाई, सह कोषाध्यक्ष दिनेश प्रसाद, मीडिया प्रभारी संजीत कुमार को बनाया गया। वही सदस्य में जलेश्वर मिस्त्री, मनोज महतो, गणेश यादव, विनोद राम, गुरमित सिंह, बद्री सिंह, प्रकाश मिस्त्री व अशोक कुमार को रखा गया।

## सहायक शिक्षक के भरोसे चल रहा उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोनियाटो



**बोकारो, संवाददाता**

नावाडीह प्रखंड अंतर्गत ऊपरघाट गोनियाटो पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोनियाटो में एक भी सरकारी शिक्षक नहीं हैं।हाई स्कूल चल रहा है सहायक शिक्षक के भरोसे स्कूल के छात्र - छात्रों ने शनिवार को जिला परिषद सदस्य कुमारी खुशबू को घेर लिया और शिक्षक बहाल करने मांग की।छात्र - छात्राओं ने कहा कि हम बच्चे रोज स्कूल पढ़ाई करने आते है लेकिन स्कूल में एक भी सरकारी शिक्षक नहीं होने के कारण हमलोग का पढ़ाई पूरी नहीं पाती हैं बच्चों ने कहा की स्कूल में दो सरकारी शिक्षक थे जिनमें एक को दूसरे जिला ट्रांसफर कर दिया गया है और दूसरे सरकारी शिक्षक मेडिकल की छुट्टी पर चले गए हैं। ऐसी स्थिति में स्कूल का प्रभार सहायक शिक्षक को दे दिया गया हैं जिसमें हमलोग को पढ़ाई में काफी परेशानी हो रही है। इधर जिला परिषद सदस्य कुमारी खुशबू ने आश्वासन देते हुए कहा कि इस विषय पर गिरिडीह लोकसभा सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से मिलकर बात करेंगे तथा बोकारो उपायुक्त और विभागीय अधिकारी को भी पत्र लिखकर स्कूल में जल्द से जल्द शिक्षक बहाली की मांग करेंगे ।

उन्होंने कहा कि अगर मांग पूरा नहीं हुआ तो स्कूल के छात्र - छात्राएं एवं उनके अभिभावकों के साथ मिलकर धरना पर बैठेंगे, क्योंकि शिक्षक नहीं होने के कारण बच्चों का भविष्य अंधकार में जा रहा है इस संबंध में स्कूल प्रभार सहायक शिक्षक लखेश्वर महतो ने कहा कि चार सहायक शिक्षक और एक डिप्टेशन शिक्षक है जिसमें मुझे स्कूल का प्रभार दे दिया गया है । तीन पारा और एक डिप्टेशन शिक्षक में पहला से दशमा क्लाश के बच्चे को समय पर क्लाश नहीं हो पता है जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही हैं।मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य टिकैत कुमार महतो ,शिक्षक धनंजय महतो ,ईश्वर महतो, विनोद नायक, दशरथ महतो उपस्थित थे।

## वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया : सीता राणा



**धनबाद, संवाददाता**

धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी द्वारा पुटकी और केंदुआ के कठगोला में वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत जिलाध्यक्ष सीता राणा ने संविधान निमार्ता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया. मौके पर सीता राणा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा और प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह के निदेर्शानुसार वोट चोरी के खिलाफ अभियान चला कर लोगों को जागरूक और वोट चोरी के खिलाफ एकजुट करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया. यह अभियान धनबाद के सभी प्रखंड व नगर में चलाया जाएगा. सीता राणा ने कहा कि लोकतंत्र की शक्ति वोट की शक्ति है. जिसे प्रभावित कर सत्ता में आने वाली सरकार कभी जनता के हित और हक में काम नही करती. वोट चोरी संविधान और लोकतंत्र पर हमला है. जिसे रोकने की जरुरत है. मौके पर गुड़िया देवी, नीतू देवी, साबो देवी, निखत परवीन, जानकी देवी, रिंकू कुमारी, पारो देवी, कारो देवी, उषा देवी, सीमा देवी, सोमी देवी, राधा देवी, मगरी देवी, अनीता देवी, मानो देवी, ममता देवी, सुलेखा देवी, लीला देवी आदि शामिल थी.

## हरिहरपुर थाना के समक्ष शव रखकर ग्रामीणों ने दिया धरना, दोषियों की गिरफ्तारी का कर रहे मांग



**कतरास, संवाददाता**

गोमो के हरिहरपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को गंगा ठाकुर के घर से कपिल देव राय का शव बरामद होने के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। परिजनों और ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर हत्या की आशंका जताते हुए शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को हरिहरपुर थाना के मुख्य द्वार के नजदीक रखकर धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं की जाती, तब तक शव थाना परिसर से नहीं हटाया जाएगा। मौके पर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई। मामले को लेकर घटवार/घटवाल आदिवासी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद सिंह ने कहा कि यह मामला गंभीर है। प्रशासन दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी सुनिश्चित करे। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा। काफी मशक्कत और वार्ता के बाद प्रशासन ने प्रतिनिधि मंडल से बातचीत की। वार्ता के बाद प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि प्रशासन ने तीन दिनों के भीतर दोषियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

उन्होंने कहा कि हम लोगों को भरोसा दिलाया गया है कि कपिल देव राय के परिजनों को न्याय अवश्य मिलेगा। मौके पर घटवार/घटवाल आदिवासी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद सिंह, प्रदेश संयोजक सहदेव प्रसाद सिंह, जिला अध्यक्ष गोपाल राय, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुभाष राय, तोपचांची प्रमुख आनंद महतो, निरंजन गोप, कपिल सिंह, भोला देहाती, बंधु राय, जगदीश राय, संतोष राय, विकास राय, विक्की राय, दिलीप राय, यमुना राय, परमेश्वर राय, मनीष राय, संजू सिंह, राकेश राय, मनोज सिंह सहित सैकड़ों पुरुष और महिलाएं ग्रामीण मौजूद थे।

## मानव संसाधन विभाग में अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता हुआ संपन्न

**बोकारो, संवाददाता**

मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में आज सामूहिक सतर्कता व्यक्तिगत सत्यनिष्ठा से अधिक शक्तिशाली है विषय पर अंग्रेजी और हिंदी भाषा में अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा तथा मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल 13 विद्यालयों के 52 विद्यार्थी शामिल हुए। ज्ञानेश झा ने सभी विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई और संबोधित किया। निर्णायक मंडल में मणिकांत धान, डॉ तृप्ति चंद्रा और महिला समिति से ऋचा प्रियदर्शनी उपस्थित रहे।

अंग्रेजी वाद-विवाद में अर्पण कुमार (पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल) को प्रथम, अभिनव पाठक (चिन्मया विद्यालय) को द्वितीय और तृषा सिन्हा (सेंट जेवियर्स स्कूल) को तृतीय स्थान मिला। हर्षित सिंह को सांत्वना पुरस्कार मिला। हिंदी वाद-विवाद में आकृति मिश्रा (गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल) प्रथम, पियूष कुमार (चिन्मया विद्यालय) द्वितीय, अयान रजा (पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल) तृतीय और इशिता मुखर्जी को सांत्वना पुरस्कार मिला। विजेताओं को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (सतर्कता) सुश्री चित्रा पराशर ने किया।

# इनोवा कार ने ऑटो को पीछे से मारी जोरदार टक्टर , ऑटो सवार एक की मौत, छह घायल



**बेरमो, संवाददाता**

नावाडीह थाना अंतर्गत डुमरी - बेरमो रोड में बगजोबरा पुल के पास शनिवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गये। घायलों को तत्काल इलाज के लिए सीएचसी नावाडीह में भर्ती कराया गया।यहाँ डा विजेता कुमारी ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया, इनमें से डोली देवी (उम्र 45 साल) नामक एक महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ऑटो संख्या JH10PP-5427 नावाडीह से फुसरो की ओर जा रही थी।वहीं उसी दिशा से आ रही इनोवा कार संख्या खल्15श-5199 ने ऑटो को पीछे से जोरदार टक्टर मार दी, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरी। इस दुर्घटना में असलम अंसारी (उम्र लगभग 26 साल) पिता लतीफ अंसारी निवास कुरमीडीह थाना बालीडीह जिला बोकारो की मौत घटनास्थल में ही हो गई।वहीं 6 लोग घायल हो गए। जिसमे जरंगडीह की सुशीला देवी (60 साल),जरीडीह की रीता देवी (29 साल),सीतल कुमारी (17 साल),हथियापत्थर की रजनी देवी एवं बरही की डोली देवी (45 साल) सहित 2 अन्य लोग शामिल हैं। स्थानीय लोगों द्वारा दुर्घटना की सूचना नावाडीह पुलिस को दी गई।इसके बाद स्थानीय लोगों एवं पुलिस द्वारा घायलों को सीएचसी नावाडीह पहुँचाया गया।वही आक्रोशित लोगों ने फुसरो - डुमरी रोड़ को आधे घंटे तक जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी,सीओ अभिषेक कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया और शव को अपने कब्जे में ले लिया। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम एवं सीओ अभिषेक कुमार ने अस्पताल पहुंच कर घायलों का हाल चाल लिया। जानकारी के अनुसार उक्त इनोवा कार इससे पहले सुरही में एक बाईक को टक्कर मार कर भाग रही थी, इसी क्रम में बगजोबरा में दुर्घटना घटी। इसके बाद चालक इनोवा कार घुमाकर सह यात्रियों सहित मौके से फरार हो गया और बचने के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नावाडीह के परिसर में पहुंच गेट बंद करवा दिया।यह जानकारी मिलने पर पुलिस चालक सहित उस कार और स्कूल के वॉचमैन को थाना ले आई। मामले की छानबीन जारी है।

## गैंग्स ऑफ ऊपरघाट में कोयले के धंधे को लेकर हुई खुनी संर्घष, एक दुसरे पर जानलेवा हमला

**बेरमो, संवाददाता**

बोकारो जिले के ऊपरघाट स्थित पोखरिया, पलामु और काछो इलाके में आर मिश्रा नामक व्यक्ति का अवैध कोयला कारोबार में वर्चस्व चल रहा है ,जिसका दायें-बायें ऊपरघाट के अन्य चार महारथी है ,जिसके हुंकार के बीना अवैध कोयला का कंकड़ी भी हिलढुल नही हो सकता है । जाहिर सी बात है इसी अहम भरी हुंकार ने कोयला व्यवसाय के बीच बीती रात्री में एक दुसरे पर तू-तू-मैं-मैं की सिलसिला में एक दुसरे पर टूट गये और जानलेवा हमला तक बिवाद बढ़ गया ।

प्राप्त एक वीडियो या ग्रामीण या फिर मोटरसाइकिल से अवैध कोयला ढुलाई करने वाले की बात मानें तो ए साव नामक कोयला व्यवसायक के नाम से चार ट्रेक्टरों द्वारा चरकपनिया-रसबेड़वा के अवैध उत्खनन से पलामु पंचायत के कडुरकटवा गांव से होकर अवैध कोयला ला रहा था ,गांव की एक युवक की रास्ते में ही मोटरसाइकिल खराब हो गया था मोटरसाइकिल में भी कोयला लोड रहने के कारण साईड करने में असमर्थ था । तभी बहस-गाली गलौज वर्चस्व की तू-तू-मैं-मैं चालू हो कर हिंसक संघर्ष के रूप में तब्दील हो गया। लात-घुंसा और डंडा एक दुसरे पर खुब बरसा । जिससे अरूण साव घायल हो गया। अरूण साव की घायल होने खबर व्यावसायों में आग की लहर की तरह फैल गया और बंशी से दर्जन भर युवक कडरूकटवा की ओर दौड़ पड़ा तब तक मामला शांत हो चुका था । इससे इलाके में तनाव फैल गया और घटना की सूचना पाकर बड़ी संख्या में दोनों गुट के समर्थक मौका-ए-वारदात पर पहुंच गए।

# बिहार में बदलते समीकरण से बदलेगा परिणाम



कांतिलाल मांडोत

**इसबार बिहार में विधानसभा चुनाव रोचक और कांटेदार होने की सम्भावना जताई जा रही है।बड़े पैमानों पर वोट विभाजन से इंकार नहीं किया जा सकता है।**

बिहार में चुनावी कार्यक्रम घोषित हो चुका है।राजद के 50 सीटो पर प्रत्याशी तय किए गए है।और बिहार में राजद ने प्रचार शुरू कर दिया है। राज्य में राजनीतिक दलों ने अपनी दुंदुभिया बजा दी है। बिहार में पिछले चुनाव में ज्यादातर एनडीए और राजद के बीच मुकाबला था। बिहार में कांग्रेस की दशा 2020 में बुरी थी।केवल 19 सीटों पर ही सिमट कर रह गई थी।उसके बाद लोकसभा चुनाव में आरजेडी को 12 और भाजपा को 12 सीटे मिली थी।कांग्रेस लोकसभा में परंपरागत सीट भी नही बचा पाई थी। कांग्रेस तमाम योजनाओ के बावजूद चुनाव में नाकाम रही। लालू के सामंती चेहरे की परख राज्य के हर मतदाताओ को है। उनके शासन में कोई आवाज उठाने वाले को बर्बर तरीके से पिटा जाता था।लेकिन उसके बाद नीतीश कुमार का शासन आया और बिहार में बहार है,नीतीश कुमार है।जैसे नारे गूंजने लगे।लालू ने अपने शासनकाल मे दावे तो बहुत किये लेकिन सच्चाई पीड़ा देने वाली थी।इनके शासनकाल में भूमिहीनों के पास जमीन के परचे तो थे।लेकिन जमीन पर उनका कब्जा नही था।जब वे कभी हक की आवाज भी नही उठा सकते थे। बिहार की एक सभा मे तेजस्वी ने दावा किया कि चाचा बीमार है। गुजरात से सरकार चल रही है।जनता से सवाल किया गया था कि क्या आप बीमार मुख्यमंत्री चाहते है? नौजवान विजन के लिए शिक्षा की जरूरत होती है।तेजस्वी की अधूरी शिक्षा से राज्य के हालात कैसे बदले जा सकते है। बिहार में लगातार नीतीश कुमार की सरकार क्यों बन रही है।क्या आपने कभी सोचा नही है? नीतीश कुमार को पलटू कहकर विरासत सम्भाल रहे तेजस्वी ने लालू की गरिमा को भंग कर दिया। बिहार में बहुत सम्भावना है। जिस तरह से लालू और तेजस्वी का पारिवारिक ड्रामा में तेजप्रताप के साथ सौतेला व्यवहार किया गया था। उसका इनको जरा भी अंदाजा नही है।जो व्यक्ति परिवार के साथ बैठ नही सकते है।उनके मन मे विरोधाभास पनप रहा है।वे जनता जनार्दन का ख्याल कैसे रख सकते है? तेजस्वी के पास विजन होता तो बिहार में नीतीश कुमार के साथ साझा क्यो नही किया? क्योकि तेजस्वी ने आरजेडी के साथ गठबंधन किया था।लेकिन सारी योजना टाय टाय फीस हो गई। गरीबी सियासत की दोगलिनीति का परिणाम है ।देश मे गरीबी का मुख्य कारण ही भ्रष्टाचार रहा है।कांग्रेस ने आजादी के बाद भ्रष्टाचार करना शुरू कर दिया।लेकिन मनस्वी प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में एक भी भ्रष्टाचार का केस दर्ज नही हुआ है।नीतिपरायणता और ईमानदारी का गुण देश को आगे बढ़ने से नही रोक सकता है।बिहार में लालू प्रसाद के हाथ साफ थे? क्या उनका नाम भ्रष्टाचार में नही उछला? महिलाओ के खाते में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पैसे डाल रहे है।लोगो को आत्मनिर्भर भारत की तरफ आगे बढ़ाने की सोच सरकार की रही है। स्वदेशी पर जोर देकर लोगो को रोजगार से जोड़ने की पूरी कोशिश वर्तमान सरकार कर रही है।भाजपा के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी से मुक्त हुए है।देश को आजादी मिलने के इतने वर्षों के बाद गरीबी खत्म होने की बात कहकर दस साल की सरकार पर निशाना साधा जाता है तो यह अन्यायपूर्ण बाबत है।और वे लोग सिर्फ वोटनीति और वोटबैंक की ही बात करते है।उनको विकास और व्यापार से कोई सरोकार नही है।कानून व्यवस्था की दुहाई देने वाले तेजस्वी को शायद ज्ञात नही होगा? क्योंकि उनकी उम्र बहुत छोटी थी। जिस दौर में बिहार में राजद लालू का शासन था। उस दौर में जंगलराज का तमगा दिलाने वाली सरकार आपकी ही थी।जूठे सपने दिखा कर जनता को गुमराह नही किया जा सकता है।जनता जनार्दन सबकुछ समझती है। बिहार में सत्ता की राजनिति में आकंठ दुबे राजनेताओ के गिरते स्तर में सुधार की उम्मीद नही की जा सकती है। महिलाओ को दावे और लालच देकर 30- 30 हजार की बात कर सत्ता हथियाने निकली राजनीतिक पार्टियां का भूतकाल किसी से छिपा नही है।लालू का सामंती चेहरा बिहार जानता है। नीतीश ने अपने कार्यकाल में सत्यनिष्ठा और ईमानदारी की एक मिसाल पेश की है। विकास चाहे धीमी गति से क्यो नही किया जाए,लेकिन ईमानदारी का गुण नेता में होना चाहिए।वो राज्य ही विकास कर सकता है,जिस राज्य का मुख्यमंत्री निष्पक्ष और ईमानदार है।कथनी और करनी में समानता होनी चाहिए ।राजनिति में साफ सुथरी पृष्ठभूमि वाले नेताओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। बिहार में जाति,धर्म और बाहुबल के आधार पर चुनाव जीतने की जुगत में है।घोटाले की बात कर प्रतिपक्ष नेता आरोप लगा रहे है।यह तो ऐसा है,चोर कोतवाल को डन्डे जैसी स्थिति हो रही है। बात लोगो के गले नही उतर रही है। राजनीति की दहलीज तक पहुंचने वाले नेताओ के पास विकास और रोजगार का कोई विजन है तो जनता के समक्ष साझा करना चाहिए। नीतीश कुमार ने चुनाव के पहले वितीय कदम उठाया है। राज्य सरकार ने महिलाओं ,युवाओ और अन्य समूहों को अलग अलग योजनाओ और अनुदानों के रुप मे 40 हजार करोड़ रुपए दिए है।यह रकम बहुत बड़ी है।लोजपा के सुप्रीमो राम विलास पासवान के पुत्र चिराग पासवान एनडीए के साथ गठबंधन में है।सीट शेयरिंग पर चिराग को संतोष भले नही है,लेकिन भाजपा और मोदी के साथ उनके पिता रामविलास पासवान की घनिष्ठता थी।उसी के पदचिन्हों पर चलकर एनडीए से सम्बब्ध स्थापित किये हुए है।गीले-शिकवे दफन करने के लिए हर कदम पर तैयार है। इसबार बिहार में विधानसभा चुनाव रोचक और कांटेदार होने की सम्भावना जताई जा रही है।बड़े पैमानों पर वोट विभाजन से इंकार नहीं किया जा सकता है।

(वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार स्तम्भकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)



## संपादकीय

### बिहार चुनाव में गठबंधन की कसौटी

बिहार विधानसभा चुनाव की दस्तक के साथ ही देश की राजनीति के साथ ही बिहार की राजनीति फिर से उबाल पर है। एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में टिकट बंटवारे को लेकर जबरदस्त खींचतान चल रही है। सत्ता तक पहुंचने की इस जंग में विचारधारा, गठबंधन धर्म और सीटों का गणित सब एक बार फिर से परखे जा रहे हैं। एनडीए खेमे में भाजपा, जदयू और एलजेपी (रामविलास) के बीच तालमेल साधना आसान नहीं दिख रहा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब भी अपनी शर्तों पर अड़े हैं, वहीं भाजपा केंद्रीय नेतृत्व सीटों के वितरण में बराबरी की स्थिति चाहता है। रामविलास पासवान की पार्टी भी बहुत ही खास सीटों पर दावा ठोंक रही है। ऐसे में गठबंधन के भीतर सामंजस्य बनाए रखना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। दूसरी ओर, जदयू की चिंता यह है कि एनडीए में उसका पुराना प्रभाव धीरे-धीरे कम होता दिख रहा है। हालांकि लगता है कि सभी एनड़ीए के दलों में अब बात लगभग बन चुकी है।

इधर इंडिया गठबंधन में भी सब कुछ सहज नहीं है। राजद, कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीटों को लेकर रस्साकशी जारी है। लालू प्रसाद यादव की पार्टी अपने परंपरागत वोट बैंक और बड़े जनाधार के बल पर ज्यादा सीटें चाहती है, जबकि कांग्रेस और वाम दल भी अपनी जमीन बचाने की कवायद में हैं। गठबंधन की एकता का दावा करने वाले नेताओं के चेहरे पर अंदरूनी असहमति साफ झलक रही है। टिकटों की यह मारामारी दरअसल बिहार की राजनीति की पुरानी परंपरा है, जहां वफादारी से ज्यादा वजनदार जातीय समीकरण और जीत की संभावनाएं मायने रखती हैं। यही वजह है कि कई पुराने नेता अब पाला बदलने की तैयारी में हैं। राजनीतिक अवसरवाद का यह दौर जनता के बीच एक तरह की निराशा भी पैदा कर रहा है। मतदाता अब मुद्दों से ज्यादा नेताओं की आपसी खींचतान देखने को मजबूर हैं। बिहार की राजनीति का यह स्वरूप बताता है कि यहां सत्ता का समीकरण हर चुनाव में नए ढंग से गढ़ा जाता है। जाति, क्षेत्र, धर्म और गठबंधन की गिनती यहां की राजनीति का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। लेकिन जनता अब विकास, रोजगार और शिक्षा जैसे मुद्दों पर जवाब चाहती है। उधर प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने अपनी एक लिस्ट भी जारी कर दी है। देखा जाये तो बिहार चुनाव में इस बार प्रशांत किशोर की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। उनके भ्रष्टाचार और अपने लड़के के बारे में सोचिये के तर्क ने लोगों को सोचने पर विवश किया है।

इस बार के विधानसभा चुनाव केवल नेताओं की परीक्षा नहीं होंगे, बल्कि यह भी तय करेंगे कि बिहार की जनता अब भी पुराने समीकरणों पर भरोसा करती है या वह बदलाव की ओर बढ़ना चाहती है। टिकटों की इस जंग में जो दल जनहित को प्राथमिकता देगा, वही जनता के दिल तक पहुंचेगा। बिहार की राजनीति का भविष्य आखिरकार जनता के हाथ में है और यही इस लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।

## चिंतन-मनन

### अनंत शक्तियों का स्वामी हैं हमारा मन

हमें यह बात हमेशा ध्यान में रखना चाहिए कि मन का परमात्मा के साथ घनिष्ठ संबंध है। मन और ब्रह्म दो भिन्न वस्तुएं नहीं हैं। ब्रह्म ही मन का आकार धारण करता है। अतः मन अनंत और अपार शक्तियों का स्वामी है। मन स्वयं पुरुष है एवं जगत का रचयिता है। मन के अंदर का संकल्प ही बाह्य जगत में नवीन आकार ग्रहण करता है। जो कल्पना चित्र अंदर पैदा होता है, वही बाहर स्थूल रूप में प्रकट होता है। सीधी-सी बात है कि हर विचार पहले मन में ही उत्पन्न होता है और मनुष्य अपने विचार के आधार पर ही अपना व्यवहार निश्चित करता है। अगर मन में विचार ही न हों तो फिर क्रियान्वयन कहां से आएगा। शायद इसीलिए कहा गया है कि मन के जीते जीत है और मन के हारे हार। मन का स्वभाव संकल्प है। मन के संकल्प के अनुरूप ही जगत का निर्माण होता है। वह जैसा सोचता है, वैसा ही होता है। मन जगत का सुप्त बीज है। संकल्प द्वारा उसे जागृत किया जाता है।

यही बीज, पहाड़, समुद्र, पृथ्वी और नदियों से मुक्त संसार रूपी वृक्ष उत्पन्न करता है। यही जगत का उत्पादक है। सत्, असत् एवं सदसत् आदि मन के संकल्प हैं। मन ही लघु को विभु और विभु को लघु में परिवर्तित करता रहता है। मन में सृजन की अपार संभावनाएं स्वयं द्वारा ही निर्मित की हुई हैं। मन स्वयं ही स्वतंत्रतापूर्वक शरीर की रचना करता है। देहभाव को धारण करके वह जगत् रूपी इंद्रजाल बुनता है। इस निर्माण प्रक्रिया में मन का महत्वपूर्ण योगदान है। मन का चिंतन ही उसका परिणाम है। यह जैसा सोचता है और प्रयत्न करता है, वैसा ही उसका फल मिलता है। मन के चिंतन पर ही संसार के सभी पदार्थों का स्वरूप निर्भर करता है। दृढ़ निश्चयी मन का संकल्प बड़ा बलवान होता है। वह जिन विचारों में स्थिर हो जाता है, परिस्थितियां वैसी ही विनिर्मित होने लगती हैं। जैसा हमारा विचार होता है, वैसा ही हमारा जगत् ।

# जन्म दिवस विशेषः संघर्षों के सहारे बना विराट व्यक्तित्व



मुकेश तिवारी

12 अक्टूबर की तारीख एक बार पुनः राजमाता जी की स्मृति को ताजा कर रही है ,राजमाता विजयाराजे सिंधिया यानी कि एक सर्वथा अनोखी शख्सियत काफी लंबे अंतराल तक लोगों के दिल और दिमाग पर छाई रहने वाली इस महिला की लोकप्रियता को संसार का कोई पैमाना नहीं बांध सका है ।राजमाता जी ने संघर्षों के सारे अपने व्यक्तित्व को एक विशाल आकार दिया। तमाम सारी रूकावटों को नजर अंदाज कर आगे बढ़ती जाने वाली राजमाता विजय राज सिंधिया आज हमारे बीच नहीं है ।लेकिन उनकी याद एक खुशबू की तरह माहौल में समाई हुई है, राजमाता विजया राजे सिंधिया का जन्म 12अक्टूबर 1919 को उनकी ननिहाल सागर में हुआ था, उनके पिता महेंद्र सिंह जालौन के डिप्टी कलेक्टर हुआ करते थे।

,वे अपने पिता की सबसे बड़ी संतान थी ।दरअसल में उनके जन्म के 9 दिन पश्चात ही उनकी मां चूड़ा देवेश्वरी का सन्निपात ज्वर के कारण निधन हो गया था ।ऐसी विषम परिस्थिति में लेखा दिव्येश्वरी का बाल्यकाल ननिहाल में ही गुजरा ।यहीं पर उनकी प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा हुई।बाल्यकाल में इनका नाम लेखा था। इनका उक्त नाम इनकी नानी धन कुमारी ने रखा था ।हालांकि उन्होंने कभी भी इस नाम से उन्हें संबोधित नहीं किया और न ही परिवार के किसी सदस्य ने इस नाम से उन्हें कभी पुकारा ,नानी हमेशा लेखा दिव्येश्वरी को नानी कहकर ही बुलाती रही, नेपाल की भाषा की लोकभाषा में नानी का अर्थ होता है आंख की पुतली लेखा दिव्येश्वरी को नानी कहकर बुलाने के पीछे नाना नानी का यही अभिप्राय था,इनकी मां का निधन होने के पश्चात लेखा दिव्येश्वरी का लालन-पालन नाना -नानी की देखरेख में इनकी ननिहाल सागर में हुआ। सागर के नेपाल हाउस में रहकर उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की । हालांकि लेखा दिव्येश्वरी कि मां चूड़ा दिव्येश्वरी के देहांत के पश्चात उनके पिता ने उन्हें अपने साथ जालौन ले जाने कि अभिलाषा जाहिर की ,लेकिन इनके नाना -नानी इसके लिए राजी नही हुए।इस बात को लेकर कोर्ट कचहरी तक की नौबत आ गई । अंततः आपसी सहमति से यह तय हुआ कि ये 7 साल की होने तक लेखा नाना- नानी की देखरेख में सागर में ही रहेगी।लेकिन दुर्भाग्यवश जब लेखा महज 2 वर्ष की थी ।तभी नाना का निधन हो गया।लेखा दिव्येश्वरी की नानी धनकुमारी धार्मिक आस्थाओं से ओतप्रोत एक सौम्य व सरल महिला थी। इस कारण लेखा का लालन-पालन धार्मिक वातावरण में हुआ ।उन्होंने बाल्यकाल से ही लेखा दिव्येश्वरी को यही संस्कार दिए।नानी के संस्कारों में दीक्षित होकर वे उन्हीं की तरह धर्म प्राण बन गई ।यद्यपि लेखा दिव्येश्वरी नानी जितने व्रत तो नहीं किया करती थी ।लेकिन चतुर्मास में शाकाहारी भोजन करने लगती थी। मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात लेखा दिव्येश्वरी ने बनारस के बेसेंट कॉलेज में दाखिला लिया ।जहां सादा जीवन उच्च विचार का उसूल अमल में लाया जाता था ।यहां से प्रेरित होकर उन्होंने फ्रांस और इटालियन से आयातित कपड़ों को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया।जब लेखा दिव्येश्वरी के पिता का झांसी से मिजार्पुर स्थानांतरण हो गया तो उन्होंने लेखा दिव्येश्वरी का दाखिला आजमा बेला थाबर्न महिला कॉलेज लखनऊ में करा दिया। ,लेकिन वे यहां से बी ए की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सकी क्योंकि ननिहाल और घर में उनके विवाह की तैयारियां प्रारंभ हो जाने के कारण उन्हें पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी ।नेपाल हाउस सागर में पली-बढ़ी लेखा दिव्येश्वरी की शादी 21 फरवरी 1941को मराठा रीति रिवाज से ग्वालियर रियासत के अंतिम शासक जीवाजी राव सिंधिया के साथ सरस्वती महल में संपन्न हुई।,हालांकि इनकी शादी का सिंधिया रियासत के मराठा सरदारों ने खुलकर काफी विरोध किया ।लेकिन जीवाजी राव सिंधिया ने विरोध की कतई परवाह नहीं की ।शादी के पश्चात वे सिंधिया राजघराने की परंपरा के मुताबिक लेखा दिव्येश्वरी से महारानी विजया राजे सिंधिया के नाम से चर्चित हुई।शादी के पश्चात उन्होंने 5 बच्चों को जन्म दिया,23 फरवरी 1942 को उन्होंने पहली पुत्री पद्मा राजे को जन्म दिया 31 अक्टूबर 1943 को उषा राजे और 10 मार्च 1945 को माधवराव सिंधिया को जन्म दिया इसके पश्चात 1953 में वसुंधरा राजे और 1954 में यशोधरा जी को जन्म दिया, राजमाता विजया राजे सिंधिया के पति जीवाजी राव सिंधिया कांग्रेस के कट्टर आलोचक थे । राजमाता सिंधिया कैलाश वासी पति जीवाजी राव सिंधिया ने भारत संघ में ग्वालियर राज्य का विलय करते समय चौवन करोड़ रुपए की विपुल धनराशि का कोष सरदार बल्लभभाई पटेल को सौंपा था।ग्वालियर में उस दौर में हिंदू महासभा का काफी दबदबा था ,स्थानीय कांग्रेसी इस बात से काफी घबराए हुए थे ।कि ग्वालियर के महाराज कहीं प्रतिपक्ष के उम्मीदवार को चुनाव में अपना समर्थन न दे दे, आखिरकार राजमाता विजया राजे सिंधिया ने जवाहरलाल नेहरू के दवाब में 1957में कांग्रेस से अपनी राजनीतिक पारी की शुरूआत की। गुना संसदीय क्षेत्र से नामांकन पर्चा दाखिल कर उन्होंने अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष बी जी देश पांडे को पराजित किया, हालांकि गुना से लगी हुई दोनों सीटें पर हिंदू महासभा के उम्मीदवार ने जीत हासिल की। यह इस बात का प्रमाण है कि यदि राजमाता विजय राजे सिंधिया कांग्रेस की प्रत्याशी न होती तो कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया होता। राजमाता सिंधिया ने हिंदू महासभा को कमजोर करने के लिए पूरी ताकत लगा दी हालांकि आगामी सालों में इस क्षति की पूर्ति करने के लिए काफी परिश्रम करना पड़ा।एक दौर ऐसा भी आया कि जब वे राजनीति को पीछे छोड़ अपने पति और बेटे बेटियो में मगन हो गई , इसी दौरान उनके पति की डायबिटीज में इजाफा हो गया और दुर्भाग्य से महज 45 वर्ष की आयु में 9 जून 1961 को उनका मुंबई में देहावसान हो गया ,जिस वक्त उनके पति जीवाजी राव सिंधिया का निधन हुआ उनके इकलौते पुत्र माधवराव की आयु महज 16 वर्ष की थी। पति के निधन के पश्चात वे महारानी से राजमाता बन स्वेत वस्त्र में विधवा का जीवन बिताने लगी ।

उन्होंने अपनी तमाम सारी इच्छाओं को तिलांजलि देकर धर्म को ही अपना ध्येय बनाया ।हालांकि जब परिस्थितियों ने मोड़ लिया तो वे बिना किसी हिचकिचाहट के राजनीति के महासमर में कूद पड़ी और अपना अधिकांश वक्त राजनीति को देने लगी ।लेकिन धार्मिक कार्य पूजा-पाठ में कोई कमी नहीं आई।इसी बीच मध्य प्रदेश की तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ कैलाश नाथ काटजू पंडित जवाहरलाल नेहरू का संदेश लेकर राजमाता के पास आए कि वे देश सेवा में पूर्ववत जुटी रहे ।आप की सहूलियत के लिए आपका निर्वाचन क्षेत्र गुना से बदलकर ग्वालियर कर दिया गया है।नेहरू जी के द्वारा, राजमाता विजयाराजे सिंधिया स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय राजनीति में सक्रिय हो गई थी वर्ष 1957 में दूसरी लोकसभा के लिए सांसद चुनी गई थी। वर्ष 19 62 ,1971,1989एवं1991 में आप पुनः सांसद चुनी गई राजमाता तीसरी,पांचवीं, नौवीं एवं दसवीं लोकसभा के लिए सांसद के रूप में चुनी गई थी , वर्ष 1967 में आप मध्यप्रदेश विधानसभा की सदस्य भी रही एवं वर्ष 1978 में राज्यसभा सांसद रही।

वो यदि चाहती तो 1967मे ही मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री बन सकती थी। इतना ही नहीं वे जब चाहती तब केन्द्रीय मंत्री से लेकर भाजपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकतीं थीं लेकिन उन्होंने कभी भी किसी पद की अभिलाषा नहीं रखी।

वही राजमाता विजयाराजे सिंधिया के इकलौते पुत्र स्व माधवराव सिंधिया भी केंद्र सरकार में अनेक महत्वपूर्ण विभागों में मंत्री रहे ।,इसी क्रम में उनकी एक बेटी वसुंधरा राजे सिंधिया राजस्थान की दो मर्तबा मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार में भी मंत्री रह चुकी है। इसी तरह उनकी एक बेटी यशोधरा राजे सिंधिया मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री के पद पर असीन रह चुकी है। इसी तरह उनका नाती ज्योतिरादित्य सिंधिया केंद्र सरकार में संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री का दायित्व संभाल रहे हैं, राजमाता जी जीवन की अंतिम श्वास तक अपने सत्याचरण देशभक्ति तथा आत्मत्याग के पथ पर चली ,वे इन विषयों पर सिर्फ उपदेश ही नहीं दिया करती थी अपितु यही उनका आचरण और व्यवहार था।

25 जनवरी 2001 को देहावसान हो गया । लेकिन उनके लिए अमर रहे अम्मा महाराज कहना ज्यादा उपयुक्त रहेगा।उनका नाम इतिहास में शानदार अक्षरों में दर्ज हो गया है। निसंदेह राजमाता विजया राजे जी कितनी महान थी , यह उनके निधन के बाद पश्चात ही उनके चाहने वालों को ज्ञात हो पाया इस दुनिया में नहीं है। लेकिन युगों-युगों तक लोगों को उनकी याद आती रहेगी,इस अप्रतिम नेत्री का राजनीति में योगदान भी सदैव याद रखा जाएगा।

(लेखक के विषय में - स्वतंत्र पत्रकार)

# युवाओं को सोशल मीडिया व एआई के शिकंजे से बचा पाएंगी सरकारें



नीलेश वर्मा

विश्वं आज डिजिटल क्रांति के दौर से गुजर रहा है। मोबाइल और इंटरनेट अब हर हाथ में है और सोशल मीडिया और आर्टीफिसियल एंटेलीजेंस का प्रयोग मन और मस्तिष्कव दोनों को प्रभावित कर रहा है। सोशल मीडिया युवाओं के लिए जहां विचार साझा करने और सीखने का अवसर देता है, वहीं इसका अंधाधुंध और गलत इस्तेमाल गंभीर खतरा बनता जा रहा है। गलत सूचनाएं, उकसाने वाले संदेश और डिजिटल लत, युवाओं को हिंसा, नैतिक पतन और भ्रमित विचारधाराओं की ओर धकेल रहे हैं। यह खतरा केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक बन चुका है। दुनिया के कई देशों में सोशल मीडिया का दुरुपयोग और डीपफेक विशेषकर युवाओं द्वारा हिंसा और सत्ता परिवर्तन जैसे गंभीर परिणामों तक पहुँच चुका है। भारत में भी अग्निपथ योजना, सीएए-एनआरसी और किसान आंदोलन के दौरान सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट और उकसाने वाली सामग्री के कारण कई राज्यों में युवाओं द्वारा हिंसा, पथराव और तोड़फोड़ की घटनाएँ देखी गईं। इसी प्रकार नेपाल में भी सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार विरोधी प्रचार और फर्जी खबरों ने युवाओं को सड़कों पर उतरने और सरकारी संस्थानों के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया है। नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता के दौरान ट्विटर और फेसबुक जैसे मंचों पर फैले अभियानों ने युवाओं को राजनीतिक आंदोलन में उतारने में बड़ी भूमिका निभाई, जिनमें कुछ प्रदर्शन हिंसक भी हो गए।

विश्व के अनेक देश ऐसे हैं जिनमें सोशल मीडिया का दुरूपयोग कर युवाओं को भ्रमित कर हिंसक आंदोलनों और अस्थिरता फैलाने के लिए किया गया है। वर्ष 2021 में अमेरिका में हुए कैपिटल हिल हमले के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फैलाए गए झूठे दावों और उकसावों ने हजारों युवाओं को लोकतंत्र के सबसे बड़े प्रतीक पर हमला करने के लिए प्रेरित किया। श्रीलंका में व्हाट्सएप और फेसबुक के माध्यम से फैलाई गई साम्प्रदायिक अफवाहों ने युवाओं को सड़कों पर उतरने और हिंसा फैलाने के लिए उकसाया। म्यांमार में फेसबुक के जरिए रोहिंग्या समुदाय के खिलाफ घृणा फैलाकर बड़े पैमाने पर हिंसा को अंजाम दिया गया, जिसमें युवाओं की भूमिका प्रमुख रही।

जब युवा सोशल मीडिया के दुरुपयोग का शिकार होते हैं, तो उसका असर केवल परिवार और समाज पर नहीं होता, बल्कि लोकतांत्रिक और शासन व्यवस्था पर भी पड़ता है। भारत में भी सोशल मीडिया के कारण कई बार अफवाहें, साम्प्रदायिक तनाव और हिंसा की घटनाएं सामने आई हैं। उदाहरणस्वरूप, मॉब लिंचिंग की घटनाएं, छात्र आंदोलनों में गलत सूचनाओं का फैलाव, और चुनावों के दौरान फेक न्यूज का प्रसार, इस डिजिटल खतरे की गंभीरता को दशार्ते हैं।

सोशल मीडिया की चुनौती से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें कुछ अहम कदम उठा रही हैं। आईटी नियमों (2021) के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को जवाबदेह बनाया गया है। उन्हें अवैध या भड़काऊ सामग्री को हटाने के लिए समय-सीमा दी गई है। साइबर क्राइम सेल का विस्तार किया जा रहा है और राज्यों में डिजिटल निगरानी यूनिट्स सक्रिय की जा रही हैं। डिजिटल साक्षरता अभियान के तहत युवाओं को सोशल मीडिया की सही उपयोगिता और खतरों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। फेक न्यूज और डीपफेक जैसी तकनीकों को रोकने हेतु अक आधारित निगरानी तंत्र विकसित किए जा रहे हैं।

केंद्र व राज्यी सरकारें प्रयास कर रही हैं, लेकिन कई जमीनी चुनौतियाँ अब भी बनी हुई हैं। विदेशी सोशल मीडिया कंपनियां कई बार सरकार की मांगों के अनुरूप डेटा या जानकारी साझा नहीं करतीं। जब भी सरकार निगरानी या नियंत्रण की कोशिश करती है, तो कुछ समूह 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' और निजता का हवाला देकर विरोध करते हैं। जैसे-जैसे नई ऐप्स और प्लेटफॉर्म आते हैं, सरकार की निगरानी प्रणाली उनके पीछे छूट जाती है। अधिकांश युवा यह नहीं समझते कि वे कैसे एक गलत सूचना या डिजिटल अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। इस समस्या से निपटने के लिए सरकारों को केवल कानून बनाना ही नहीं, बल्कि समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा।

शिक्षा प्रणाली में डिजिटल नैतिकता और जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग को शामिल करना चाहिए। सोशल मीडिया कंपनियों से कड़ा अनुबंध करना होगा जिससे वे भारत के कानूनों के प्रति जवाबदेह रहें। सामाजिक संगठनों और युवाओं को भागीदार बनाकर डिजिटल जागरूकता को जन-आंदोलन बनाना होगा। सबसे महत्वपूर्ण, सभी राज्य सरकारों को मिलकर कार्य करना होगा, क्योंकि यह खतरा राष्ट्रीय स्तर का है और अब वैश्विक रूप ले रहा है।

डिजिटल युग में सोशल मीडिया एक शक्ति है - इसका सही उपयोग समाज को जोड़ सकता है, पर दुरुपयोग देश को तोड़ भी सकता है। जब युवा इसका शिकार बनते हैं, तो सिर्फ उनका भविष्य नहीं, राष्ट्र की स्थिरता भी दांव पर लग जाती है। सरकारों के प्रयास सराहनीय हैं, पर अब समय है कि यह ज़िम्मेदारी सिर्फ कागजों तक न रहे, बल्कि जमीन पर दिखे। यदि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर तेजी, पारदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति से काम करें और समाज व तकनीक का सहयोग लें, तो निश्चित ही वे युवाओं को इस डिजिटल खतरे से बचाने में सफल होंगी।

(लेखक स्वकतंत्र पत्रकार हैं)

Printed and Published by Manish KUMAR KASHYAP behalf of Palace of Publication,BALIHARI ROAD, NEAR - KALYAN BHAWAN NEW AREA MORABADI RANCHI-834008,Ranchi- Jharkhand, and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222,Jharkhand And Published at Palace of Publication,Ranchi- Jharkhand,, **PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773** Editor- Editor SHAHOOD ALAM. Mob -



# सान्या मल्होत्रा ने दिखाया सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का फनसाइड

अभिनेत्री और स्टार परफॉर्मर सान्या मल्होत्रा ने फैंस को पर्दे के पीछे की वह मस्ती दिखाई है, जिसकी हमें ज़रूरत तो थी, लेकिन हमने सोची नहीं थी! हाल ही में उन्होंने सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के सेट से एक मज़ेदार बीटीएस मोमेंट्स शेयर की है, और यह फैन्स के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है। हंसी-मज़ाक से भरे ब्रेक्स से लेकर अनपेक्षित और सच्चे पलों तक, सान्या की (बिहाइंड द सीन्स) फोटोज़ और वीडियोज़ का ये करूसल फिल्म की स्टारकास्ट के बीच की गर्मजोशी और दोस्ती को बखूबी दर्शाता है। चाहे वो एक छोटा सा मज़ाक हो, शूटिंग के दौरान हुई किसी गलती पर साझा हँसी, या एक-दूसरे के प्रति सच्चा सम्मान, हर पल में सब के बीच की दोस्ती साफ़ दिखाई देती है। सान्या की ऊर्जा पूरे माहौल को हल्का और खुशनुमा बना देती है, जिससे लंबे शूटिंग शेड्यूल भी आसान लगते हैं। फैंस ने कमेंट सेक्शन में तुरंत प्रतिक्रिया की बाढ़ ला दी — सभी को पर्दे के पीछे की ये झलकियाँ बेहद पसंद आईं। यह याद दिलाने वाला है कि बेहतरीन कहानी सिर्फ कैमरे के सामने ही नहीं, बल्कि उसके पीछे भी बनती है। मस्ती भरे पलों से लेकर दिल को छू लेने वाली बातों तक, सान्या मल्होत्रा अपने प्रशंसकों को एक बेहतरीन तोहफ़ा दे रही हैं - सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की खुशनुमा दुनिया की एक झलक, जहां हर मुस्कान, हर हँसी और हर बीटीएस मोमेंट यादगार बन जाता है। हाल ही में फिल्म 'कटहल' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने और 'मिसेज़' में सराहे गए परफॉर्मेंस के बाद, सान्या का करियर एक दुर्लभ संतुलन दिखाता है — जहां कला और व्यवसाय दोनों साथ चलते हैं। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के साथ, फैंस को विश्वास है कि वह न केवल खुद को साबित कर रही हैं, बल्कि दर्शकों का ध्यान भी पूरी तरह खींच रही हैं — हर फ्रेम में उनका स्टारडम, आकर्षण और सिग्नेचर एनर्जी साफ नज़र आती है।



# बड़े पर्दे पर गोलू के किरदार को देखना सपने जैसा लग रहा है

**श्वेता त्रिपाठी ने वेब सीरीज मिर्जापुर पर बनी फिल्म मिर्जापुर - द फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। वे इसमें अपनी पॉपुलर भूमिका गजगामिनी गोलू गुप्ता के रूप में लौट रही हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी।**

## शूटिंग कहां हुई शुरू

श्वेता ने मिर्जापुर - द फिल्म की शूटिंग वाराणसी में शुरू कर दी है। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा भी अपनी भूमिकाओं में वापस आ रहे हैं। श्वेता ने मिर्जापुर - द फिल्म को लेकर कहा, गोलू मेरे लिए सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि साल से मेरी जिंदगी का साथी है। बड़े पर्दे पर उसका सफर देखना कमाल का और सपने जैसा लग रहा है।


## वाराणसी से श्वेता का खास कनेक्शन

श्वेता वाराणसी को अपना दूसरा घर मानती हैं। उन्होंने बताया कि उनके करियर के कई प्रोजेक्ट इस शहर से जुड़े हैं, जैसे नीरज घायवान की फिल्म मसान, शो एस्केप लाइव और कालकूट। श्वेता ने कहा, यह शहर मुझे हमेशा बुलाता है। यहां के लोग, खाना और जो प्यार मिला है, उसके लिए मैं बार-बार आती हूं। उनके ट्रेनर त्रिदेव पांडे भी बनारस के हैं।

## मिर्जापुर-द फिल्म के बारे में

मिर्जापुर - द फिल्म, मिर्जापुर सीरीज का सिनेमा वर्जन है, जिसमें कालीन भैया, गुड्डू पंडित और मुन्ना त्रिपाठी जैसे लोकप्रिय किरदारों पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। मिर्जापुर द फिल्म को लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह है। सीरीज में कंपाउंडर का रोल करने वाले अभिषेक बनर्जी भी फिल्म में लौट रहे हैं। फिल्म का निर्देशन गुरमीत सिंह कर रहे हैं और इसे एक्सेल एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रहा है।

# 'हैवान' में नेगेटिव रोल में नजर आएंगे अक्षय कुमार




अक्षय कुमार फिक्की फेम्स 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने साइबर क्राइम जैसी बातों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लंबी चर्चा की। इसी दौरान अपनी फिल्म 'हैवान' को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से सलाह मांगी। साथ ही अपने किरदार का जिक्र भी कर दिया। अक्षय कुमार भी बातचीत को आगे बढ़ाते हुए कहते हैं, 'मुझे एक नेगेटिव रोल निभाने का मन था, इसलिए मैं 'हैवान' कर रहा हूं। ज्यादातर मैं फिल्म में हीरो के रोल ही निभाता हूं।' अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म 'हैवान' एक थ्रिलर मूवी है। इस फिल्म में 17 साल बाद सैफ अली खान और अक्षय कुमार साथ काम कर रहे हैं।



## सारा खान ने की दूसरी शादी

# एक्टर-प्रोड्यूसर कृष पाठक संग लिए सात फेरे



'बिदाई' और 'बिग बॉस' फेम एक्ट्रेस सारा खान फिर से शादी के बंधन में बंध गई हैं। एक्ट्रेस ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड एक्टर-प्रोड्यूसर कृष पाठक संग रजिस्टर्ड मैरिज की है। दोनों ने 6 अक्टूबर को करीबियों के बीच अपनी शादी को रजिस्टर किया है। कपल अब दिसंबर में ग्रैंड वेडिंग सेलिब्रेशन करेगा। सारा ने इंस्टाग्राम पर शादी की खुशखबरी शेयर करते हुए कृष संग कई तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही एक भावुक नोट पोस्ट किया है। सारा ने लिखा- 'दो आस्थाएं। एक स्क्रिप्ट। असीम प्रेम। सिग्नेचर हो गए हैं। कुबूल है से सात फेरे तक इस दिसंबर का इंतजार है। दो दिल, दो संस्कृतियां हमेशा के लिए एक हो गईं। हमारी प्रेम कहानी एक ऐसे मिलन का गढ़ कर रही है, जहां आस्थाएं मिलती हैं, विभाजित नहीं होतीं। जब प्यार ही हेडलाइन बन जाए तो बाकी सब कुछ एक खूबसूरत कहानी बन जाता है। इसलिए हमें अपना आशीर्वाद दीजिए क्योंकि यह यूनियन सभी के लिए है।

सारा और कृष की शादी पर फैंस और सेलेब्स खूब बधाई दे रहे हैं। हाल ही में शादी के बंधन में बालिका वधू फेम एक्ट्रेस अविका गौर ने सारा को बधाई दी है। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने लिखा- 'ओह माय गॉड। माई बेबी...बधाई।' इसकेअलावा कपल को एक्ट्रेस आशका गोराडिया, किश्वर मर्चेंट, गायक अभिजीत सावंत ने भी बधाई दी है। बता दें कि सारा ने इससे पहले अली मर्चेंट से बिग बॉस-4 के घर में शादी की थी। लेकिन शादी के दो महीने के अंदर ही दोनों ने तलाक ले लिया था। अली ने रियलिटी शो सच का सामना के एक एपिसोड में कहा कि उन्होंने पब्लिसिटी के लिए सारा से शादी की थी और उनसे शादी करना उनके जीवन की सबसे बड़ी गलती थी। साल 2023 में अली ने अपनी गर्लफ्रेंड अंदलीब जैदी से शादी कर ली थी।

# 60 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी मामले के बाद शिल्पा शेट्टी ने सोशल मीडिया पर की बात



बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा से 60 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी मामले में पूछताछ जारी है। मंगलवार को एक्ट्रेस से आर्थिक अपराध शाखा ने चार घंटे तक पूछताछ की है। ये पूछताछ एक्ट्रेस के घर पर की गई, लेकिन अब लगता है कि इस मुश्किल समय में उन्होंने खुद पर संयम पाने का तरीका ढूंढ लिया है। उन्होंने फेमस मार्शल आर्टिस्ट ब्रूस ली का कोट शेयर किया है। शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है जिसमें वे इमोशनल वीकनेस की बात कर रही हैं। कोट में लिखा है, अगर आप हर बात पर भावनात्मक प्रतिक्रिया देते हैं, तो आप लगातार कष्ट झेलते रहेंगे। सच्ची शक्ति चुपचाप बैठकर तर्क के साथ चीज़ों को देखना है, यही सच्ची शक्ति संयम है। अगर शब्द आपको नियंत्रित करते हैं, तो इसका मतलब है कि बाकी सभी आपको नियंत्रित कर सकते हैंज सांस लें और चीज़ों को गुज़रने दें। कोट से साफ है कि एक्ट्रेस 60 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी मामले से काफी परेशान हैं, लेकिन धैर्य से मामले को संभालने की कोशिश कर रही हैं।

बता दें कि इस मामले में शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के अलावा और तीन लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। इससे पहले राज कुंद्रा का भी बयान दर्ज किया गया। शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ व्यवसायी दीपक कोठारी ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। कोठारी का दावा था कि एक्ट्रेस ने कंपनी का विस्तार करने के लिए 75 करोड़ का लोन लिया था लेकिन ब्याज की दरों को देखते हुए इसे निजी निवेश के तौर पर दिखाने के लिए कहा। उन्होंने कोठारी को विश्वास दिलाया कि वे हर महीने ब्याज की रकम भरेंगी, लेकिन शिल्पा ने वो पैसे बिजनेस में न लगाकर निजी तौर पर खर्च किए और फिर बाद में कंपनी के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया।

व्यवसायी दीपक कोठारी ने कई बार एक्ट्रेस से पैसे वापस देने की मांग की लेकिन कोई जवाब नहीं आया है और उन्होंने दंपत्ति के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया। वर्क फ्रंट की बात करें तो शिल्पा डांस रियलिटी शो सुपर डांसर चैप्टर 5 में दिख रही हैं। शो के लेटेस्ट प्रोमो में उन्हें एक्टर मिथुन चक्रवर्ती के साथ डांस करते हुए देखा गया।




# इन अभिनेत्रियों ने जिम या रेड कार्पेट पर नहीं, बल्कि योगा मैट पर बनाई अपनी जगह

**बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में, जहाँ हर जगह परफेक्शन की मांग होती है और हर किरदार दृढ़ता की परीक्षा लेता है, कुछ अभिनेत्रियाँ ऐसी हैं जिन्होंने अपनी जगह जिम या रेड कार्पेट पर नहीं, बल्कि योगा मैट पर बनाई है। इन सितारों के लिए योग सिर्फ फिटनेस नहीं, बल्कि एक दर्शन है, जो उन्हें शरीर और आत्मा, दोनों रूपों में मजबूत और संतुलित रखता है।**

## आलिया भट्ट

व्यस्त शूटिंग शेड्यूल और थका देने वाली दिनचर्या के बीच, आलिया भट्ट के लिए योग एक एंकर की तरह है। उन्हें एरियल योगा बेहद पसंद है, और वे अक्सर अपनी योग साधना की झलक सोशल मीडिया पर साझा करती हैं। आलिया की फिटनेस यात्रा उनकी जीवन दृष्टि को दर्शाती है, जिसमें लचीलापन, अनुशासन और संतुलन का समावेश है।

## करीना कपूर



करीना कपूर खान की फिटनेस यात्रा उनकी फिल्मों जितनी ही प्रसिद्ध है। कभी साइज़ ज़ीरो ट्रेंड की पहचान रही करीना, अब माइंडफुल फिटनेस की मिसाल बन चुकी हैं। उनके लिए योग बाहरी रूप से सुंदर दिखने का नहीं, बल्कि मन, शरीर और सांस के संतुलन का माध्यम है।

## मलाइका अरोड़ा



मलाइका अरोड़ा न केवल एक प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं, बल्कि प्रमाणित योग प्रशिक्षक भी हैं। उन्होंने अपना खुद का वेलनेस स्टूडियो स्थापित किया है और योग को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के समग्र मार्ग के रूप में प्रचारित करती हैं। उनके लिए योग केवल शरीर को नहीं, बल्कि मन को भी स्वस्थ रखने का साधन है। चाहे शिल्पा की शांति हो या आलिया की अनुशासन भरी लचक, निकिता की आत्मिक गहराई हो या मलाइका का समर्पण, इन बॉलीवुड देवियों ने साबित कर दिया है कि असली सुंदरता और ताकत भीतर की संतुलन से आती है।

## शिल्पा शेट्टी

पिछले दो दशकों से शिल्पा शेट्टी सौम्यता, वेलनेस और आंतरिक शांति की प्रतीक रही हैं। अपनी किताबों, डीवीडीज़ और डिजिटल फिटनेस प्लेटफ़ॉर्म्स के ज़रिए उन्होंने योग को एक जीवनशैली का रूप दे दिया है। उनकी सुबहें सूर्य नमस्कार से शुरू होती हैं और दिन का अंत कृतज्ञता के साथ। यही दिनचर्या उन्हें शोबिज़ की भागदौड़ में भी शांत, संतुलित और दमकता हुआ बनाए रखती है।

## निकिता दत्ता

नई पीढ़ी की अभिनेत्रियों में निकिता दत्ता अपनी शांत लेकिन दृढ़ योग साधना के लिए अलग पहचान रखती हैं। उनके सोशल मीडिया पर अक्सर शांत आसनों और मानसिक संतुलन पर उनके विचार दिखाई देते हैं। निकिता के लिए योग कोई प्रदर्शन नहीं, बल्कि आत्म-संवाद का एक पवित्र स्थान है, जहाँ वे बाहरी शोर से दूर होकर अपने भीतर की शांति से जुड़ती हैं। उनकी नियमितता और सहज ऊर्जा यह दर्शाती है कि कैसे योग का प्रभाव चमक-दमक से परे, जीवन को भीतर से निखारता है।



# महिला क्रिकेट विश्व कपः भारत-ऑस्ट्रेलिया आमने-सामने

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** महिला क्रिकेट विश्व कप के तीसरे मुकाबले में भारतीय टीम सात बार की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी। पिछले मैचों में खराब फॉर्म और शीर्षक्रम की असफलता के कारण भारतीय बल्लेबाजों पर बड़ी जिम्मेदारी है। अगर टीम के शीर्ष पांच बल्लेबाज इस बार जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहे, तो सेमीफाइनल की राह कठिन हो सकती है।

टीम इंडिया ने टूर्नामेंट में श्रीलंका और पाकिस्तान को हराकर शुरूआत अच्छी की थी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बृहस्पतिवार को तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा। तीसरे मैच के बाद भारत चार अंकों के साथ ग्रुप में तीसरे स्थान पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों में पांच अंकों के साथ शीर्ष पर है।

लगातार तीसरे मैच में भारतीय शीर्षक्रम ने निराश किया। आठवें नंबर की बल्लेबाज रिचा घोष के 94 रन ही टीम के कुल 251 रन बनाने में मुख्य योगदान रहे। कप्तान हरमनप्रीत कौर पिछले तीन मैचों में 21, 19 और 9 रन ही बना पाई हैं, वहीं स्मृति मंधाना ने 8, 23 और 23 रन ही जोड़ पाए। मध्यक्रम की जेमिमा रॉड्रिग्स केवल पाकिस्तान के खिलाफ 32 रन ही बना सकी। कुल मिलाकर, शीर्ष पांच बल्लेबाजों में किसी ने भी तीन मैचों में अर्धशतक नहीं बनाया। हार के बाद कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, हम शीर्षक्रम में जिम्मेदारी से नहीं खेल सके। हमें बड़े स्कोर बनाने होंगे और सकारात्मक सोच के साथ खेलना होगा।

ऑस्ट्रेलिया अब तक बिना किसी हार के आगे बढ़ रही है। गत चैम्पियन ने पाकिस्तान के खिलाफ बेथ मूनी के शतक और गेंदबाजों की सहायता से जीत दर्ज की। तेज गेंदबाज किम गार्थ, मेगन शूट और अनाबेल सदरलैंड ने मिलकर सात विकेट लिए। पिछले 12 वनडे विश्व कप मुकाबलों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच भारत केवल तीन बार ही जीत पाया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने नौ बार जीत दर्ज की है।




भारत की उम्मीदें कप्तान हरमनप्रीत कौर और स्पिनर दीप्ति शर्मा पर टिकी हैं, जिन्होंने 2017 इंग्लैंड सेमीफाइनल में अहम भूमिका निभाई थी। इस बार भी उनके अनुभव और प्रदर्शन से टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया जैसी चुनौतीपूर्ण टीम के खिलाफ मुकाबले में मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रॉड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरूंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

**ऑस्ट्रेलियाः** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, एलेना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिन्यु, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शूट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

# विश्व पैरा चैंपियन सिमरन के गाइड उमर सैफी डोपिंग में फेल, पदक गंवाने का खतरा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता धावक सिमरन शर्मा के पदक खतरे में हैं। कारण उनके गाइड उमर सैफी का डोप परीक्षण में असफल होना है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने सैफी को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।

सैफी पिछले सात महीनों से दृष्टिबाधित सिमरन के गाइड हैं। उनके डोप टेस्ट में ड्रोस्टैनोलोन पाया गया, जो एक प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉयड है और मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने में मदद करता है।

सिमरन ने 7 सितंबर को दिल्ली स्टेट ओपन में 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था, जहां उनका यह डोप टेस्ट किया गया था। सैफी का नाम शुक्रवार को नाडा द्वारा जारी अस्थायी निलंबित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया। वह इस फैसले के खिलाफ अपील कर सकते हैं और 'बी' नमूना परीक्षण की मांग कर सकते हैं।

सिमरन ने इस साल भारत में आयोजित पहली बार विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर टी12 में स्वर्ण और 200 मीटर में रजत पदक भी जीता था। 100 मीटर का यह स्वर्ण उनका लगातार दूसरा विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण है। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के नियमों के अनुसार, यदि सैफी अपनी बेगुनाही साबित करने में विफल रहते हैं, तो सिमरन अपने पदक खो सकती हैं। भारतीय पैरा एथलेटिक्स के चेयरमैन सत्यनारायण ने कहा, 'गाइड भी प्रतियोगिता का हिस्सा होते हैं और उन्हें भी पदक मिलता है। यदि गाइड डोपिंग में दोषी पाया गया तो एथलीट को भी परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।'

पिछले साल पेरिस पैरालंपिक में सिमरन ने कांस्य पदक जीता था, उस समय उनके गाइड अभय सिंह थे। नाडा की अपडेटेड सूची में 30 नए नाम शामिल किए गए हैं, जिनमें पहलवान रीतिका हुड्डा और धावक एस धनलक्ष्मी भी शामिल हैं। इस सूची में 5 नाबालिग खिलाड़ी भी हैं, जो चिंता का विषय हैं।

# प्वांइट टेबल में न्यूजीलैंड ने खोला खाता, पाकिस्तान की स्थिति और भी नाजुक




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी वुमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के 11वें मैच में न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 100 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने पॉइंट्स टेबल में अपना खाता खोल लिया है। टूर्नामेंट में भाग ले रही आठ टीमों में अब सिर्फ पाकिस्तान ही ऐसी टीम रह गई है जिसके खाते में एक भी अंक नहीं है। वहीं श्रीलंका ने भी अब तक कोई मैच नहीं जीता है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसका मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया था, जिससे उसे एक अंक मिल गया। न्यूजीलैंड की टीम अब पॉइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है।

टूर्नामेंट की शीर्ष चार टीमों में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पहले, इंग्लैंड दूसरे, भारत तीसरे और साउथ अफ्रीका चौथे पायदान पर हैं। वहीं पाकिस्तान की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। पाकिस्तान ने अब तक तीन मैच खेले हैं और तीनों में हार का सामना किया है। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में जहां टीम उलटफेर का शिकार बनी, वहीं भारत और ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें बुरी तरह पराजित किया। लगातार तीन हार के बाद पाकिस्तान के टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा बढ़ गया है और अब आगे के मैच उनके लिए करो या मरो की स्थिति बन चुके हैं।

दूसरी ओर न्यूजीलैंड की टीम ने आखिरकार जीत का स्वाद चखा है। इस टूर्नामेंट में उनके लिए यह तीसरा मैच था। इससे पहले कीवी टीम को ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। बांग्लादेश के खिलाफ इस मुकाबले में न्यूजीलैंड की बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया, जिसके बाद गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए विरोधी टीम को 100 रनों से पराजित किया। इस जीत से न्यूजीलैंड को टूर्नामेंट में नई ऊर्जा मिली है और टीम अब सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने की उम्मीद के साथ आगे बढ़ेगी।

# भारत और वेस्टइंडीज दूसरे टेस्ट मैच : वेस्टइंडीज का स्कोर 140/4, भारत 378 रन आगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो चुका है। अरुण जेटली स्टेडियम में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 518/5 पर पारी घोषित की, जिसके बाद वेस्टइंडीज ने दिन का अंत 140/4 के स्कोर के साथ किया। अब भी कैरेबियाई टीम भारत से 378 रनों से पीछे है।

दिन का आकर्षण रहे रवींद्र जडेजा, जिन्होंने अपनी सटीक लाइन और लेंथ से विरोधी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया और 3 विकेट हासिल किए। उनके अलावा कुलदीप यादव ने एक सफलता पाई।




### भारत की पहली पारीः जायसवाल और शुभमन का कमाल

पहले दिन भारत के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। सलामी जोड़ी यशस्वी जायसवाल (175) और केएल राहुल (36) ने ठोस शुरुआत दी। इसके बाद साई सुदर्शन (87) ने जायसवाल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 193 रनों की साझेदारी की। जायसवाल का शतक 145 गेंदों में आया, जबकि शुभमन गिल ने 196 गेंदों पर नाबाद 129 रन की पारी खेलते हुए टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। नीतीश रेड्डी (43) और ध्रुव जुरेल (44) ने भी तेज पारी खेली। भारत ने 134.2 ओवर में 518 रन बनाकर पारी घोषित की।

### वेस्टइंडीज की पारीः फिरकी में फंसे बल्लेबाज

जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत निराशाजनक रही। ओपनर जॉन कैम्पबेल (10) जल्दी आउट हुए। तेजनारायण चंद्रपॉल (34) और एलिक अथानाज (41) ने थोड़ी देर प्रतिरोध किया, लेकिन जडेजा ने दोनों को चलता किया।

कप्तान रोस्टन चेज़ बिना खाता खोले आउट हुए। दिन के अंत में शाई होप (31)* और टेविन इमलाच (14)* नाबाद रहे।

### भारत की नजर 10वीं सीरीज जीत पर

भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली 9 टेस्ट सीरीज में एक भी हार नहीं झेली है। 2002 के बाद से कैरेबियाई टीम भारत के खिलाफ कोई टेस्ट मैच नहीं जीत पाई है। दिल्ली के इस मैदान पर जडेजा का प्रदर्शन एक बार फिर चर्चा में है – याद दिला दें, 2023 में इसी पिच पर उन्होंने एक पारी में 7 विकेट (7/42) और पूरे मैच में 10 विकेट झटके थे।

### मैच की स्थिति


भारत का पलड़ा भारी है और तीसरे दिन टीम इंडिया की कोशिश होगी कि शुरुआती सेशन में ही वेस्टइंडीज की पारी को समेटकर फॉलोऑन या पारी से जीत की स्थिति बनाए।

# शंघाई मास्टर्स 2025 :वेलेंटिन वाशरो ने जोकोविच को हराकर फाइनल में जगह बनाई

शंघाई। मोनाको के 26 वर्षीय खिलाड़ी वेलेंटिन वाशरो ने 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को 6–3, 6–4 से हराकर शंघाई मास्टर्स 2025 के फाइनल में प्रवेश किया। 204वीं रैंकिंग के वाशरो टूर्नामेंट में क्वालीफाइंग के माध्यम से आए थे, लेकिन अब उन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वाशरो ने कहा, 'कोर्ट पर नोवाक को देखना मेरे लिए अविश्वसनीय अनुभव था।' फाइनल में वाशरो का सामना उनके चचेरे भाई आर्थर रिंदरनेश से हो सकता है, जिन्होंने सेमीफाइनल में 16वें वरीय दानिल मेदवेदेव को हराना है। जोकोविच इस मैच में कूल्हे की चोट से प्रभावित दिखे और पहले सेट में 3–4 से पीछे रहने के बाद मेडिकल टाइमआउट लिया, लेकिन अगले गेम में केवल एक अंक ही जीत सके।



# ऑस्ट्रेलिया दौरे में संगकारा का रिकार्ड तोड़ सकते हैं विराट



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के पास ऑस्ट्रेलिया दौरे में एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम करने का अवसर है। इस दौरे में विराट अगर 54 रन बना लेते हैं तो वह एकदिवसीय में सबसे अधिक रनों के मामले में दूसरे नंबर पर चल रहे पूर्व श्रीलंकाई बल्लेबाज कुमार संगकारा का रिकॉर्ड तोड़ देंगे और इसके साथ ही शीर्ष पर कायम सचिन तेंदुलकर के रिकार्ड के भी करीब पहुंच जाएंगे। एकदिवसीय में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर संगकारा हैं। संगकारा ने 404 एकदिवसीय मैचों में 41.99 की औसत से 14234 रन बनाए हैं। वहीं विराट के 302 मैचों में 14181 रन हैं। इस प्रकार विराट और संगकारा के बीच महज 54 रनों का अंतर रह गया है। विराट एकदिवसीय में सबसे अधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने इस प्रारुप में अब तक उन्होंने कुल 50 शतक लगाये है वहीं सचिन के नाम 49 शतक हैं। हालांकि, रनों के मामले में फिलहाल वह सचिन से पीछे हैं। सचिन ने 463 मैचम में 18426 रन बनाये हैं। इस प्रकार दोनो के बीच का अंतर चार हजार से भी अधिक है। कोहली का ऑस्ट्रेलिया में काफी अच्छा रिकार्ड रहा है। साल 2009 से लेकर 2025 तक उन्होंने ऑस्ट्रेलिय के खिलाफ कुल 50 एकदिवसीय मैच खेलते हुए 54.46 की औसत और 93.69 की स्ट्राइक रेट से 2451 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 8 शतक और 15 अर्धशतक लगाये हैं।

# जोहर कप 2025: रोमांचक मुकाबले में भारत की जीत, ग्रेट ब्रिटेन को 3-2 से हराया

**जोहर बहारू (मलेशिया) (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने सुल्तान ऑफ जोहर कप 2025 (Sultan of Johor Cup 2025) अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए ग्रेट ब्रिटेन को 3-2 से हराया। यह मुकाबला शनिवार को तमन दया हॉकी स्टेडियम में खेला गया।

भारत की ओर से कप्तान रोहित (45+', 52') और रवनीत सिंह (23') ने गोल किए, जबकि ग्रेट ब्रिटेन के लिए माइकल रॉयडन (26') और काडेन ड्रेसी (46') ने गोल दागे।

पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक हॉकी खेली, लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत को 13वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे ब्रिटिश डिफेंस ने रोक दिया। 22वें मिनट में मनमीत सिंह का शॉट गोललाइन पर क्लियर कर दिया गया, लेकिन अगले ही मिनट रवनीत सिंह ने शानदार फिनिश के साथ भारत को बढ़त दिलाई। 26वें मिनट में माइकल रॉयडन ने ग्रेट ब्रिटेन के लिए बराबरी का गोल दागा। हाफ टाइम तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमें मौके तलाशती रहीं।




45वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर कप्तान रोहित ने सटीक ड्रैगफ्लिक के जरिए गोल दागते हुए बढ़त दिलाई। हालांकि, 46वें मिनट में ब्रिटेन को पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे काडेन ड्रेसी ने भुनाया और स्कोर 2-2 कर दिया।

इसके बाद भारत ने लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, जिनमें से तीसरे मौके पर रोहित (52') ने जोरदार शॉट लगाकर निर्णायक गोल किया और भारत ने मुकाबला 3-2 से जीत लिया। भारत अब रविवार को अपना अगला मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगा।

# एशियाई कप क्वालीफायर : सुभाशीष बोस और राल्टे हुए टीम इंडिया में शामिल



मडगांव। सीनियर डिफेंडर सुभाशीष बोस और मिडफील्डर लालेंगमाविया राल्टे एशियाई कप क्वालीफायर में सिंगापुर के खिलाफ दूसरे चरण के अहम मैच से पहले भारतीय फुटबॉल टीम के राष्ट्रीय शिविर में शामिल हो गए हैं। भारत ने सिंगापुर में खेले गए पहले चरण के मुकाबले को 1–1 से ड्रॉ किया था। अब टीम दूसरे चरण की मेजबानी गोवा में करेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) (ब्बस्नस्न) ने इस खबर की पुष्टि की और बताया कि बोस और राल्टे आज से शिविर में ट्रेनिंग शुरू करेंगे। भारत ने इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश के खिलाफ 0–0 से ड्रॉ और हांगकांग से 0–1 से हार के बाद केवल एक अंक अर्जित किया है। ऐसे में सिंगापुर के खिलाफ 'डबल हेडर' मुकाबला टीम के एशियाई कप क्वालीफिकेशन के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। टीम ने पिछले महीने सीएएफए नेशंस कप में कांस्य पदक भी जीता था।

# शिवाजी पार्क में घंटों प्रैक्टिस करते दिखे रोहित शर्मा

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के 'हिटमैन' रोहित शर्मा भले ही अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर पहुंच चुके हों, लेकिन उनके लिए फैंस का प्यार अब भी बरकरार है। हाल ही में उनसे वनडे टीम की कप्तानी छीन ली गई है, जबकि वह पहले ही टेस्ट और टी20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। इन सबके बीच शुक्रवार को सोशल मीडिया पर रोहित शर्मा का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह मुंबई के मशहूर शिवाजी पार्क में अभ्यास करते नजर आए। वीडियो में रोहित करीब दो घंटे तक नेट्स में जमकर बल्लेबाजी करते हुए दिखे। जैसे ही वह अभ्यास सत्र खत्म कर बाहर निकले, वहां मौजूद फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब हो उठे। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि रोहित के मेंटोर और पूर्व भारतीय क्रिकेटर अभिषेक नायर को खुद फैंस से अपील करनी पड़ी। नायर, जो कभी रोहित के साथ मुंबई रणजी टीम में खेल चुके हैं, फैंस से कहते हुए नजर आए ÷कोई धक्का मत देना, हम सब फैन हैं, लेकिन उसको लगना नहीं चाहिए।' रोहित शर्मा ने यह अभ्यास सत्र नायर की निगरानी में ऑल हार्ट क्रिकेट अकादमी में किया, जो शिवाजी पार्क में स्थित है। इस दौरान मुंबई के युवा क्रिकेटर अंगकृष रघुवंशी सहित कई स्थानीय खिलाड़ी भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि यह अभ्यास सत्र रोहित की ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी का हिस्सा था। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 19 अक्टूबर से पर्थ में शुरू होगी।



# सूर्यकुमार बोले मुम्बई इंडियंस में तैयार होते हैं तिलक जैसे खिलाड़ी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल फ्रेंचाइजी मुम्बई इंडियंस की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उससे मैच विजेता खिलाड़ी निकलते हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि एशिया कप में शानदार पारी खेलने वाले तिलक वर्मा भी मुम्बई से ही निकले हैं। सूर्या के अनुसार मुम्बई इंडियंस किसी गुरुकुल की तरह है जो बेहतरीन खिलाड़ियों को तैयार करता है। मुम्बई से खेलने वाले तिलक ने एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 53 गेंदों में 69 रनों की नाबाद पारी खेलकर भारतीय टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस मैच में जब तिलक बल्लेबाजी के लिए आये तब भारतीय टीम परेशानी में थी और उसने 20 रनों पर ही तीन विकेट खो दिये थे। इसके बाद तिलक ने जबरदस्त पारी खेली। आईपीएल में मुम्बई की ओर से भी इसी प्रकार तिलक के कई बेहतरीन पारियां खेली हैं और उस अनुभवी का लाभ उन्हें एशिया कप में मिला। सूर्यकुमार ने तिलक की तारीफ करते हुए उनके शानदार प्रदर्शन का श्रेय मुंबई इंडियंस को दिया है। मुम्बई ने इसका एक वीडियो भी साझा किया है। इस वीडियो में सूर्यकुमार तिलक को लेकर कहते दिखते हैं, जब हम नवंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका में थे तब उसने 2 शतक जड़े तब हमें पता चल गया कि तिलक आ चुका है पर उसने हमें असली तिलक एशिया कप में दिखाया कि वह क्या कर सकता है। सूर्या ने कहा कि मुम्बई में मिले अनुभवों के कारण ही तिलक आज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में स्थापित हो गये हैं। उन्होंने कहा, मैंने जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्य ने भारतीय टीम में जगह मिलने से पहले आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेला था। मुंबई इंडियंस एक गुरुकुल की तरह है। मुंबई इंडियंस वो गुरुकुल है जहां वे खिलाड़ी तैयार करते हैं। हम वहां पर दबाव के हालातों में बल्लेबाजी करते और उसका लाभ भारतीय टीम से खेलने के दौरान होता है। जब हम इंडिया के लिए खेले तब हम पहले ही से तैयार थे। तिलक को पता था कि वह इस तरह के दबाव वाले हालातों में कैसा खेला जाता है। इसलिए उससे निडर होकर खेला ।



# शुभमन गिल के आलोचकों को गौतम गंभीर का सीधा जवाब- 'वह सबसे कठिन परीक्षा में अच्छे अंकों से पास हुआ'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने भारतीय क्रिकेट के नए कप्तान शुभमन गिल की जमकर तारीफ की है। ये तारीफ गिल के आलोचकों के लिए करारा और सीधा जवाब है। गंभीर ने जवाब देते हुए साफ किया कि वह गिल का तब तक पूरा समर्थन करेंगे, जब तक यह युवा खिलाड़ी अपना काम ठीक से करता रहेगा। दिल्ली के फ़िरोज़शाह कोटला स्टेडियम में भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दौरान स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए गौतम गंभीर ने शुभमन गिल की कप्तानी की प्रशंसा की।

### टेस्ट कप्तानी में मिली थी अनुचित आलोचना

गंभीर ने याद किया कि इस साल की शुरुआत में भारत के इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद शुभमन गिल को किस तरह अनुचित आलोचना का सामना करना पड़ा था। गंभीर के अनुसार गिल ने इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज (जो भारत ने 2-2 से ड्रॉ कराई थी) के दौरान अविश्वसनीय धैर्य दिखाते हुए अपने आलोचकों को चुप करा दिया।

गंभीर ने कहा, 'मुझे याद है, पूरी बातचीत याद है। एक 25 साल के युवा को टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपते हुए मैंने उससे एक बात साफ़-साफ़ कह दी थी- हमने तुम्हें गहरे समुद्र में फेंक दिया है। यहां से सिर्फ़ दो ही रास्ते हैं- या तो तुम डूब जाओगे या फिर एक विश्वस्तरीय तैराक बन जाओगे।'

### प्रेशर संभालना मायने रखता है

गंभीर ने ज़ोर देकर कहा कि उनके लिए गिल द्वारा बनाए गए रन मायने नहीं रखते। गंभीर के शब्द थे- 'मेरे लिए इंग्लैंड में शुभमन गिल के बनाए गए 750 रन उतने मायने नहीं रखते। यह मायने रखता है कि एक 25 साल के युवा ने कप्तान के तौर पर अपनी पहली टेस्ट सीरीज में खुद को, टीम को और प्रेशर को कितनी खूबी से संभाला।'

### ODI 2027 में भी संभाल सकते हैं टीम की कमान

शुभमन गिल को अब रोहित शर्मा की जगह वनडे टीम की कप्तानी भी सौंप दी गई है। वह अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज से टीम इंडिया के वनडे कप्तान के रूप में अपनी पारी शुरू करेंगे। बीसीसीआई गिल को दक्षिण अफ्रीका में 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए बतौर कप्तान तैयार कर रहा है।

गिल ने ऐसे महत्वपूर्ण दौर में टेस्ट टीम की कमान संभाली थी, जब विराट कोहली और रोहित शर्मा ने आईपीएल के बीच में ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। ऑस्ट्रेलिया से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हारने और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में 0-3 से व्हाइट वॉश होने के बाद इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया काफी दबाव में थी।

### सबसे कठिन परीक्षा पास कर चुके हो

ओवल टेस्ट में जीत के साथ सीरीज 2-2 से बराबर करने के बाद गंभीर ने गिल के साथ हुई अपनी बातचीत को याद किया। उन्होंने कहा,'मुझे नहीं लगता कि गिल को अपने करियर में इससे कठिन परीक्षा से गुजरना पड़ेगा। चाहे वह 10 साल, 15 साल या 2 साल कप्तानी करें, लेकिन उनके लिए इंग्लैंड दौरे पर वह दो महीने का समय सबसे चुनौतीपूर्ण था।'



गंभीर ने कहा, 'इंग्लैंड की बैटिंग यूनिट बेहद खतरनाक थी और हमारी टीम अनुभवहीन। शुभमन ने प्रेशर को खूबी हैंडल किया। उसके लिए वह एक बड़ी परीक्षा थी। मुझे याद है ओवल टेस्ट के बाद मैंने उनसे कहा था- तुम अपनी सबसे कठिन परीक्षा पास कर चुके हो। बदलाव का दौर खत्म हो गया है। अब से चीजें आसान हो जाएंगी।'

## संक्षिप्त समाचार

### जॉर्जिया में चुनाव के दौरान हिंसक विरोध प्रदर्शन, प्रदर्शनकारियों ने आगजनी की ; पुलिस ने मिर्च स्प्रे किया



**त्बिलिसी एजेंसी।** जॉर्जिया की राजधानी त्बिलिसी में शनिवार को नगरपालिका चुनावों के दौरान सरकार के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। नकाबपोश प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति भवन के पास सुरक्षा बैरियर तोड़ने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों ने कुर्सियों में आग लगा दी और सड़कों पर बैरिकेड्स बनाए। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार, काली मिर्च स्प्रे और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। जॉर्जिया पूर्वी यूरोपीय देश है, जो रूस और तुर्की के बीच स्थित है। यह पिछले साल के संसदीय चुनावों में सत्तारूढ़ जॉर्जियन ड्रीम पार्टी की जीत के दावे के बाद से संकट में है। विपक्षी दलों का कहना है कि उस चुनाव में धोखाधड़ी हुई थी। सरकार ने यूरोपीय संघ (ईयू) में शामिल होने की बातचीत को भी रोक दिया है। शनिवार को हजारों प्रदर्शनकारी त्बिलिसी के फ्रीडम स्क्वायर और रुस्तवेली एवेन्यू पर जमा हुए, जिनमें से कई जॉर्जिया, ईयू और यूक्रेन के झंडे लहरा रहे थे। उन्होंने जॉर्जियन ड्रीम पार्टी पर तानाशाही और रूस समर्थक रवैये का आरोप लगाया। कुछ विपक्षी नेताओं ने सरकार को हटाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने सत्तारूढ़ पार्टी के 6 नेताओं की गिरफ्तारी की भी मांग की और जनता की इच्छा का सम्मान करने को कहा।

### नेपाल में कुदरत का कहर, 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश से 18 लोगों की मौत ; कई नदियों का बढ़ा जलस्तर



**काठमांडु, एजेंसी।** पड़ोसी देश नेपाल में कुदरत का कहर देखने को मिला है। पूर्वी नेपाल के इलम में पिछले 24 घंटों में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 18 लोगों की जान गई है। दरअसल,रविवार सुबह तक सूर्योदय नगर पालिका में भूस्खलन में कम से कम 5 लोग, मंगसेबुंग नगर पालिका में 3 और इलम नगर पालिका में 6 लोगों की मौत की खबर है। इस आपका के बाद प्रशासन राहत के कामों में लग गया है। बढ़ सकती है मृतकों की संख्या वहीं,एसएसपी पोखरेल ने समाचार एजेंसी एएनआई से फोन पर बातचीत में कहा कि इस आपदा में मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। वर्तमान में नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक हमारे पास केवल नुकसान और क्षति का प्रारंभिक विवरण है। प्रभावित इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों के तीनों स्तरों (जिसमें नेपाल सेना, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल पुलिस शामिल है) को तैनात किया गया है। भारी बारिश और आगे भी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की गई है। इस बीच नदियां उफान पर हैं। काठमांडू घाटी के बाढ़ के मैदानों से निवासियों को निकालने के लिए उन्हें तैनात किया गया है। नदियों के किनारे तलाशी अभियान जारी सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार को घाटी से होकर गुजरने वाली सभी प्रमुख नदियों के किनारे बसी बस्तियों में तलाशी अभियान चलाया। एजेंसियों ने घर-घर में जाकर तलाशी ली, निवासियों को बाहर निकलने में मदद की और उनके सामान को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद की। इन नदियों का जलस्तर बढ़ने की संभावना नेपाल के जल विज्ञान और मौसम विज्ञान विभाग ने बागमती, हनुमंते, मनोहरा, धोबी खोला, बिष्णुमती, नक्खू और बल्खू नदियों में जलस्तर बढ़ने की जानकारी दी है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि बाढ़ सड़क किनारे के इलाकों तक पहुंच सकती है और बस्तियों में घुस सकती है। निवासियों और वाहन चालकों से बाढ़ के खतरे के कारण नदी के किनारे यात्रा करने से बचने का आग्रह किया गया है।

# असद शासन के तख्तापलट के बाद सीरिया में पहली बार हो रहे संसदीय चुनाव

**दश्मिक, एजेंसी।** सीरिया में दशकों की तानाशाही और एक लंबे गृहयुद्ध के बाद रविवार को पहली बार संसदीय चुनाव हो रहे हैं। दरअसल, दिसंबर में एक विद्रोही हमले में निरकुंश नेता रहे बशर अल-असद को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। जिसके बाद यह चुनाव हो रहा है। सीरिया में हो रहा यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। क्योंकि यहां 50 वर्षों से अधिक समय तक असद परिवार ने देश पर कठोर शासन किया था। पिछले 10 वर्षों में सीरिया में हुए गृहयुद्ध ने तबाह कर दिया था। वैसे तो सीरिया में नियमित चुनाव होते रहे थे। जिसमें सभी सीरियाई नागरिक को मतदान करने का अधिकार था। लेकिन असद के नेतृत्व वाली बाथ पार्टी हमेशा संसद पर हावी रही, और इन चुनावों को व्यापक रूप से दिखावटी चुनाव माना जाता था।




**लोकतांत्रिक प्रकिया पर नहीं हो रहा चुनाव :** हालांकि, रविवार को हो रहा चुनाव भी पूरी तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर नहीं होगा। बल्कि, पीपुल्स असेंबली की ज्यादातर सीटों पर प्रत्येक जिले के निर्वाचक मंडल द्वारा मतदान किया जाएगा, जबकि एक-तिहाई सीटों पर अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा द्वारा सीधे नियुक्ति की जाएगी। फिर भी चुनाव परिणामों को इस बात का पैमाना माना जाएगा कि अंतरिम सरकारें समावेशिता, खासकर महिलाओं और अल्पसंख्यकों के प्रति, कितनी गंभीर हैं।

**कैसे काम करती है यह प्रणाली? :** बता दें कि पीपुल्स असेंबली में 210 सीटें हैं, जिनमें से दो-तिहाई रविवार को चुनी जाएंगी और एक-तिहाई नियुक्त की जाएंगी। निर्वाचित सीटों पर देश भर के जिलों के निर्वाचक मंडल द्वारा मतदान किया जाता है, और प्रत्येक जिले के लिए सीटों की संख्या जनसंख्या के अनुसार वितरित की जाती है।

चुनावी प्रक्रिया के अनुसार, 60 ज़िलों में कुल 7,000 निर्वाचक मंडल सदस्यों - जिन्हें इस उद्देश्य के लिए नियुक्त समितियों द्वारा प्रत्येक जिले में आवेदकों के समूह में से चुना जाता है। उनको 140 सीटों के लिए मतदान करना चाहिए। लेकिन स्वेदा प्रांत और कुर्द नेतृत्व वाली सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेज के नियंत्रण वाले पूर्वोत्तर क्षेत्रों में स्थानीय अधिकारियों और दमिश्क की केंद्र सरकार के बीच तनाव के कारण चुनाव अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिए गए हैं, जिसका अर्थ है कि ये सीटें खाली रहेंगी। वहीं, करीब 6,000 निर्वाचक मंडल सदस्य 50 जिलों में लगभग 120 सीटों के लिए मतदान करेंगे। व्यक्तिगत रूप चुनाव लड़ रहें नेता गौरतलब है कि असद के सत्ता से बेदखल होने के बाद अंतरिम अधिकारियों ने सभी मौजूदा राजनीतिक दलों को भंग कर दिया। इसमें अधिकांश असद सरकार से निकटता से जुड़े थे। यहां अभी तक नए दलों के रजिस्ट्रेशन की कोई व्यवस्था नही है। इसलिए सभी उम्मीदवार व्यक्तिगत रूप से चुनाव लड़ रहे हैं।

**महिलाओं के लिए कोई रिजर्व कोटा नहीं :** संसद में महिलाओं और धार्मिक या जातीय अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व के लिए कोई रिजर्व कोटा नहीं है। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने राष्ट्रीय चुनाव समिति के प्रमुख मोहम्मद ताहा अल-अहमद के हवाले से बताया कि अंतिम सूचियों में शामिल 1,578 उम्मीदवारों में से 14 प्रतिशत महिलाएं थीं। कुछ ज़िलों में, कुल उम्मीदवारों में से 30 या 40 प्रतिशत महिलाएं हैं, जबकि अन्य में कोई महिला उम्मीदवार नहीं है।

## अब हुई देरी, तो भुगतने के लिए तैयार रहना, शांति समझौते को मानने के लिए ट्रंप ने हमास को दी वॉर्निंग



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एक बार फिर फलस्तीन में गाजा समूह को चेतावनी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह (हमास) जल्द से जल्द कदम उठाए और इजरायल के साथ शांति समझौते पर सहमत हो, वरना गाजा में और ताबाही देखने को मिल सकती है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा कि हमाज को जल्द ही कदम उठाना होगा, वरना सारे दांव बेकार चले जाएंगे। उन्होंने यह भी लिखा कि वह अब देर बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्लान को हमास को मानना चाहिए और इसको जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। इसके अलावा डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात की सराहना भी कि इजरायल ने बंधकों की रिहाई और शांति समझौते को पूरा होने का मौका देने के लिए बमबारी अस्थायी रूप से रोक दी है। हालांकि, इस बीच नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि इजरायल ने रात भर में गाजा शहर पर दर्जनों हमले किए।

**कोई भी देरी बर्दाश्त नहीं :** बताया जा रहा है कि ट्रंप के एक वरिष्ठ दूत बंधकों की रिहाई की जानकारी और को पाने और इस विवरण को अंतिम रूप देने के लिए मिस्र जा रहे थे। चूंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले ही चेतावनी दी है कि इस प्लान में वह देरी बर्दाश्त नहीं करेंगे। एनडीटीवी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि जेरेड कुशनर और ट्रंप के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ बंधकों की रिहाई के विवरण को अंतिम रूप देने और इजरायल और हमास के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा प्रस्तावित समझौते पर चर्चा करने के लिए इस क्षेत्र की यात्रा कर रहे हैं।

सभी बंधकों को छोड़ने के तैयार है हमास गौरतलब है कि फलस्तीन में हमास समूह ने शुक्रवार को दो साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने वाली योजना पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इस दौरान हमास का कहना है कि वह सभी बंधकों को रिहा करने और समझौते के विवरण पर चर्चा करने के लिए तैयार है।

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसके बदले में इजरायल से युद्धग्रस्त क्षेत्र पर बमबारी तुरंत रोकने का आह्वान किया, हालांकि क्षेत्र में वाशिंगटन के प्रमुख सहयोगी ने शनिवार को कहा कि उसके सैनिक अभी भी गाजा में सक्रिय हैं।

## अमेरिकी पुलिस ने शिकागो में महिला को मारी गोली

**शिकागो , एजेंसी।** अमेरिका के शिकागो में कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर हमला हुआ है। करीब 10 वाहनों ने उन्हें टक्कर मारते हुए घेर लिया। इस दौरान अमेरिकी संघीय एजेंटों ने एक महिला को गोली मार दी। यह घटना बढ़ते आईसीई विरोधी प्रदर्शन और ट्रंप सरकार द्वारा डेमोक्रेटिक नेतृत्व वाले शहरों में अशांति को कम करने के प्रयासों के बीच हुई है। संघीय एजेंटों का कहना है कि शिकागो के साउथ साइड पर अधिकारियों को फंसाया गया था। डीएचएस की सहायक सचिव ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कम से कम 10 कारों ने अधिकारियों को टक्कर मारी और घेर लिया। उन्होंने आगे लिखा कि एजेंट अपने वाहनों को आगे नहीं बढ़ा पाए और कार से बाहर निकल गए। कानून प्रवर्तन वाहन को टक्कर मारने वाले ड्राइवरों में से एक के पास एक अर्ध-स्वचालित हथियार था। कानून प्रवर्तन को अपने हथियार तैनात करने और एक सशस्त्र अमेरिकी नागरिक पर रक्षात्मक गोलियां चलाने के लिए मजबूर होना पड़ा, जो खुद ही घावों का इलाज कराने के लिए अस्पताल जा रही थी। मैकलॉघलिन ने पोस्ट के जरिए बताया कि सशस्त्र महिला का नाम पिछले हफ्ते एक खुफिया बुलेटिन में एजेंटों की जानकारी छिपाने और ऑनलाइन पोस्ट करने के लिए दर्ज किया गया था। महिला का नाम अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है और शनिवार को उसकी हालत ठीक नहीं थी। इस मामले को लेकर अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग की सचिव क्रिस्टी नोएम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज शिकागो में, हमारे बहादुर कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर हमला किया गया - दस वाहनों ने उन्हें टक्कर मार दी और घेर लिया, जिनमें एक अर्ध-स्वचालित हथियार से लैस हमलावर भी शामिल था। मैं घटनास्थल पर नियंत्रण के लिए और विशेष अभियान चला रही हूं। अतिरिक्त बल आ रहे हैं। अगर आज आपको कोई कानून प्रवर्तन अधिकारी मिले, तो उन्हें धन्यवाद दें।

## ट्रंप प्रशासन को यूएसफेडरल कोर्ट से बड़ा झटका, पोर्टलैंड में सैनिकों की तैनाती पर लगाई रोक

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिकी संघीय न्यायालय राष्ट्रपति डोनलड ट्रंप को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने 200 नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनानी पर स्थायी रोक लगा दी है। संघीय न्यायालय का कहना है कि हाल के दिनों में हुए विरोध प्रदर्शनों को 'विद्रोह' नहीं कहा जा सकता और यह विरोध कानून-व्यवस्था में गंभीर बाधा नहीं बनती।

दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ओरेगन के पोर्टलैंड शहर में 200 नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया था। लेकिन संघीय जज ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को पोर्टलैंड शहर में 200 ओरेगन नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी। संघीय न्यायालय द्वारा यह रोक 18 अक्टूबर तक के लिए लगाया गया है। पोर्टलैंड में अमेरिकी जिला जज करिन इमरगुट ने यह फैसला सुनाया है। उन्होंने नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती पर रोक लगाते हुए कहा कि प्रशासन ने ऐसा कोई सबूत पेश नहीं किया, जिससे यह साबित हो सके कि पोर्टलैंड में विरोध प्रदर्शन किसी विद्रोह के स्तर तक पहुंचे हों या उन्होंने कानून व्यवस्था में गंभीर बाधा बन रही हो। साथ ही यह भी दावा किया गया है कि ट्रम्प की तैनाती राज्य के अधिकारों का उल्लंघन करती है।

**ट्रंप के लिए बड़ा झटका :** पोर्टलैंड में अमेरिकी जिला जज करिन इमरगुट का फैसला यह फैसला ट्रम्प के लिए एक झटका है क्योंकि वह उन शहरों में सेना भेजना चाहते हैं। जिन्हें वह अपने डेमोक्रटिक नेताओं की आपत्तियों के बावजूद अराजक बताते हैं। ट्रंप द्वारा अपने पहले कार्यकाल के दौरान नियुक्त किए गए इमरगुट ने ही रिपब्लिकन राष्ट्रपति को कम से कम 18 अक्टूबर तक सेना भेजने से रोक दिया।

वकीलों ने क्या कहा? गौरतलब है कि ट्रंप ने पोर्टलैंड शहर को युद्धग्रस्त बताते हुए नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती करने का आदेश दिया था। लेकिन इस मामले पर ओरेगन अटॉर्नी जनरल कार्यालय के वकीलों ने कहा है कि पोर्टलैंड में विरोध प्रदर्शन छोटे और शांत थे। इसी वजह से 19 जून तक सिर्फ 25 गिरफ्तारियां हुईं। जबकि इसके बाद तीन महीनों में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई।

व्हाइट हाउस करेगा अपील करेगा व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एबिगेल जैक्सन ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने हिंसक दंगों और कानून प्रवर्तन पर हमलों के बाद पोर्टलैंड में संघीय संपत्तियों और कर्मियों की सुरक्षा के लिए अपने वैध अधिकार का प्रयोग किया है। हमें उम्मीद है कि उच्च न्यायालय द्वारा उन्हें दोषमुक्त किया जाएगा।

आपत्तियों के बावजूद सेना भेजने की तैयारी ट्रंप पहले ही लॉस एंजिल्स और वाशिंगटन डी.सी।की पुलिसिंग के लिए नेशनल गार्ड भेज चुके हैं, और उन्होंने कहा है कि वह कई अन्य शहरों में भी सेना भेजेंगे। इससे पहले शनिवार को, इलिनॉय के गवर्नर, जो एक डेमोक्रेट हैं, जेबी प्रिट्जकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि ट्रंप उनकी आपत्तियों के बावजूद शिकागो में 300 नेशनल गार्ड सैनिक भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

## ट्रंप के रोकने के बावजूद गाजा पर हमला कर रहा इजरायल, अटैक में 70 की मौत

**येरूसलम, एजेंसी।** गाजा में चल रहे संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप युद्ध विराम की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच इजरायल ने गाजा पर फिर से हवाई हमला शुरू कर दिया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को हुए इजरायली हमले में कम से कम 70 फिलिस्तीनी नागरिक मारे गए हैं। मारे गए नागरिकों में मासूम बच्चे भी शामिल हैं। दरअसल, ट्रंप हमास-इजरायल के बीच चल रहे युद्ध को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। हमास द्वारा सहमति जताए जाने के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने इजरायल से गाजा पर तुरंत बमबारी रोकने का आदेश दिया था। इसके बाद भी शनिवार को इजरायल द्वारा गाजा पर हमला किया गया है। इस हमले में इजरायली सैन्य ठिकानों के बीच में रहे गाजा शहर के लोग सबसे अधिक हताहत हुए। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य अधिकारियों ने पुष्टि की है कि वहां 45 लोगों की जान चली गई। हाल के हफ्तों में इजरायली हमलों ने दस लाख से अधिक गाजावासियों को प्रभावित किया है। इजरायल द्वारा किए जा रहे हमले के कारण गाजावासियों को यह इलाका छोड़कर दक्षिणी गाजा की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

हमले से पहले खाली करने का अल्टीमेटम इजरायली सेना ने दक्षिणी गाज़ा में एक विस्थापन शिविर, अल-मवासी पर भी हमले किए हैं। इससे पहले ही इजरायली सैनिकों ने फिलिस्तीनियों को खाली करने के लिए कहा था। इस हमले में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि कम से कम आठ अन्य घायल हो गए। इसके अलावा तुफाह इलाके में, एक रिहायशी घर पर भी हवाई हमले हुए। जिसमें 18 लोग मारे गए और कई लोग घायल हुए।

ट्रंप ने दी चेतावनी गौरतलब है कि ट्रंप ने इस बात की सराहना की कि इजरायल ने बंधकों की रिहाई के लिए बमबारी अस्थायी रूप से रोक दी, लेकिन हमास को चेतावनी दी कि वह देरी न करे, वरना सब दांव पर लग जाएगा। ट्रंप ने कहा कि मैं देरी बर्दाश्त नहीं करूंगा, जैसा कि कई लोग सोचते हैं कि होगा, या ऐसा कोई भी नतीजा बर्दाश्त नहीं करूँगा जहाँ गाज़ा फिर से ख़तरा पैदा करे। आइए इसे जल्द से जल्द पूरा करें। सभी के साथ उचित व्यवहार किया जाएगा। ट्रंप ने लिखा, जब हमास पुष्टि करेगा, तो युद्धविराम तुरंत प्रभावी हो जाएगा, बंधकों और कैदियों की अदला-बदली शुरू हो जाएगी, और हम वापसी के अगले चरण के लिए परिस्थितियाँ तैयार करेंगे। मिस्र के विदेश मंत्रालय के अनुसार, हमास और इजरायल के प्रतिनिधिमंडल भी सोमवार को वार्ता में शामिल होंगे।

## कराची में 6 अलग-अलग जगहों पर हुई फायरिंग से दहशत में लोग, 4 की मौत और कई घायल




**कराची , एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में 6 जगहों पर फायरिंग के बाद 4 लोगों की मौत हो गई। यह सभी घटनाएं शनिवार को अलग-अलग जगहों पर दर्ज की गईं। फायरिंग से पूरे शहर में सनसनी फैल गई है। कराची के ओरंगी में कुछ लुटेरों ने इस घटना को अंजाम दिया। इकबाल मार्केट पुलिस स्टेशन में एलपीजी की दुकान पर लूटपाट के दौरान आरोपियों ने दुकानदार पर गोली चला दी और उसकी मौके पर मौत हो गई। दुकानदार ने अपनी जान बचाने के लिए लुटेरे के हाथ से बंदूक छीन ली और उसपर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान आरोपी लुटेरा भी गोली लगने से घायल हो गया और मौके से फरार हो गया। कराची पुलिस के अनुसार, लुटेरे पर पहले से कई गंभीर मामले दर्ज थे। उसपर चोरी, डकैती के अलावा मर्डर का केस भी चल रहा था। वहीं, फायरिंग की दूसरी घटना कराची की शेरपाओ कालोनी में घटी, जहां एक व्यक्ति को सरेआम मौत के घाट उतार दिया गया। व्यक्ति अपनी बाइक से जा रहा था। तभी 2 लोगों ने उसका पीछा किया और बीच सड़क पर उसे गली मार दी। पुलिस का कहना है कि मृतक के सिर में 3 गोलियां मिली हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कराची के मलिर में बकरा पीरी के पास पुलिस एनकाउंटर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक एक पेशेवर लुटेरा था, जिसने कुछ दिन पहले एक दुकानदार की जान ले ली थी। उसका नाम गुलाम कादिर था। एसएसपी के अनुसार, गुलाम समाद काठिवाड़ी नेटवर्क से जुड़ा था और गैंग-वॉर में भी शामिल था। पुलिस को उसके फोन से कई सबूत मिले हैं। न्यू कराची शहर में पुलिस ने एक लुटेरे को गिरफ्तार किया, जो बुरी तरह से घायल था। लोगों ने उसे कराची के निजामाबाद से पकड़ा था और मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, एक अन्य हादसे में 3 साल की बच्ची की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कराची में शनिवार को एक मामला सामने आया था, जिसमें जिन्ना पोस्ट ग्रेजुएट सेंटर में एक महिला को गोली मार दी गई थी।

## पाक आर्मी बोली- अब भारत से युद्ध हुआ तो तबाही होगी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सेना ने शनिवार रात को भारत को चेतावनी देते हुए कहा- अगर अब दोनों देशों के बीच युद्ध हुआ तो विनाशकारी तबाही होगी। अगर दुश्मनी का नया दौर शुरू हुआ तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। हम बिना किसी हिचकिचाहट से जवाब देंगे। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग ने ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर कहा कि भारतीय रक्षामंत्री और सेना के अधिकारियों के गैर-जिम्मेदाराना बयान जंग को बढ़ावा देने की कोशिश है। इसके साथ ही भारतीय आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी पर निशाना साधते हुए पाकिस्तानी सेना ने कहा- जहां तक पाकिस्तान को नक्शे से मिटाने की बातें हैं। भारत को पता होना चाहिए कि ऐसी स्थिति आती है, तो मिटना दोनों तरफ से होगा। दरअसल,शुक्रवार को उपेंद्र द्विवेदी ने कहा था- पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं। अगर अपनी जगह बनानी है, तो उसे आतंकवाद को संरक्षण देना बंद करना पड़ेगा।

**ऑपरेशन सिंदूर= भारत ने पाकिस्तान के 8 आतंकी ठिकाने तबाह किए :** भारत ने 7 मई को रात डेढ़ बजे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। सेना ने कहा था कि इस स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। पाकिस्तान के सरकारी मीडिया के मुताबिक, भारत ने कोटली, बहावलपुर, मुरीदके, बाग और मुजफ्फराबाद में अटैक किया थे। इसमें आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का हेडक्वॉर्टर और जैश-ए-मोहम्मद के मुखिया मसूद अजहर का ठिकाना भी शामिल था।



**3 बयान, जिसपर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया दी :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह (3 अक्टूबर)= जब भी भारत के गौरव और सम्मान की बात आएगी, देश कभी समझौता नहीं करेगा। भारत अपनी एकता और अखंडता की रक्षा के लिए जरूरत पड़ने पर किसी भी सीमा को पार कर सकता है। आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी (3 अक्टूबर)=जिस तरह से भारत ने ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में संयम रखा है, अबकी बार भारत ये संयम नहीं रखेगा। इस बार हम आगे की कार्रवाई करेंगे। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह (3 अक्टूबर)= ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के करीब 12 से 13 विमान तबाह किए गए थे। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट और एक ष्ट-130 (ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट) को जमीन पर तबाह किया। ये विमान पाकिस्तान के एयरबेस और हैंगर (विमानों की पार्किंग) पर खड़े थे। भारत से आ रहे बयान झूठे, उकसाने, बिना सोच-विचार और जंग को बढ़ावा देने वाले हैं। दशकों तक भारत ने खुद को पीड़ित बताकर पाकिस्तान को गलत बताया, जबकि वह खुद हिंसा और आतंक को बढ़ावा देता है। इस साल भारत के कारण दो परमाणु देश युद्ध के कगार पर आ पहुंच गए थे, भारत शायद उन नुकसानों और पाकिस्तान की कड़ी प्रतिक्रियां को भूल गया है। भारतीय रक्षा मंत्री, उसकी सेना और वायु सेना प्रमुखों के भड़काऊ बयानों पर हम चेतावनी देते हैं कि भविष्य में यह टकराव तबाही ला सकता है। अगर दुश्मनी का एक नया दौर शुरू होता है, तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। हम बिना किसी हिचक के पूरी ताकत और मजबूती से जवाब देंगे। जहां तक पाकिस्तान को नक्शे से मिटाने की बातें हैं। भारत को पता होना चाहिए कि ऐसी स्थिति आती है, तो मिटना दोनों तरफ से होगा। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के एक्सपर्ट प्रो. श्रीकांत कोंडापल्ली ने दावा किया है कि पहलगाम आतंकी हमले में शामिल एक आतंकवादी के पास चीनी सैटेलाइट कनेक्शन वाला फोन था, जिससे उसने पाकिस्तान को संदेश भेजे थे। कोंडापल्ली के मुताबिक, पहलगाम इलाके की 120 से अधिक सैटेलाइट स्लाइड्स पाकिस्तान को दी गई थीं। इसका मतलब है कि चीन आतंकवाद पर अपने वादों के बावजूद पाकिस्तान की मदद कर रहा था।

## आतंकियों को तलाशते-तलाशते लापता हुए दो जवानों के शव अनंतनाग में मिले

जम्मू (एजेंसी)। आतंकियों के खिलाफ मोर्चा संभालने वाले चिनार कोर के जवान मौसम की विपरीत परिस्थितयों के बाद भी डटे रहना ही इनका मूल मकसद है। आतंकियों से लोहा लेते वक्त कई बार वीरगति को प्राप्त हो जाते हैं। इसके बाद भी जान की परवाह किए बगैर ये जवान आतंकियों की तलाश में निकले और करीब एक सप्ताह तक वापस नहीं लौटे। शुक्रवार को सुरक्षाबलों को दोनों के शव मिले हैं। शहीद होने वाले जवानों के नाम लांस हवलदार पलाश घोष और लांस नायक सुजय घोष हैं। चिनार कोर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके दोनों जवानों को श्रद्धांजलि दी है। अधिकारियों के अनुसार, दोनों सैनिक संचार लाइन के टूट जाने के बाद लापता हो गए। कमांडो का पता लगाने के लिए हेलीकॉप्टरों को लगाया गया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर इकाई ने बताया कि अभियान चलाने वाली टीम भीषण बर्फीले तूफान में फंस गई थी। चिनार कोर ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, दोनों ही जवान लगातार प्रतिकूल परिस्थितियों में भी आतंकियों के खिलाफ अभियान में सक्रिय थे। उनके साहस और समर्पण को सलाम है। कोर ने शहीदों के परिवार के साथ संवेदना जताते हुए मुश्किल परिस्थिति में साथ खड़े होने का वादा किया है। अधिकारियों ने बताया कि सेना की इलीट पैरा यूनिट के दो जवान मंगलवार को कोकरनाग में तलाशी अभियान के दौरान लापता हो गए थे। आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद अहलान गडोले इलाके में अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि एक सैनिक का शव गुरुवार को मिला, जबकि दूसरे का शव शुक्रवार को मिला। उन्होंने बताया कि ऐसा लगता है कि दोनों की मौत हाइपोथर्मिया के कारण हुई। हाइपोथर्मिया एक चिकित्सीय आपातस्थिति है। यह तब होती है जब शरीर का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला जाता है।

## महाराष्ट्र में अवैध क्लिनिक चलाने वाली चार फर्जी महिला डॉक्टरों पर मामला दर्ज

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के भिवंडी शहर में बिना वैध लाइसेंस के क्लिनिक चलाने के आरोप में चार महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ जारी कार्रवाई में नगर निगम अधिकारियों और पुलिस ने 8 अक्टूबर को गायत्री नगर और गांधी नगर इलाकों में छापेमारी की और ऐसे क्लीनिक का पता लगाया जहां अयोग्य व्यक्ति मरीजों का इलाज कर रहे थे और एलोपैथिक दवाएं लिख रहे थे। पुलिस ने बताया कि भिवंडी-निजामपुर शहर नगर निगम के चिकित्सा अधिकारी डॉ मोहम्मद शोएब अंसारी की शिकायत के आधार पर सलमा बानो जनुएल शेख (40), नीलम रतन चौरसिया (39), नुसरत बानो सुफियान खान (46) और नासाद बानो मुमताज अंसारी (44) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने क्लिनिक से बड़ी मात्रा में दवाइयां, इंजेक्शन, चिकित्सा उपकरण और फर्जी प्रमाणपत्र जब्त किए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## मेडिकल छात्रा के साथ बलात्कार... दोस्त के साथ गई थी कैंपस के बाहर

### -आरोपियों के आने पर भाग गया दोस्त

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में 23 वर्षीय मेडिकल छात्रा के साथ बलात्कार का मामला सामने आया है। घटना तब हुई जब सेकंड ईयर की स्टूडेंट अपने कॉलेज कैंपस के बाहर दोस्त के साथ खाना खाने गई थी। पुलिस के अनुसार, शिकायत मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच शुरू हो चुकी है और हमारी टीमें तैनात हैं। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। पीड़ित छात्रा मूल रूप से ओडिशा निवासी है। पीड़ित छात्रा ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ कैंपस के बाहर खाना खाने गई थी, तभी कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें रोका। छात्रा ने आरोप लगाया कि उसका दोस्त मौके से भाग गया, जिसके बाद उन लोगों ने जबरदस्ती पास के जंगल में ले जाकर रेप किया। छात्रा की मां ने बताया, मेरी बेटी अपने दोस्त के कहने पर खाना खाने गई थी। तीन लोग उनका पीछा करने लगे। तभी उसका दोस्त बेटी को अकेला छोड़कर भाग गया। मेरी बेटी भी भागी, लेकिन वह अपने दोस्त को नहीं ढूंढ सकी। छात्रा की मां ने बताया, 3 लोगों ने मेरी बेटी को अकेला पाकर पास के जंगल क्षेत्र में ले गए। वहां दो और लोग उनके साथ शामिल हो गए। उनमें से एक ने अपराध को अंजाम दिया और उसका मोबाइल भी छीन लिया। बेटी को धमकी दी गई कि अगर शोर मचाया, तब जान से मार दिया जाएगा। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है और छात्रा के परिवार ने तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है।

## राजस्थान इंटेलिजेंस ने मंगत को किया गिरफ्तार, पाकिस्तान के लिए कर रहा था जासूसी

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले युवक को अलवर से गिरफ्तार किया है। युवक पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही नजर रखी जा रही थी, जिसे अब गिरफ्तार किया गया है। बता दें अलवर अतिसंवेदनशील और सामरिक दृष्टि से अहम क्षेत्र है। अलवर के गोविंदगढ़ निवासी मंगत सिंह की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं, जिसके बाद राजस्थान इंटेलिजेंस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगत सिंह को गिरफ्तार किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान इंटेलिजेंस ने अलवर के छावनी क्षेत्र में निगरानी के दौरान, गोविंदगढ़, अलवर निवासी मंगत सिंह की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। मंगत सिंह को ईशा शर्मा नाम की एक पाकिस्तानी महिला ने हनीट्रैप में फंसाया था, जिसने सहयोग के बदले उसे पैसे देने की पेशकश की थी। मंगत के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और सीआईडी इंटेलिजेंस राजस्थान ने उसे गिरफ्तार किया। बता दें पिछले दो सालों से मंगत सिंह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के हेण्डलरों के सम्पर्क में था। मंगत ऑपरेशन सिंदूर से पहले और बाद में ईशा शर्मा एक पाकिस्तानी महिला हैंडलर से संपर्क में था। ईशा शर्मा से हनीट्रैप में फंसकर और पैसे के लालच में वह सोशल मीडिया के जरिए अलवर शहर की बहुत ही अहम छावनी इलाके एवं देश के अन्य सामरिक स्थलों की महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कर रहा था।

# देश का निर्माण करना और उसे बेहतर बनाना हमारा कर्तव्य: भागवत



नागपुर (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि अपने देश का निर्माण करना और उसे बेहतर बनाना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है और इससे अंततः नागरिकों के ही हितों की रक्षा होती है। भागवत ने कहा कि अपने देश का निर्माण करना और उसे बेहतर बनाना हमारा कर्तव्य है। ऐसा करके हम अपने ही हितों की रक्षा करते हैं। जो देश अच्छा प्रदर्शन करता है, वह सुरक्षित होता है और दुनियाभर में सम्मान हासिल करता है।

आरएसएस के उदय का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि डॉ. केशव हेडगेवार ने नागपुर में संगठन की स्थापना की, क्योंकि इस शहर में पहले से ही निस्वार्थ सेवा और सामाजिक जागरूकता की भावना थी। उन्होंने कहा कि हालांकि देशभर में ऐसे लोग हैं, जो हिंदुत्व पर गर्व करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि आरएसएस जैसा संगठन केवल नागपुर में ही आकार ले सकता था। त्याग और सामाजिक प्रतिबद्धता की भावना यहां पहले से ही मौजूद थी, जिसने संघ की स्थापना में डॉ. हेडगेवार की मदद की।

भागवत ने कहा कि आरएसएस पूरे देश के लिए काम करता है। उन्होंने कहा कि नागपुर अपने स्वयंसेवकों के दिल में खास जगह रखता है, लेकिन वह किसी विशेष दर्जे का दावा नहीं करता। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने 'स्वराज्य' प्राप्त करने की दिशा में प्रयास व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि ÷ईश्वर, धर्म और राष्ट्र÷ के लिए शुरू किए थे। उन्होंने कहा कि जब शिवाजी महाराज ने स्वराज्य की स्थापना शुरू की, तो उन्होंने अपने मित्रों को अपने लिए नहीं, बल्कि एक बड़े उद्देश्य के लिए इकट्ठा किया। उनकी एकता की भावना ने लोगों को शक्ति प्रदान की। जब तक उनके आदर्शों ने समाज को प्रेरित किया, उस काल का इतिहास प्रगति और विकास को प्रतिबिंबित करता रहा।

भागवत ने कहा कि शिवाजी महाराज के दृष्टिकोण ने देशभर के शासकों और स्वतंत्रता सेनानियों को प्रभावित किया और यहां तक ??कि 1857 के विद्रोह को भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने व्यवस्थित रूप से उन प्रेरणादायक भारतीय प्रतीकों को नष्ट करने का प्रयास किया, जिन्होंने लोगों को एकजुट किया था और प्रतिरोध की भावना को मजबूत किया था। उन्होंने कहा कि हमें अपने अतीत से सीखने की जरूरत है कि कैसे लोगों ने समाज की भलाई के लिए निस्वार्थ भाव से काम किया। उन्होंने कहा कि हमारे इतिहास में भारत को शांति और समृद्धि का देश बनाने की पर्याप्त शक्ति है, जो विश्व में योगदान दे सके।

## इंडिगो विमान की विंडशील्ड में आई दरार, बड़ा हादसा टला, सभी यात्री सुरक्षित

चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई के हवाई अड्डे पर गुरुवार देर रात एक बड़ी घटना होते-होते बच गई। मदुरै से चेन्नई आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट की सामने की विंडशील्ड यानी (कॉकपिट ग्लास) में दरार पड़ आ गई। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि दरार पर लैंडिंग से ठीक पहले पायलट की नजर पड़ी। इंडिगो की यह उड़ान रात 11-12 बजे सुरक्षित रूप से लैंड हुई, जिसमें 76 यात्री सवार थे। जैसे ही पायलट ने दरार देखी उसने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचित किया। इसके बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल तुरंत सक्रिय कर दिए गए, जिससे विमान सुरक्षित रूप से रनवे पर उतारा। लैंडिंग के बाद विमान को बे नंबर 95 पर खड़ा किया गया, जहां तकनीकी टीमों ने क्षतिग्रस्त ग्लास पैनल को बदलने की तैयारी की। हालांकि, दरार के कारणों की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है।

बता दें इस घटना के कुछ घंटे पहले ही केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने प्रमुख घरेलू एयरलाइनों और विमानन अधिकारियों के साथ एक मासिक समीक्षा बैठक की थी। मंत्री ने बैठक में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए और एयरलाइनों से किरायों को उचित बनाए रखने की अपील की। उन्होंने डीजीसीए की टैरिफ मॉनिटरिंग यूनिट को किराया नियंत्रण पर सख्त निगरानी रखने का निर्देश दिया। एयरलाइनों ने बैठक में बताया कि वे त्योहारी भीड़ को देखते हुए व्यस्त रूटों पर अतिरिक्त उड़ानें जोड़ रही हैं और यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही हैं। बैठक में एयरसेवा पोर्टल पर शिकायत निवारण प्रणाली में सुधार, सतत और स्वच्छ प्रथाओं को अपनाने और प्रधानमंत्री के स्वच्छता मिशन के अनुरूप स्वच्छ हवाई अड्डों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया।

## उत्तराखंड सरकार का बड़ा फैसला... पेपर लीक पर रद्द कर की यूकेएसएसएससी परीक्षा



### -सीएम धामी बोले- किसी दोषी को नहीं बख्शा जाएगा

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड सरकार ने उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा को रद्द करने का बड़ा फैसला लिया है। यह निर्णय पेपर लीक और नकल के मामलों के सामने आने के बाद लिया गया है। राज्य सरकार ने कहा है कि परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठने के कारण यह कदम छात्रों के हित में आवश्यक था।

परीक्षा रद्द किए जाने के एक दिन पहले ही भाजपा विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सचिवालय में मुलाकात की थी। प्रतिनिधिमंडल में खजान दास, दिलीप सिंह रावत, विनोद कंडारी, बृजभूषण गैरोला, दुर्गेश्वर लाल, सुरेश चौहान, मोहन सिंह बिष्ट और रेनू बिष्ट शामिल थे। विधायकों ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा था, कि पेपर लीक और नकल की घटनाओं से छात्रों का मनोबल गिरा है, इसलिए 21 सितंबर को आयोजित परीक्षा को रद्द किया जाना चाहिए।

सरकार ने उठाया निर्णायक कदम

मुख्यमंत्री धामी ने प्रतिनिधिमंडल की सिफारिश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार को परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि सरकार योग्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय नहीं होने देगी। सीएम ने दोहराया कि परीक्षा से जुड़े पेपर लीक और नकल माफिया पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहले ही कहा था कि इस मामले की सीबीआई जांच कराई जाएगी ताकि पूरे प्रकरण की निष्पक्षता बनी रहे। उन्होंने पेपर लीक के विरोध में धरना दे रहे छात्रों से मुलाकात कर उन्हें आश्वस्त किया था कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## भारत की छवि खराब करने और कितना नीचें गिरेगी कांग्रेस : संबित पात्रा

### जयराम रमेश के दावों पर किया पलटवार



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की और उन फर्जी खबरों'' के आधार पर मोदी सरकार की रणनीतिक और विदेश नीति पर सवाल उठाए, जिसमें दावा किया गया है कि रूस पाकिस्तान को जेएफ-17 जेट इंजन की आपूर्ति कर रहा है। कुछ दिन पहले, विपक्षी पार्टी के नेता जयराम रमेश ने एक रिपोर्ट का हवाला देकर मोदी सरकार से पूछा था कि भारत का ''कभी सबसे विश्वसनीय रणनीतिक सहयोगी'' रहा रूस, चीन निर्मित जेएफ-17 लड़ाकू विमानों के इंजन की आपूर्ति करके पाकिस्तान को सैन्य सहायता क्यों ''प्रदान'' कर रहा है।

कांग्रेस नेता रमेश ने पोस्ट कर इस घटनाक्रम को प्रधानमंत्री मोदी की ''व्यक्तिगत कूटनीति'' की विफलता भी बताया था। इस पर पलटवार कर भाजपा सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि रूस द्वारा यह स्पष्ट करने से कि पाकिस्तान के साथ ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ है, कांग्रेस ''बेनकाब'' हो गई है और उन्होंने मीडिया में आई खबरों को ''फर्जी और निराधार'' बताया। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता 'रमेश ने यह दर्शाने की कोशिश की कि रूस और पाकिस्तान के बीच एक नई सहमति बनी है, जिसके तहत रूस, चीन निर्मित जेएफ-17 लड़ाकू विमानों के लिए उन्नत इंजन पाकिस्तान को मुहैया कराएगा। पात्रा ने कहा कि रूस ने पाकिस्तान के साथ इसतरह के किसी समझौते से इंकार किया है, लेकिन कुछ ''सूत्रों के हवाले से खबरों'' में कहा गया है कि कुछ ताकतें दिसंबर 2025 में होने वाले एक शिखर सम्मेलन से पहले रूस और भारत के बीच दरार पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा, चाहे जी-20 हो या कोई और बड़ा शिखर सम्मेलन, कांग्रेस ऐसे आयोजनों से पहले भारत की छवि खराब करने के लिए ऐसी स्थितियां पैदा करने की कोशिश करती है। भारत की साख कम करने के उद्देश्य से कुछ फर्जी खबरें गढ़ी जाती हैं।''

पात्रा ने आरोप लगाया कि रमेश ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के निर्देश पर ही ''फर्जी खबर'' पर अपनी टिप्पणी 'एक्स' पर पोस्ट की होगी। उन्होंने आरोप लगाया, ''राहुल गांधी विदेश जाते हैं और इस तरह की बातें ट्वीट करवाते हैं... आप माहौल बनाने और पाकिस्तान को ऑक्सीजन देने की कोशिश कर रहे हैं।'

## महाराष्ट्र सरकार का किसानों के लिए राहत पैकेज इतिहास का सबसे बड़ा मजाक : उद्धव



मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने राज्य की देवेंद्र फडणवीस सरकार द्वारा किसानों के लिए घोषित हालिया राहत पैकेज को शनिवार को इतिहास का ''सबसे बड़ा मजाक'' करार दिया। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने छत्रपति संभाजीनगर शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यदि महाराष्ट्र सरकार बाढ़ और बारिश से प्रभावित किसानों के लिए पूर्ण ऋण माफी की घोषणा करने में विफल रहती है तो किसान सड़कों पर उतरेंगे। ठाकरे ने कहा, ''महाराष्ट्र सरकार द्वारा किसानों के लिए घोषित वित्तीय सहायता इतिहास का सबसे बड़ा मजाक है।'' उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में महाराष्ट्र के दौरे पर किसानों के बारे में कुछ नहीं कहा। मोदी ने बुधवार को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया था। ठाकरे ने यह भी कहा कि भारी बहुमत के बावजूद, सरकार राज्य विधानसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त करने से डर रही है। इस सप्ताह की शुरुआत में, राज्य सरकार ने बारिश और बाढ़ के कारण भारी नुकसान झेलने वाले किसानों के लिए 31,628 करोड़ रुपये के मुआवजे के पैकेज की घोषणा की थी और कहा था कि कुल सहायता 48,000 रुपये प्रति हेक्टेयर होगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि सरकार समय आने पर ऋण माफी की घोषणा करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को हुए नुकसान पर केंद्र को सौंपने के लिए एक व्यापक ज्ञापन तैयार किया जा रहा है।

## सिद्दी समुदाय के सदस्यों से मिलीं राष्ट्रपति मुर्मू, बच्चों को पढ़ाने का किया आग्रह

### दो दिन की गुजरात यात्रा पर हैं राष्ट्रपति, शेर सफारी का लिया आनंद



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात के जूनागढ़ जिले में सिद्दी समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत की। सिद्दी समुदाय अफ्रीकी मूल का एक जनजातीय समूह है। गिर वन्यजीव अभयारण्य के सासन गांव में आयोजित कार्यक्रम में मुर्मू ने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शिक्षा प्रदान करें और प्रगति हासिल करने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

अपनी गुजरात यात्रा के दूसरे दिन राष्ट्रपति मुर्मू दोपहर बाद सासन-गिर पहुंचीं और गिर राष्ट्रीय उद्यान में शेर सफारी का आनंद लिया, जो एशियाई शेरों का एकमात्र निवास स्थान है। बाद में शाम को उन्होंने राष्ट्रीय उद्यान के मुख्यालय सासन-गिर स्थित सिंह सदन में सिद्दी समुदाय के सदस्यों से बातचीत की। सिद्दी समुदाय एक भारत-अफ्रीकी समूह है जो पूर्वी अफ्रीकियों के वंशज हैं। इन्हें दासों, सैनिकों और नाविकों के रूप में उपमहाद्वीप में लाया गया था और अब उन्हें अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता मिली है।

गुजरात में उनमें से अधिकतर लोग राष्ट्रीय उद्यान के निकटवर्ती गांवों में बसे हुए हैं। देवलिया पार्क में 'इको-टूरिज्म' गाइड के रूप में काम करने वाली सिद्दी महिला हसीना मकवाना ने राष्ट्रपति मुर्मू को बताया कि वह और उनके पति अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए कमा लेते हैं। हसीना ने राष्ट्रपति से कहा कि उन्हें हर महीने 12,000 रुपए मिलते हैं, जिससे खर्च चलता है और दो बच्चे पढ़ भी रहे हैं। उनके पति एक सिद्दी नृत्य समूह के सदस्य हैं जो पर्यटकों का मनोरंजन करता है।

हसीना ने बताया कि वह एक गाइड के रूप में पर्यटकों को जानवरों और पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में जानकारी प्रदान करती हैं। सरकारी शिक्षक अशरफ उस्मान ने मुर्मू को सिद्दी समुदाय की उत्पत्ति के बारे में बताया कि किस प्रकार सरकारी हस्तक्षेप और योजनाओं से पिछले कुछ सालों में उनके जीवन में सुधार आया है। मुर्मू ने अपनी संस्कृति को संरक्षित रखने के लिए सिद्दी समुदाय की सराहना भी की।

## कांग्रेस ने नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाली मारिया की तुलना राहुल गांधी से की

### -राजपूत ने कहा- भारत में लोकतंत्र खतरे में राहुल इन्हें बचाने की लड़ रहे लड़ाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरीना मचाडो को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया है। इसे बाद कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने उनकी तुलना राहुल गांधी से की है। राजपूत ने संकेत दिया कि जैसे मचाडो को अपने देश में लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए संघर्ष करने पर यह सम्मान मिला है, वैसे ही राहुल गांधी भी भारत में संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। राजपूत ने एक्स पर मचाडो और राहुल गांधी की तस्वीर साझा करते हुए लिखा- इस बार नोबेल शांति पुरस्कार वेनेजुएला की विपक्ष की नेता को संविधान की रक्षा के लिए दिया गया है। भारत के विपक्ष के नेता राहुल गांधी देश के संविधान को बचाने की लड़ाई का नेतृत्व कर रहे हैं।

नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने मचाडो को 'तानाशाही से लोकतंत्र में शांतिपूर्ण बदलाव' और 'लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता' के लिए यह सम्मान दिया। पिछले साल हुए चुनावों में धांधली के आरोपों के बाद मचाडो को छिपकर रहना पड़ा, फिर भी वे वेनेजुएला की विपक्ष को एकजुट रखने में सफल रहीं।

वहीं, भारत में कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी मौजूदा एनडीए सरकार के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। वे हाल के महीनों में 'वोट चोरी', बिहार में मतदाता सूची से नाम हटाने, ईवीएम हैकिंग, पिछड़े वर्गों के आरक्षण को खत्म करने की साजिश जैसे मुद्दे उठा चुके हैं। इंडिया गठबंधन के गठन के बाद समूचा विपक्ष मोदी सरकार के खिलाफ एकजुट है। विपक्ष का आरोप है कि देश में बेरोजगारी बढ़ी है, अर्थव्यवस्था कमजोर हुई है, अल्पसंख्यक और अनुसूचित वर्गों के अधिकारों से समझौता हुआ है और असहमति के स्वर दबाए जा रहे हैं। राहुल गांधी ने बार-बार कहा कि भारत में लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाएं खतरे में हैं और वे इन्हें बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## पहले सिंधु जल संधि निलंबित... अब सावलकट जलविद्युत परियोजना को मंजूरी

### -पाकिस्तान को लगेगी खूब मिर्ची

श्रीनगर (एजेंसी)। मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में चेनाब नदी पर बनने वाले 1856 मेगावॉट के सावलकट जलविद्युत परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी दे दी है। इस परियोजना को रणनीतिक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है, खासकर तब जब भारत ने पाकिस्तान के साथ इंडस वाटर ट्रीटी यानी सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। करीब चार दशक से अटकी यह परियोजना अब फिर से गति पकड़ने जा रही है। इस परियोजना को राष्ट्रीय जलविद्युत निगम (एनएचपीसी) दो चरणों में बनाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत 31,380 करोड़ रुपये है और इसके तहत चेनाब नदी के जल का उपयोग रामबन, रियासी और ऊधमपुर जिलों में होगा।

सावलकट परियोजना में 192.5 मीटर ऊंचा रोलर-कंपैक्टेड ग्रेविटी डैम बनेगा। इसके साथ ही एक अंडरग्राउंड पावरहाउस (भूमिगत विद्युत गृह) स्थापित किया जाएगा, जिसमें मशीन हॉल, टर्बाइन और जेनरेटर जैसी मुख्य इकाइयां होंगी। यह परियोजना सालाना करीब 7,534 मिलियन यूनिट बिजली उत्पन्न करने की क्षमता रखती है। एक बार शुरू होने के बाद, यह केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना होगी। इससे न केवल क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में भारी बढ़ोतरी होगी, बल्कि भारत की चेनाब नदी के जल को संग्रहित और प्रबंधित करने की क्षमता भी बढ़ेगी। ऐसा करना सिंधु जल समझौते के तहत भारत का अधिकार है, परंतु अब तक तकनीकी और कूटनीतिक कारणों से इसका पूरा उपयोग नहीं हुआ था।

1960 में साइन की गई सिंधु जल संधि के तहत तीन पूर्वी नदियां रावी, ब्यास और सतलुज भारत को दी गई थीं, जबकि तीन पश्चिमी नदियां सिंधु, झेलम और चेनाब पाकिस्तान को आवंटित की गईं। हालांकि, भारत को इन पश्चिमी नदियों के जल का सीमित उपयोग गैर-उपभोगी कार्यों जैसे रन-ऑफ-द-रिवर हाइड्रोपावर उत्पादन, नौवहन और मत्स्य पालन के लिए करने की अनुमति है। भारत ने अप्रैल 22 को पहलगाम आतंकी हमले के बाद संधि को निलंबित किया था, इसके बाद से सरकार ने पश्चिमी नदियों के जल का अधिकतम उपयोग करने की दिशा में कदम तेज किए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, परियोजना के लिए कुल 1,401.35 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी, जिसमें से 847.17 हेक्टेयर वन क्षेत्र और 554.18 हेक्टेयर गैर-वन भूमि शामिल है। परियोजना के चलते 13 गांवों के करीब 1,500 परिवारों को विस्थापित किया जाएगा। एनएचपीसी ने इसके लिए विस्तृत पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन योजना तैयार की है, जिसमें प्रभावित परिवारों को आवास, जीविकोपार्जन सहायता और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने का प्रस्ताव है। पर्यावरण मंत्रालय की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की बैठक के अनुसार, परियोजना स्थल से 10 किलोमीटर के दायरे में कोई भी राष्ट्रीय उद्यान या वन्यजीव अभयारण्य नहीं है। निकटतम संरक्षित क्षेत्र-किश्तवाड़ हाई-एल्टीट्यूड नेशनल पार्क परियोजना से करीब 62.8 किलोमीटर दूर स्थित है।

### परियोजना का इतिहास



सावलकट परियोजना का प्रस्ताव पहली बार 2016 और 2017 में पर्यावरण मंत्रालय के समक्ष रखा गया था, लेकिन वन स्वीकृति और पुनर्वास से जुड़ी जटिलताओं के कारण इसे मंजूरी नहीं मिल सकी। बाद में 3 जनवरी 2021 को जम्मू-कश्मीर पावर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन और एनएसपीसी के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके बाद परियोजना को दोबारा आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हुई।